बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 2, अंक 270, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज 16

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म 2


# सड़क हादसे में मां-बेटे, मौसी की मौत

कार्यालय संवाददाता, सरसौल (कानपुर)

- महाराजपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार



**अमृत विचार :** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर से फतेहपुर की ओर जा रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे और मौसी की मौत हो गई, बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कर्नलगंज थानाक्षेत्र के ईदगाह कालोनी निवासी मोहम्मद कादरी तौहीद (50) दिल्ली में आईटीआई कर रहे बेटे अदनान उर्फ अब्दुल रहमान (19) और पत्नी नूर फातिमा (33) के साथ दिल्ली में रहते थे। वह ट्रैवेल्स का काम करते थे। रविवार को मोहम्मद कादरी तौहीद के साले मुज्जसिर का परेड स्थित राजा गैलेक्सी से वलीमा था। दिल्ली से कार से कादरी तौहीद, बेटा अदनान, पत्नी नूर फातिमा व मुंबई निवासी साली रीना और उसकी बेटी अमायरा (5) शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह पांचों अर्टिगा कार से ददिहाल जिला फतेहपुर के गांव खैरई जा रहे थे। महाराजपुर थाना क्षेत्र की पुरमावीर चौकी क्षेत्र में स्थित विराट ढाबा के पास उनकी तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे अदनान, मां नूर फातिमा और मौसी रीना की मौके पर ही मौत हो गई। कादरी तौहीद और अमायरा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलट रेफर कर दिया गया। महाराजपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार भाटी ने बताया कि हादसे का कारण कार चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

# हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति की मौत

- विदेश मंत्री सहित कई अन्य के शव भी मिले
- अजरबैजान में हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

दुबई, एजेंसी



दुर्घटनास्थल पर पहुंचे बचाव दल के कर्मचारी। ● एजेंसी

ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम की वजह से हुए हेलीकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए । देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इब्राहिम रईसी की मौत के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। रईसी हादसे के समय ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। हादसे में रईसी के साथ मिले शवों में ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन (60) का शव भी शामिल है।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। ईरान द्वारा रईसी के निधन की पुष्टि किए जाने के बाद कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, दुनिया भर से शोक संदेश आने शुरू हो गए। पाकिस्तान ने रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है ।वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश दुख की इस घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है। मिस्र और जॉर्डन के नेताओं ने भी रईसी के निधन पर शोक जताया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल अशद ने भी ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा कि वह और उनकी सरकार हादसे से गहरे सदमे में हैं।

## उपराष्ट्रपति मोखबर बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

### भारत में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया कि रईसी व अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई मंगलवार को राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन गतिविधि नहीं होगी।

## एक नजर

### नए क्रिमिनल कानूनों के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले तीन नए कानूनों को लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता एवं वकील विशाल तिवारी को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने यह कहा कि याचिका बहुत ही अनौपचारिक और अशिष्ट तरीके से दायर की गई है। अगर आप और बहस करते तो हम जुर्माना लगाने के साथ इसे खारिज कर देते।

### राजस्थान में 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने 10 दवाओं के नमूने मानक के विपरीत पाए जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। कारपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि अग्रोन रेमेडीज को कफ सिरप एवं क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप, अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, एएनजी लाइफ को आर्टसुनेट इंजेक्शन, लिनस लाइफ केयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप, मैक्सवेल लाइफ साइंसेज को सालब्यूटामॉल सिरप की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है।

# 14 सीटों पर लगभग 58% वोटिंग

## पांचवां चरण : सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10% व सबसे कम लखनऊ 52.23% वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मतदान के बाद अमिट स्याही दिखाते केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, कौशल किशोर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर 52.45 प्रतिशत मतदान
- दोपहर में धीमा रहा मतदान, कई जगह ईवीएम में खराबी

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10 प्रतिशत व सबसे कम लखनऊ 52.23 प्रतिशत मतदान रहा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के उप चुनाव में 52.45 प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में मतदान धीमा रहा, शाम के वक्त लोगों ने मतदान में ज्यादा रुचि दिखाई। कई मतदान केंद्रों पर खराबी की शिकायत पर ईवीएम बदलकर मतदान कराया गया। छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत मतदान 57.98 प्रतिशत हुआ। इसमें मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40, जालौन (अजा) 56.15, झांसी में 63.70, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64, फतेहपुर में 57.05, कौशाम्बी (अजा) 52.79 प्रतिशत, फैजाबाद 59.10, कैसरगंज 55.68 व गोंडा सीट पर 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

### कई मंत्रियों समेत राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद

पांचवें चरण के मतदान के बाद पांच केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। लखनऊ सीट पर राजनाथ सिंह का मुकाबला सपा प्रत्याशी रविदास मेहरात्रा से रहा। मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के मुकाबले में सपा से आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार रहे। अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी व किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से रहा।

### एटा में एक बूथ पर 25 मई को पुनर्मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले में आने वाले एक बूथ पर फर्जी मतदान की शिकायत पर 25 मई को वहां पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया है। फर्रुखाबाद लोस सीट पर एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान का वीडियो वायरल हुआ था।

### सौ प्रतिशत मतदान कर ललितपुर ने रचा इतिहास

**लखनऊ।** शहरों में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं वहीं, झांसी-ललितपुर के गांवों के लोंगों ने शत-प्रतिशत मतदान कर इतिहास बना दिया। तीन बूथों पर सौ प्रतिशत वोटिंग कर रिकॉर्ड कायम किया है। माना जा रहा है कि देश का पहला मामला है, जहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां कुल 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। ग्राम सौल्दा के बूथ संख्या 277 पर पुरुष 198 और महिला 177 मिलाकर कुल 375 मतदाताओं ने वोट डाले। ग्राम बम्हौरा नागल के बूथ संख्या 355 पर पुरुष 235 और महिला 206 मिलाकर कुल 441 मतदताओं ने वोटिंग की। जबकि, ग्राम बुदनी नाराहट के बूथ संख्या 195 पर पुरुष 116 और महिला 99 कुल 215 मतदाताओं ने शत-प्रतिशत वोट किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों के अथक प्रयास के चलते ही यह संभव हो सका। आखिरी मतदाता को वोट के लिए बंगलुरु से बुलवा लिया गया। ललितपुर डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बंगलुरु से भोपाल तक का 18 हजार रुपये का टिकट बनवाया गया। फिर उस व्यक्ति को भोपाल से सरकारी गाड़ी द्वारा बूथ तक लाकर वोट डलवाया गया।

# छत्तीसगढ़ : घाटी में गिरा वाहन, 18 की मौत

कवर्धा, एजेंसी

- पिकअप से तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण, 4 घायल, मृतकों में 17 महिलाएं और एक पुरुष

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन (पिकअप) के घाटी में गिरने से 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाहपानी गांव के करीब दोपहर बाद लगभग 1:45 बजे वाहन के बंजारी घाट में गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 17 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुई गांव के रहने वाले ग्रामीण तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल गए थे और वे जब पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे तभी बाहपानी गांव के करीब वाहन बंजारी घाटी में गिर गया।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन पहले सड़क से नीचे गिरा और घाटी के निचले हिस्से में बनी सड़क से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को मौके पर भेजा गया तथा बचाव कार्य शुरू किया गया। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि दुर्घटना में 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पल्लव ने बताया कि अस्पताल में पांच अन्य महिलाओं की मौत हो गई। तीन महिलाओं समेत अन्य चार घायलों को इलाज के लिए बेहतर सुविधा वाले अस्पतालों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने व्यक्त किया शोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# अहमदाबाद से आईएस के चार आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- चारों श्रीलंका के रहने वाले हैं गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई
- भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे

गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि श्रीलंका के ये नागरिक भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।

खुफिया सूचना पर एटीएस ने रविवार रात को सरदार वल्लभाई पटेल हवाई अड्डे पर इन आतंकवादियों को पकड़ा। ये श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से चेन्नई होते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे।

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि एटीएस की टीम ने आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल फोन में मिली जानकारी और तस्वीरों के आधार पर नाना चिलोडा इलाके से पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल और 20 कारतूस भी बरामद किए हैं। डीजीपी के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नफरान और मोहम्मद रासदीन के रूप में की गई है।

# माओवादियों से मुठभेड़ में एक जवान घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के एक सदस्य को सोमवार को नौपाड़ा जिले में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई। एडीजी (ऑपरेशन) देवदत्त सिंह ने बताया कि यह घटना सुबह करीब तीन बजे की है जब एसओजी के जवानों की ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर शिवनारायणपुर के पास सुनाबेड़ा जंगल में माओवादियों से मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के दौरान एसओजी के एक जवान को गोली लगी और बाद में उसे इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया। सिंह ने कहा कि तलाशी में 10 आईईडी, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

# गैंगरेप के बाद बच्ची को जिंदा जलाने के दोषियों को मृत्युदंड

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड दिया।

विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने बताया कि इस मामले में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले दो दोषियों कालू व कान्हा को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और फिर उसे जिंदा ही भट्टी में जलाने को अदालत ने 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मानते हुए दोनों दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया था और सोमवार को सुनाई। अदालत ने इस मामले में साक्ष्य मिटाने के आरोपी 7 व्यक्तियों को बरी कर दिया था। इनमें तीन महिलाएं व चार पुरुष हैं। किशनावत ने कहा कि इन्हें बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।

पीड़िता की मां ने कहा कि न्याय हुआ है और वह दोषियों को दी गई सजा से संतुष्ट हैं।

# कैंटीन में उतरा करंट, सुबह फ्रीजर में चिपके मिले चाचा और भतीजे के शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



दीपक



धीरज

- फूलबेहड़ के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्ठी के बगल की घटना

> मृतक आपस में चाचा-भतीजे थे और कैंटीन चलाते थे। दोनों की करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। कैंटीन में शटर-फ्रीजर में करंट उतरा हुआ था। घटना की जांच कराई जा रही है। - **आलोक धीमान**, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़

**अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्ठी के बगल स्थित एक कैंटीन के शटर और फ्रीजर में उतरे करंट से बेहजम निवासी चाचा और भतीजे की मौत हो गई। यह घटना रविवार आधी रात बाद की है। सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने दोनों के शव फ्रीजर से चिपके फर्श पर पड़े देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरी कैंटीन में करंट दौड़ रहा था। बिजली कटवाने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना नीमगांव के कस्बा बेहजम निवासी दीपक (30), उसका चचेरा भाई विमल और साढ़ू रोहित थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के सुंदरवल चौराहा पर शराब भट्ठी के बगल में साझे में कैंटीन चलाते थे। बताते हैं कि रविवार को दिन में दीपक का भतीजा धीरज कैंटीन पर आ गया था। इस वजह से विमल देर शाम घर चला गया। सोमवार सुबह जब लोग सुबह घूमने के लिए निकले तो देखा कि कैंटीन का आधा शटर खुला हुआ था। ग्रामीणों ने जब झांककर देखा तो अंदर दीपक व उसके भतीजे धीरज (19) के शव फ्रीजर से चिपककर फर्श तक पड़े हुए थे। लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान, सुंदरवल चौकी प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे।

# एम्स की एमडी परीक्षा नकल का भंडाफोड़

ब्यूरो, देहरादून

- एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर्स समेत पांच गिरफ्तार
- एक परीक्षार्थी को उत्तीर्ण कराने को वसूले 50 लाख

**अमृत विचार :** पुलिस व एसओजी ने ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा में अन्य प्रांतों के परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने का भंडाफोड़ किया है। एम्स ऋषिकेश के दो डाक्टर्स समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग ऋषिकेश से टेलीग्राम के माध्यम से हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को नकल करा रहे थे। इनके पास से तीन टेबलेट, तीन मोबाइल फोन, मेडिकल की दो किताबें बरामद हुई हैं।

रविवार को हुई एम्स की एमडी परीक्षा में नकल माफिया के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ऋषिकेश पुलिस व एसओजी देहात की संयुक्त टीम को छानबीन के लिए लगाया था। टीम ने एक सूचना पर बैराज रोड पर दबिश देकर टाटा सफारी वाहन को पकड़ा जिसमें पांच लोग सवार थे जो एमडी परीक्षा में हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर उपलब्ध करा रहे थे। इनमें जींद हरियाणा निवासी अजीत, विकास कॉलोनी रोहतक निवासी अमन शिवाच, पटियाला के सनौरी निवासी वैभव कश्यप, हिसार के पटेलनगर निवासी विजुल गौरा व डिफेंस कॉलोनी हिसार निवासी जयंत शामिल हैं।

ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि अजीत मुख्य आरोपी है, जबकि वैभव कश्यप व अमन शिवाच एम्स में डॉक्टर हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली ऋषिकेश में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रत्येक अभ्यर्थी को एमडी परीक्षा में पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए गए थे। दोनों डॉक्टरों को प्रश्नों को हल करने के एवज में दो-दो लाख रुपये दिए गए थे।

# चारधाम यात्रा : 31 तक स्थगित किए गए ऑफलाइन पंजीकरण

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों में चारधाम यात्रा का विश्लेषण किया जाए, देखा जाए कहां कमी रही। यह भी देखा जाए कि यात्रा के दौरान कौन से सराहनीय कार्य किए गए। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन को साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को राज्य के अन्य धार्मिक और पौराणिक स्थलों पर जाने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

# कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाला बीएचयू का शोध गलत

नई दिल्ली, एजेंसी




- बीएचयू के अध्ययन का आईसीएमआर ने किया खंडन
- कहा-अध्ययन से हटाया जाए आईसीएमआर का नाम

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड टीका कोवैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गए और इनकी प्रतियां सोमवार को यहां उपलब्ध कराई गईं। बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर द्वारा भेजे गए पत्रों के अनुसार टीकाकरण और गैर-टीकाकरण वाले समूहों के बीच घटनाओं की तुलना करने के लिए अध्ययन में गैर-टीकाकरण वाले व्यक्तियों का कोई उल्लेख नहीं है। इसलिए, अध्ययन में बताई गई घटनाओं को कोविड टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है।

### कोवैक्सीन को लेकर जताई गई थी चिंता

हाल ही में किशोरों और वयस्कों में बीबीवीएल 52 कोरोना वायरस वैक्सीन का दीर्घकालिक सुरक्षा विश्लेषण : उत्तर भारत में एक वर्ष के संभावित अध्ययन से निष्कर्ष नामक शोध पत्र के प्रकाशन के बाद कोवैक्सीन टीके को लेकर सुरक्षा पर चिंताएं जताई गई हैं। डॉ. बहल ने कहा है कि आईसीएमआर को बिना किसी पूर्व अनुमोदन या आईसीएमआर को सूचित किए बिना अनुसंधान में शामिल किया गया था, जो अनुचित और अस्वीकार्य है।उन्होंने कहा कि आईसीएमआर को इस असंगत अध्ययन से संबद्ध नहीं किया जा सकता है।

# केकेआर और सनराइजर्स आजमाएंगे दम

## लीग के पहले क्वालीफायर मैच में दोनों टीमों की ओर से रनों का अंबार लगने की उम्मीद

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिये अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।



- केकेआर प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम, सनराइजर्स ने पंजाब को हराकर दूसरा स्थान पाया
- लीग के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को बारिश से अच्छा खासा ब्रेक मिला

बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरूआत दी है।

मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा। केकेआर के लिये नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है। कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है।

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है।

हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आये हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है । छह में से चार बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम कामयाब रही है। केकेआर के पास मिचेल स्टार्क की अगुवाई में तेज गेंदबाजों के साथ बेहतरीन स्पिनर हैं तो सनराइजर्स की गेंदबाजी की अगुवाई कप्तान पैट कमिंस कर रहे हैं। इस सत्र में उनके पिछले मैच में केकेआर ने सनराइजर्स को चार रन से हराया था ।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर ।

### सनराइजर्स हैदराबाद

अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन , एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स , राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

### आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

शाम 7:30 बजे

# क्रिकेट छोड़ने का मन बना रहे थे स्वप्निल

**बेंगलुरु।** बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने आईपीएल की पिछली नीलामी के शुरुआती दौर में अपनी बोली नहीं लगने के बाद खेल को अलविदा करने की योजना बना रहे थे लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उन्हें टीम में शामिल कर लिया।

18 साल के घरेलू क्रिकेट करियर में स्वप्निल ने बड़ौदा और उत्तराखंड की टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। आईपीएल में वह आरसीबी से पहले किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और लखनऊ सुपरजायंट्स का हिस्सा रह चुके हैं। स्वप्निल ने आरसीबी बोल्ड डायरिज से कहा कि आईपीएल नीलामी के दिन मैं एक मैच के लिए धर्मशाला जा रहा था। जब मैं वहां पहुंचा तब शाम के सात-आठ बज रहे थे। तब तक नीलामी का आखिरी दौर चल रहा था, मुझे लगा कि मेरे लिए चीजें खत्म हो गयी है। मैंने सोचा था कि मैं मौजूदा घरेलू सत्र में खेलूंगा और अगर जरूरत पड़ी तो अगला सत्र खेलने के बाद करियर खत्म कर दूंगा क्योंकि मैं पूरी ज़िंदगी खेलना नहीं चाहता था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2006 में पदार्पण करने वाले स्वप्निल को आरसीबी ने 20 लाख रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि जैसे ही मेरे परिवार ने फोन किया, हम भावनाओं पर काबू नहीं रख पाये क्योंकि कोई और नहीं समझ सकता कि हमारी यात्रा कितनी भावनात्मक रही है।



# विश्व पैरा चैंपियनशिप में रिकॉर्ड के साथ दीप्ति ने जीता स्वर्ण

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी-20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरी रहीं जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे रहीं। दीप्ति ने



रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी-20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं।

# भारत ने एशियाई रिले में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण जीता। हालांकि भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही।

मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 14.12 सेकेंड के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय टीम रेस के चारों चरण में बढ़त बनाए हुए थी। श्रीलंका की टीम तीन मिनट 17सेकेंड के साथ दूसरी जबकि वियतनाम की टीम ने तीन मिनट 18.45 सेकेंड के साथ तीसरी रही।



- मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में रही नाकाम

ये भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इससे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह भारत के लिए मुश्किल हो गई है क्योंकि पेरिस में मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में सिर्फ 16 टीम हिस्सा लेंगी। बहामास के नसाऊ में विश्व एथलेटिक्स रिले से पहले ही 14 चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब 30 जून की समयसीमा तक देशों के सर्वश्रेष्ठ समय के आधार पर सिर्फ दो स्थान भरे जाने हैं। चेक गणराज्य (3 मिनट 11.98) और इटली (3 मिनट 13.56 सेकेंड) रोड डू पेरिस सूची में अभी क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं। इससे पहले ही शीर्ष 14 टीम विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान ओलंपिक का टिकट कटा चुकी हैं जहां भारतीय टीम क्वालीफाई करने में नाकाम रही। भारत का लक्ष्य तीन मिनट 13.56 सेकेंड से बेहतर प्रदर्शन करना था जिससे कि वह 16वें स्थान पर आ जाए लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ 30 जून से पहले टीम को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भेजने पर विचार कर सकता है।

## खेल डायरी

### नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर

**जिनेवा।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं । दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7 . 6, 6 .3 से हराया। नागल ने हार के बाद ट्वीट



किया कि आज की हार से निराश हूं। लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई । अगला लक्ष्य पेरिस ।

### पूर्वोत्तर में क्रिकेट अकादमी की रखी आधारशिला


**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्यों के उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने छह राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमियों की आधारशिला रखी। क्रिकेट अकादमी अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करेंगी। यह अकादमी शिलांग, ईटानगर, कोहिमा, आइजोल, इंफाल और गंगटोक में स्थित होंगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, पूर्वोत्तर में इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मानसून के दौरान प्रशिक्षण के लिए कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई या अहमदाबाद की यात्रा करनी पड़ती थी।

### खेल या शिक्षा, अनुशासन जरूरी: गोपीचंद

**पटना।** खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने छात्रों से कहा, खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं। दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। समय के साथ इसमें मार्गदर्शक की जरूरत जुड़ गई है। शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग दी जाती है तब छात्र प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है।

### इंडियन ओपन सर्फिंग 31 मई से

**मेंगलुरू।** इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों में पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने बतसश्स कि इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।



# खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू



### मलेशिया मास्टर्स

**कुआलालम्पुर, एजेंसी**

ब्रेक से लौटी पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर अपना मनोबल बढ़ाने के इरादे से उतरेगी। सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है।

ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं। वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं।

सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

# पाकिस्तान को इंग्लैंड महिला टीम ने 34 रन से हराया

**लीड्स, एजेंसी**

- तीन मैचों की शृंखला इंग्लैंड की टीम ने 3-0 से जीती

डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 34 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है।

177 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने पहले विकेट लिए 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) का पहला विकेट गिरा। अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) पवेलियन लौट गई। सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) 10वें और 11वें ओवर में गिरने से पाकिस्तानी टीम बैकफुट पर आ गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं। पाकिस्तान की टीम चार विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 34 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन, लॉरेन फ़िलर, सोफी एक्लेस्टोन और डेनिएल गिब्सन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट लिए। खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने निर्धारि 20 ओवरों में 176 रन का स्कोर खड़ा किया।

## बॉलीवुड हलचल

# यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम और उनके पति फिल्मकार आदित्य धर माता-पिता बन गये है। यामी गौतम और आदित्य धर ने सोशल मीडिया पर एक साथ पेरेंट्स बनने की खबर शेयर की है। बेटे होने की अनाउंसमेंट के साथ ही उन्होंने बेटे का नाम भी बताया है। यामी और आदित्य ने बेटे का नाम 'वेदाविद' रखा है, जिसका मतलब होता है वेदों को जानने वाला। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, हम सूर्या अस्पताल के बेस्ट डॉक्टर्स, खासकर डॉ. भूपेन्द्र अवस्थी और डॉ. रंजना धनु के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिनकी स्पेशलाइजेशन और कोशिशों ने इस खुशी के अवसर को संभव बनाया। हम माता-पिता बनने की इस खूबसूरत जर्नी पर निकल रहे हैं, हम उत्सुकता से अपने बेटे 'वेदाविद' के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हम इस समय आशा और विश्वास से भरे हुए हैं कि वह हमारे पूरे परिवार और राष्ट्र का भी गौरव बनेगा।





# अगस्त में शुरू होगी जू. एनटीआर की फिल्म एनटीआरनील

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर की आने वाली फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर, केजीएफ सीरीज़ और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक प्रशांत नील के साथ काम करेंगे। फिल्म, जिसका अस्थायी नाम एनटीआरनील है, की घोषणा बहुत पहले की गई थी। निर्देशक प्रशांत नील, माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स की अगली एक्शन महाकाव्य फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर निर्माताओं ने शूट अपडेट की घोषणा की। निर्माताओ ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैन ऑफ मासेस को जन्मदिन की शुभकामनाएं -टीम एनटीआरनील। एक पावरहाउस प्रोजेक्ट के लिए खुद को तैयार करें।




## पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में होंगी 32 टीमें, एक देश अधिकतम रख सकता है दो टीम

# बालाजी या युकी किससे जोड़ी बनाएंगे रोहन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) से उसे मंजूरी मिलना तय है।

विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरूष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है। क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिये। फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति



उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जायेगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जायेगा।

बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।

### हमेशा विवादों से घिरा रहा है भारतीय टेनिस

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है। 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था। इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिये उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था। एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है। एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा। बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कतार में खड़ीं मुस्लिम महिलाएं। अमृत विचार


पुखरायां क्षेत्र में मतदान के लिए महिलाओं की लंबी कतार लगी रही। अमृत विचार


पुखरायां में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

## यूं चला मतदान

| | |
|---|---|
| **सुबह 7 से 9 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 17.68 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 12.25 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 0 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 15.15 |
| **सुबह 9 से 11 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 32.52 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 27.05 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 0 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 29.97 |
| **सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 42.85 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 40.34 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 0 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 41.68 |
| **दोपहर 1 से 3 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 49.76 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 47.12 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 18.75 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 48.53 |
| **दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 57.28 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 55.24 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 25 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 56.33 |
| **शाम 5 से 6 बजे तक** | |
| भोगनीपुर में पुरुष मतदान | 59.65 प्रतिशत |
| भोगनीपुर में महिला मतदान | 57.37 |
| भोगनीपुर में थर्ड जेंडर मतदान | 25 |
| भोगनीपुर में कुल मतदान | 58.59 |

# 44 डिग्री तापमान के बीच 58.59 फीसदी मतदान

### वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 59.90 फीसदी हुआ था मतदान, जालौन-गरौठा संसदीय सीट में शामिल है जनपद का भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में जालौन-गरौठा संसदीय क्षेत्र से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में सोमवार को वोट डाले गए। तेज धूप व गर्मी के बावजूद मतदाताओं का जोश देखने लायक रहा। 44 डिग्री तापमान के बीच 58.59 मतदाताओं ने मतदान किया, जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भोगनीपुर विधानसभा में 59.90 फीसदी वोट पड़े थे।

सोमवार को सूरज ने सुबह से ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे, लेकिन बूथों पर मतदाताओं का हौसला नहीं तोड़ सकीं। युवा और महिलाओं में खासा उत्साह रहा। बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। दोपहर में चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों के बीच मतदान की रफ्तार कुछ धीमी हुई, लेकिन धूप का असर कम होते ही फिर से मतदान में तेजी आ गई। चिलचिलाती धूप व गर्मी की वजह से मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई जा रही थी। जिसका असर भी देखने को मिला और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल हुए 59.90 फीसदी मतदान से करीब 1.30 प्रतिशत मतदान कम हुआ। अंतिम आंकड़ों के मुताबिक भोगनीपुर विधानसभा में 58.59 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति फोर्स के साथ मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जांचते रहे। जोनल मजिस्ट्रेट रामबचन राम ने बिबियापुर, शेरपुर, बम्हरौली घाट, भरतौली, नयापुरवा, सराय, गौर, मूसानगर के बूथों का निरीक्षण किया।


वोटर पर्ची दिखाते मतदान की कतार में खड़े मतदाता। अमृत विचार


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जोनल मजिस्ट्रेट रामबचन राम। अमृत विचार


दिव्यांग को व्हीलचेयर से ले जाते लोग।

## दिव्यांग मतदान केंद्र में छांव का इंतजाम नहीं, धूप में खड़े रहे मतदाता

**मूसानगर।** गर्मी के चलते लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया, पानी, प्रकाश आदि के इंतजाम करने के निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए थे। इसके बावजूद दिव्यांग मतदान केंद्र पंचायत भवन फतेहपुर के बूथ संख्या 301 पर पर्याप्त छाया की व्यवस्था नहीं रही। जिसके चलते मतदाताओं की एक कतार चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में ही खड़ी रही। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने व्यवस्था दुरस्त करना मुनासिब नहीं समझा।


छाया का इंतजाम न होने से फतेहपुर पंचायत भवन बूथ पर धूप में खड़े मतदाता। अमृत विचार

### कहीं बिजली तो कहीं मशीन बंद होने से थमी रफ्तार

**पुखरायां।** सोमवार को भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई जगहों पर ईवीएम खराबी की समस्या से मतदान प्रक्रिया कुछ देर के लिए बाधित रही। अहरौली शेख में ईवीएम खराब होने के कारण करीब 20 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। ईवीएम बदलने के बाद दोबारा मतदान शुरू हो सका। इसी तरह हरदुआ के बूथ नंबर 111 मशीन बंद होने के कारण कुछ देर लिएमतदान बाधित रहा। वहीं भोगनीपुर के उमारिया में सुबह नौ बजे तक मतदान नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में चार दिन से लाइट नहीं आ रही है। विद्युत विभाग ने तार काट दिए थे। वहीं अवर अभियंता ने बताया कि बिजली बिल बाकी होने के चलते विद्युत लाइन काटी गई थी। नौ बजे के बाद जगदीशपुर में बने मतदान केंद्र पर जाकर ग्रामीणों ने मतदान किया।

### अकबरपुर डिग्री कालेज में देर रात जमा होती रहीं ईवीएम

**कानपुर देहात।** सोमवार को मतदान समाप्त होने के बाद भोगनीपुर विधानसभा की ईवीएम जमा कराने का काम अकबरपुर डिग्री कालेज में शुरू हुआ। मतदान समाप्त होने के बाद जल्दबाजी के चक्कर में बड़ी संख्या में मतदान कार्मिक अभिलेख पूरे नहीं लाए। ऐसे में उनको अभिलेख पूरे करने के लिए कहा गया। जिसपर उन्होंने परिसर में बैठकर कागजात दुरस्त किए। बसों व अन्य वाहनों की वजह से अकबरपुर अंडरपास चौराहा से माती रोड पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति रही। देर रात तक ईवीएम जमा करने का सिलसिला चलता रहा। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट ईवीएम जमा कराने के लिए देर रात तक डटे रहे।

## युवाओं में दिखा वोट की चोट करने का उत्साह

**मूसानगर।** जालौन-गरौठा लोकसभा सीट से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में हुए मतदान को लेकर मतदान बूथों पर यूथ का उत्साह खासा देखने को मिला। युवा मतदान को लेकर उत्साह से लबरेज नजर आए। उन्होंने न केवल खुद मतदान किया। बल्कि अपने परिवार के बडे-बुजुर्गों को बूथ तक लाने में अहम भूमिका भी निभाई। सोमवार को 44 डिग्री तापमान के मौसम में भी सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक 18 से 22 वर्ग के युवाओं में अपने मताधिकार को लेकर काफी जोश दिखा। वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटर उत्साह से लबरेज दिखे और मतदान का खुशी साझा की।

### बोले युवा


पहली बार वोट डालकर काफी खुशी हुई है। गर्मी के बावजूद परिवार के साथ मतदान बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को जिम्मेदारी के साथ शामिल होना चाहिए।
–प्रिया वर्मा


परिवार के लोगों को वोट डालने जाते देखकर खुद भी जाने की इच्छा होती थी, जो सोमवार को पूरी हुई। आयु पूरी होने के बाद सोमवार को पहली बार वोट डालकर काफी खुशी महसूस हुई।
–काजल


पहली बार वोट डालने को लेकर उत्साह था। सुबह ही बूथ पर पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान प्रक्रिया से रूबरू होने का अवसर मिला। मतदान करके बेहद खुशी महसूस हो रही है। अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया है।
–गुंजन


बचपन से ही वोट डालने को लेकर काफी उत्सुकता थी और वोट डालने का भी मन करता था। जात–पात को नजर अंदाज करते हुए विकास के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए पहली बार वोट डाला है।
–मोहम्मद शाहजेब


वोट डालकर आते 105 वर्षीय रामसेवक।


वोट डालकर आती 80 वर्षीय सोनी।


86 वर्षीय रामनारायण ने भी वोट डाला।


वोट डालने जाती 85 वर्षीय चिकनी देवी।

## 105 साल के रामसेवक यादव ने किया मतदान

**पुखरायां।** मतदान को लेकर बुजुर्गों में भी जोश दिखा। अमरौधा क्षेत्र के 105 वर्षीय बुजुर्ग रामसेवक यादव ने चिलचिलाती धूप व गर्मी के बीच बूथ जाकर मतदान किया। इसी तरह 80 वर्षीय सोनी लाठी के सहारे नयापुरवा प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर पहुंची और वोट डाला। गर्मी के बीच सिर में अंगौछा लपेट कर 86 वर्षीय रामनारायण तिवारी प्राथमिक विद्यालय जरसेन के बूथ संख्या 308 पहुंचे और उत्साह से मतदान किया। आंखों से कम दिखाई देने के बावजूद 85 वर्षीय चिकनी देवी सहाबापुर बूथ पर पहुंची और वोट डाला।

### मतदान केंद्रों में उत्साह, सड़कों पर दिखा सन्नाटा

**कानपुर देहात।** सोमवार को मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। लेकिन तेज धूप व गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। जिसके चलते सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। जिला प्रशासन ने मतदान केंद्र के दो सौ मीटर के दायरे में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई थी, लेकिन मुख्य सड़कों व अन्य स्थानों पर कोई रोक नहीं थी। इसके बावजूद बाजार भी पूरी तरह से बंद रहे। चिलचिलाती धूप में हर प्रमुख चौराहों और सड़कों पर सन्नाटा ही नजर आया।



### मूसानगर पंचायत अध्यक्ष ने पति के साथ किया मतदान

**मूसानगर।** नगर पंचायत की अध्यक्ष पूजा निषाद ने सोमवार को अपने पति विनोद निषाद के साथ जालौन–गरौठा लोकसभा के दुरौली बूथ संख्या 286 में पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने सभी लोगों से शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र के लिए जरूरी बताया।

## कंट्रोल रूम पहुंचे मंडलायुक्त

**कानपुर देहात।** जालौन-गरौठा लोकसभा से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर जनपद स्तर पर बने कंट्रोल रूम के माध्यम से अधिकारी पल-पल की अपडेट लेते रहे। जहां किसी प्रकार की समस्या संज्ञान में आई, उसका तत्काल निस्तारण कराया गया। इस दौरान मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कंट्रोल रूम में शिकायतों के हल की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुरभि शर्मा मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते मंडलायुक्त अमित गुप्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### नहाते समय युवक की गंगा में डूबकर मौत

**रूरा/शिवराजपुर।** सोमवार को खेरेश्वर घाट में अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के जगनपुर गांव से दोस्त विनय तिवारी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शिवकुमार पांडेय का 28 वर्षीय पुत्र रामजी पाण्डेय शिवराजपुर के खेरेश्वर गंगा घाट गया हुआ था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद वह गंगा स्नान करने चला गया। स्नान के दौरान वह गहराई में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। एसओ सुबोध कुमार ने बताया परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


झोपड़ी में लगी आग बुझाते लोग। अमृत विचार

### आग से गृहस्थी जली, लोगों ने भाग कर बचाई जान

**राजपुर।** सट्टी थाना क्षेत्र के दिवैर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और विकराल रूप ले लिया। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घर के अंदर सो रहे लोगों ने भाग कर जान बचाई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र दिवैर गांव निवासी कल्लू उर्फ रामाधार ने बताया कि वह अपनी झोपड़ी में प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी घर के पीछे खड़े खरपतवार में अचानक आग लग गई। लपटों ने पास में रखी अरहर की लकड़ी को अपनी चपेट में लिया। तेज हवा के चलने से चिंगारी कल्लू उर्फ रामाधार की झोपड़ी तक पहुंच गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण दौड़े और सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बाल्टी व निजी सबमर्सिबल से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा बिस्तर, चारपाई, कपड़े, कुर्ता में रखे पांच हजार रुपये समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित मजदूरी करके परिवार का भरण–पोषण करता है। एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश सिंह ने बताया कि राजस्व टीम को भेजकर रिपोर्ट मांगी है। क्षति का आंकलन कर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, काफी देर पड़ा रहा शव

**रनियां।** रायपुर तिराहे के पास रविवार की देर शाम डिवाइडर के पास युवक का घायल अवस्था में शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक ने रायपुर डिवाइडर से सटा हुआ पड़ा था। उसकी उम्र 45 वर्ष थी। डिवाडर के पास से लोगों का आवागमन हो रहा था। अचानक बाजार सब्जी लेने जा रहे लोगों की नजर घायल युवक के ऊपर पड़ी। युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक को शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। दरोगा सूरजपाल ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि अभी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।




**बदली व्यवस्था** — 15 मिनट की सभा में हर रोज होगी अलग प्रार्थना, महानिदेशक की ओर से जारी किया गया निर्देश

# परिषदीय स्कूलों में छात्र करेंगे ध्यान योग और बनेंगे निरोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** स्टूडेंट्स की प्रतिभा निखारने और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए परिषदीय विद्यालयों में अब रोज ध्यान और मेडिटेशन कराया जाएगा। हर दिन प्रार्थना के साथ ही अलग-अलग एक्टिविटीज करवाई जाएंगी। इसका पूरा खाका परिषदीय विद्यालयों को भेजा गया है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सत्र 2024-25 के लिए एकेडमिक कैलेंडर और सामान्य निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि रोज शिक्षण कार्य शुरू होने से पहले 15 मिनट प्रार्थना सभा कराई जाए। सोमवार को शक्ति हमें दो दयानिधे, मंगलवार को दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना, बुधवार को ऐ मालिक तेरे बंदे हम, गुरुवार को सुबह सवेरे तेरा नाम प्रभु, शुक्रवार को हर देश में तू हर भेष में तू और शनिवार को इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना करवाई जाएगी। इसके अलावा प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान कराया जाएगा। बाद में पांच से सात मिनट का ध्यान और मेडिटेशन होगा। शैक्षिक कैलेंडर का शत-प्रतिशत अनुपालन न हो पाने की स्थिति में अतिरिक्त क्लास लगवाई जाएंगी। वहीं विद्यालय अवधि के दौरान शिक्षक संगठनों की ओर से आयोजित किसी भी गतिविधि में स्कूल का कोई शिक्षक-कर्मचारी शामिल नहीं होगा। अपरिहार्य स्थित में मंजूरी लेने के बाद ही कोई इसमें शामिल हो सकता है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि ध्यान और मेडिटेशन से स्टूडेंट शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहेंगे। इससे स्टूडेंट को कक्षा में दी गई जानकारी को याद रखने और परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिल सकती है। ध्यान और मेडिटेशन तनाव को कम करने और विश्राम की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। इससे छात्र अपनी ताकत और कमजोरियों को समझ सकते हैं।

### हर शनिवार को सुनाई जाएंगी लघु कथाएं

विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर हर शनिवार को लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाली लघु कथाएं, प्रेरक प्रसंग, गीत व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के बाद ब्लॉक, जनपद व मंडल और राज्य स्तर पर भी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। महापुरुषों के जन्म दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में प्रार्थना सभा के बाद 30 मिनट की चर्चा होगी। वहीं विद्यालय अवधि के बाद प्रत्येक शनिवार को शिक्षा चौपाल भी लगेगी।

# जमीन के खातिर पुत्र ने बुजुर्ग पिता को मार डाला

## मूसानगर थाना क्षेत्र के भरतौली गांव में गमछे से कस दिया गला

संवाददाता, मूसानगर

- दरोगा पद से रिटायर होने के बाद छोटी बहू के साथ रहते थे
- वोट डालने के लिए मूसानगर अपने गांव पहुंचे थे खुशीराम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भरतौली गांव में जमीन नहीं मिलने की खुन्नस में बड़े पुत्र ने दरोगा पद से रिटायर्ड 72 वर्षीय पिता की गमछे से गला कसकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रिटायर्ड सब इंसपेक्टर खुशीराम की छोटी बहू प्रेमलता के मुताबिक उसके पति प्रमोद कुमार का देहान्त हो चुका है। ससुर खुशीराम उसके साथ ही मूसानगर के मण्डी समिति स्थित मकान में रहते थे। सोमवार की सुबह वह गांव में वोट डालने की बात कहकर घर से निकले थे। दोपहर बाद गांव से फोन के जरिए सूचना मिली कि ससुर का शव गौशाला के पास पड़ा है। सूचना पर इलाकाई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

बहू ने बताया कि खेती को लेकर अक्सर बड़े पुत्र (जेठ) हेमन्त कुमार से अनबन चल रही थी। सोमवार को खेती बेचने को लेकर गांव वाले घर में आपस में विवाद हो गया। जमीन न मिलने की खुन्नस को लेकर गांव से वोट डालकर मूसानगर लौटते समय गौशाला के पास जेठ हेमन्त कुमार ने ससुर की गमछे से गला दबा कसकर हत्या कर दी। इस बाबत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि जमीन न मिलने की खुन्नस को लेकर पुत्र हेमन्त कुमार ने हत्या की है। फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। छोटी बहू को सूचना दे दी गई है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


घटनास्थल पर छानबीन करती मूसानगर थाने की पुलिस। अमृत विचार


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# थाने से 200 मीटर दूर जेवरात-नकदी चोरी

संवाददाता, मंगलपुर

- पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने जांच की

**अमृत विचार।** थाने से महज दो सौ मीटर की दूर रात में चोरों ने एक घर से लाखों रुपये के जेवरात सहित 25 हज़ार रुपये पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य संकलित किए हैं।

मंगलपुर कस्बा निवासी सुधीर कुमार तिवारी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात वह खाना खाने के बाद परिवार समेत छत पर लेटने चले गए थे। तभी घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर चोर अंदर प्रवेश कर दिए। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर रखी अलमारी से लर, चार अंगूठी, बृजवाला, झुमकी, बिछुआ, पायल, तीन जोड़ी तोड़िया व 25 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित की बेटी सोनम भोर पहर जब नीचे आई तो सामान बिखरा देखकर सन्न रह गई और घटना की जानकारी परिजनों को दी।

पीड़ित ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। वहीं खोजी कुत्ता घर के पीछे से कुछ दूर तक जाकर वापस आ गया। वहीं थाने से महज दो सौ मीटर दूर चोरी की घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। थाना प्रभारी मंगलपुर देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

# ओपीडी के बाद लटक जाता ताला

संवाददाता, रूरा

- अनदेखी से बनीपारा महाराज पीएचसी बदहाल
- 24 घंटे इमरजेंसी की सेवाएं भी नसीब नहीं हो पातीं

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बनीपारा महाराज गांव में बना प्राथमिक स्वास्थ केंद्र बदहाली का शिकार है। ओपीडी के बाद यहां ताला लटक जाता है। देखरेख न होने से चिकित्सालय व आवासों के खिड़की-दरवाजे तक गायब हैं। बाउंड्री टूटी पड़ी है और चिकित्सालय परिसर अन्ना पशुओं का डेरा बनकर रह गया है।

ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से बनीपारा महाराज गांव में लाखों रुपये से बनवाई गई पीएचसी बदहाली का शिकार है। यहां पर चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र सिंह व स्टाफ नर्स की तैनाती है। दोपहर दो बजे ओपीडी के यहां ताला लटक जाता है और 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं भी संचालित नहीं हैं। जिससे शाम या रात के समय लोगों को आपातकालीन सेवाएं नहीं मिल पाती और उन्हें झींझक या रूरा सीएचसी जाने को मजबूर होना पड़ता है।

चिकित्सक व कर्मचारियों के आवासित न होने सके परिसर में बने आवासों की खिड़की व दरवाजे गायब हैं। बाउंड्रीवाल टूटी पड़ी है। जिससे छुट्टा मवेशी घुस आते हैं और दिन-रात डेरा जमाए रहते हैं। वहीं पेयजल के लिए पानी टंकी शोपीस बनकर रह गई है। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीज या तो खुद पानी साथ लाते हैं या फिर उन्हें भटकना पड़ता है। जबकि सरकार की ओर सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं व मरम्मत आदि के लिए हर साल लाखों रुपये का बजट भेजा जाता है। इसके बावजूद पीएचसी बदहाली का शिकार है। इस बावत पीएचसी प्रभारी डॉ. धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि रिपेयरिंग का पैसा जिस खाते में पड़ा है। उस खाते की समिति में शामिल लोग सहयोग नहीं प्रदान कर रहे है।


बनीपारा महाराज पीएचसी परिसर में उगी झाड़ियां व घास। अमृत विचार


लेबर रूम का टूटा दरवाजा।

**कमरों में दरवाजे नहीं चोरी होने का खतरा**

पीएचसी में स्टॉप नर्स की तैनाती के बावजूद भी शौचालय में दरवाजे तक नही है। ओपीडी व पैथालॉजी में भी दरवाजे नहीं है। जनरल वार्ड में दरवाजा तो लगा है, लेकिन वह भी बंद नहीं होता। कर्मचारियों को कहना है कि कक्षों में दरवाजे न होने से वहां रखे उपकरण कभी भी चोरी हो सकते है।

# खेलकूद में कस्तूरबा की छात्राओं को भी मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 21 अगस्त से अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में प्रतियोगिता प्रस्तावित
- माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी किया गया वार्षिक कार्यक्रम

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत प्रदेश स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता 21 अगस्त से अक्तूबर के दूसरे सप्ताह तक प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में अब माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राएं भाग ले सकेंगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा प्रदेशीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिससे संबंधित आदेश सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजा जा चुका है। प्रदेश स्तरीय आयोजन से पूर्व विद्यालय, जनपद और मंडल स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए हर स्तर पर क्रीड़ा समितियों का गठन कर लिया गया है। प्रादेशिक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएं और जूनियर विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अंडर-14 आयु वर्ग में भाग लेंगी। इससे इन छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को इस प्रतियोगिता में एक यूनिट के रूप में सीधे प्रतिभाग कराया जाएगा। राज्य स्तर पर चयन के लिए टीम का निर्धारण बालिका प्रकोष्ठ समग्र शिक्षा (बेसिक) द्वारा किया जाएगा। प्रदेशीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में होंगी। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।


गर्मी के चलते रूरा में वाटर कूलर से प्यास बुझाते स्कूली बच्चे व लोग। अमृत विचार


तेज धूप के चलते पेड़ की छांव में बैठे लोग। अमृत विचार

# सूरज की भीषण तपन से झुलस गए बदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- तीसरे दिन एक डिग्री लुढ़का पारा, मगर नहीं मिली राहत
- लू के थपेड़ों से लोग हुए बेहाल घर से निकलना मुश्किल

**अमृत विचार।** जिले में गर्मी का कहर लगातार जारी है। पिछले दो दिनों से 45 डिग्री तक चढ़े तापमान में कुछ कमी आई और सोमवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री घटकर 44 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इसके बावजूद लोगों को राहत नहीं मिली। तेज धूप व गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल रहा।

पिछले एक सप्ताह से जिले का तापमान करीब 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। सोमवार को सुबह नौ बजे से तेज धूप ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। यह भी सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया। ऐसे में दोपहर के समय लोगों का घर के बाहर निकलना भी मुश्किल दिखा।

दोपहर के समय सड़कों, हाईवे और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया। तेज धूप और लू के कारण पंखे और कूलरों ने भी जवाब दे दिया है। लोगों को पंखे व कूलर से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। उत्तर-पश्चिमीं गर्म हवाएं करीब छह किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने फिलहाल आगामी पांच दिनों तक सामान्य तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़ोत्तरी के संकेत दिए हैं। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

**दोपहर में घरों से निकले तो बचाव जरूर करें**

जिले में गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूर्व में ही एडवायजरी जारी कर चुका है। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने कहा कि जिले के लोगों को सलाह दी गई है कि दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक घरों से बाहर निकलने में परहेज करें। डिहाईड्रेशन से बचने के लिए नीबू पानी व तरल पेय पदार्थों का सेवन करें। बाजारों के खुले खाद्य पदार्थों, तला-भुना आदि खाने से बचें। किसी भी समस्या पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से संपर्क करें।

# ट्रक और ट्राला में टक्कर परिचालक जिंदा जला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर सोमवार सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक और ट्राला में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले लेकिन ट्राला का परिचालक केबिन में फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला का चालक भी झुलस गया। उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल ने आग बुझाई। हाईवे पर घंटे भर जाम लगा रहा।

सोमवार तड़के एक ट्रक दलिया लादकर फतेहपुर से रामादेवी की तरफ आ रहा था। चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर राजस्थान से टाइल्स लादकर वाराणसी जा रहे ट्राले से टकरा गया। तेज आवाज के साथ दोनों वाहनों में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले। ट्राला का परिचालक शाहपुर राजस्थान भीलवाड़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू प्रजापति फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला चालक 20 वर्षीय सांवरिया प्रजापति बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझाया और चालक को उर्सला अस्पताल भिजवाया। मौके पर एडीसीपी पूर्वी लखन यादव समेत पुलिस बल पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि चालक-परिचालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिचालक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।


हाईवे पर धू-धूकर जलता ट्रक और आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# इरफान केस में नौवीं बार टला फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आगजनी में आरोपी हैं सपा विधायक इरफान सोलंकी

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में सोमवार को नौवीं बार अपरिहार्य कारणों से कोर्ट का फैसला टल गया। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 27 मई निर्धारित की, जिसमें सभी आरोपियों को कोर्ट ने तलब किया है।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में सपा विधायक, उनके भाई समेत अन्य आरोपी हैं। एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में बीते एक मार्च को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत पहलवान का ट्रायल पूरा हो चुका था, जिसके बाद कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी। इसके बाद अलग-अलग कारणों से फैसला टलता गया। नौ मई को दोनों पक्षों की ओर लिखित बहस दाखिल की गई थी। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 20 मई निर्धारित की थी। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान कुछ अपरिहार्य कारणों से फैसला नहीं आ पाया। कोर्ट ने अगली तिथि 27 मई तय की है।


कोर्ट में पहुंचे वकील।

## नशेबाजी के विरोध पर महिला को पीटा

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में नशे की हालत में दुकान के बाहर होकर गाली गलौज करने का विरोध करने पर दो सगे भाइयों ने महिला के साथ मारपीट व अभद्रता कर दी। पति व बेटे की भी पिटाई की।

यशोदा नगर निवासी महिला ने बताया कि 17 मई की शाम वह घर के बाहर बैठी थी, तभी मनीष बाजपेई अपने भाई टिंकू के साथ नशे में गालीगलौज करने लगा। मना करने पर दोनों ने मारपीट कर छेड़खानी शुरू कर दी। बीच बचाव में बेटे व पति संग भी मारपीट की।

# चालकों की झपकी लील गई चार जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- महाराजपुर और थानाक्षेत्र में हुए हादसों का मामला
- कार हादसे में घायल का आईसीयू में चल रहा उपचार

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह महाराजपुर और चकेरी थानाक्षेत्रों में हुए दो बड़े हादसों में चार लोगों की मौत के पीछे चालकों के झपकी आ जाने की बात सामने आई है। महाराजपुर हादसे में जहां अदनान उर्फ अब्दुल रहमान, नूर फातिमा, रीना की मौत हो गई, वहीं बच्ची अमायरा और मो. कादरी तौहीद बुरी तरह से घायल हो हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार के ट्रक में घुसते समय स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर लगने से अमायरा सीट के नीचे जा पहुंची, जिससे उसकी जान बच गई। कादरी तौहीद की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज हैलट आईसीयू में चल रहा है।

मोहम्मद कादरी तौहीद के भाई तौफीक ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग ददिहाल फतेहपुर के खैरई गांव जा रहे थे। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे काफी रिश्तेदार परिजनों को सांत्वना देते नजर आए। परिजनों का कहना था कि रात में देर से सोने के बाद सुबह जल्दी ही वे लोग फतेहपुर निकल गए थे। उन लोगों को पूरी आशंका है कि कार चला रहे भतीजे अदनान को झपकी आ गई होगी और हादसा हो गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन तीनों के शवों को लेकर फतेहपुर चले गए।

चकेरी थानाक्षेत्र में फ्लाईओवर पर तड़के हुए भीषण हादसे में परिचालक मोनू प्रजापति की जिंदा जलकर मौत के बाद उसका शव निकालने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड को एक घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। केबिन में फंसकर वह चीखता चिल्लाता जान बचाने की गुहार लगाता रहा लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे में झुलसे चालक सांवरिया प्रजापति की उर्सला में हालत गंभीर बनी है। सोमवार रात तक दोनों में से किसी के परिजन कानपुर नहीं आ सके थे। पुलिस चालक को झपकी आने की बात कह रही है।




**अदालत सख्त** सीएमएम कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर, डीजीपी व प्रमुख सचिव गृह को दिया आदेश

# कोर्ट ने 33 साल पुराने हत्याकांड की रिपोर्ट मांगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वर्ष 1991 में 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी
- पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लेकिन थाने से फाइल हुई गायब

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में 33 साल पूर्व 15 वर्षीय किशोरी पूजा हत्याकांड के मामले में थाने से गायब हुए अभिलेखों व दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के मामले में कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से एक माह के भीतर रिपोर्ट तलब की है। आदेश की प्रति डीजीपी व प्रमुख सचिव गृह को भेजते हुए कार्रवाई करने को कहा है।

बेनाझाबर निवासी संजय अवस्थी ने 17 अगस्त 1991 को कर्नलगंज थाने में अपहरण और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 19 जुलाई को घर की छत पर भूपेंद्र नारायण शुक्ला, त्रिलोकीनाथ दीक्षित व अन्य साथियों के साथ बैठे थे। शाम छह बजे घर के नीचे वाले भाग में रहने वाली पूजा गौतम को उसके चाचा बेरहमी से मार रहे थे। 20 जुलाई को पूजा के चाचा व उनके तीन भाई व भतीजे घायल पूजा को कार में बैठा कर कहीं ले गए, जिसके बाद से वह गायब थी। संजय अवस्थी ने कर्नलगंज थाने में पूजा के अपहरण और हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तत्कालीन दरोगा अवनीश शुक्ला व शीतला प्रसाद ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। आरोपियों ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी स्टे ले लिया था। इसके बाद वर्ष 2013 में मामले की जांच स्पेशल इंवेस्टिगेशन सेक्शन (एसआईएस) को सौंपी गई।

एसआईएस ने चार्जशीट लगाई, लेकिन फाइल थाने से गायब हो गई। इसके बाद संजय अवस्थी ने कोर्ट की शरण ली, लेकिन पुलिस दो बार समय मांगने के बाद भी फाइल पेश नहीं कर पाई। तीसरी बार में कर्नलगंज पुलिस ने कोर्ट को बताया कि चार्जशीट दाखिल कर दी गई, लेकिन फाइल एसआईएस को ट्रांसफर की गई थी जिसका रिकॉर्ड है। वहां से फाइल वापस आने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सोमवार को सीएमएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि 33 साल से पीड़ित पक्ष न्याय के लिए भटक कर रहा है। पुलिस कमिश्नर को निर्देशित किया कि मामले में व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रकरण की वर्तमान स्थिति व अभिलेखों का पता लगाने का प्रयास करें। साथ ही दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर 24 जून तक कोर्ट को अवगत कराएं।



## सफाई कर्मी दंपति से अभद्रता कर मारपीट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के गदियाना इलाके में एक आरोपी ने मामूली बात पर महिला सफाई कर्मी से अभद्रता की और जाति सूचक शब्द कहे। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी। महिला को बचाने आए पति को भी आरोपी ने पीटा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी में मामला दर्ज कराया है।

शिव कटरा निवासी कलावती के अनुसार वे और पति वार्ड 74 श्याम नगर के अंतर्गत गदियाना में ड्यूटी करते हैं। 18 मई को वह सफाई कर रही थी तभी मोहल्ले के निवासी लाला उर्फ मोहम्मद शाबिर उनसे सड़क पर पड़ी धूल को जीभ से चाटकर साफ करने के लिए कहने लगा। विरोध किया तो आरोपी ने जाति सूचक शब्द बोलकर उन्हें पीटने लगा। पति भैरो को भी बेल्ट और लात घूंसों से पीट दिया।

# मैनहोल देखेगी तकनीकी समिति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम की सीमा में खुले मैनहोल दुर्घटनाओं की वजह बने हुये हैं। शासन की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न होने की वजह से समस्या होती है। खुले मैनहोल एवं डक्ट की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नगर निगम ने प्रत्येक जोन में तकनीकी समिति का गठन कर दिया है। जोनल की अध्यक्षता में गठित समिति पर मैनहोल्स और डक्ट से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने की जिम्मेदारी होगी। नगर निगम ने हर जोन में अध्यक्ष, सचिव व सदस्य नामित किये हैं। कुल 18 अधिकारियों को लगाया गया है।

जलकल के मुताबिक शहर में 5045 मैनहोल चैंबर हैं। इसमें से 498 सीवर मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगे हैं। 4547 मैनहोल पर ढक्कन लगे हुए हैं, लेकिन कई जगह यह जर्जर हैं तो कई जगह जमीन के नीचे दबते जा रहे हैं। विभागों ने सड़क बनाने के दौरान मेनहोल चैंबरों को ऊंचा नहीं किया जिसकी वजह से कई सड़कों पर तो गड्ढेनुमा हो गये हैं।

वहीं कई जगह इतने ऊंचे हैं जिससे राहगीरों को समस्या होती है। नगर आयुक्त ने बताया कि यह समिति साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण करेगी। इस दौरान मिलने वाले खुले मैनहोल्स और डक्ट को 24 घंटों के अंदर ढकने की कार्रवाई करनी होगी। जब तक ढका नहीं जाता तब तक लाल झंडा मैनहोल्स में लगाया जायेगा। यदि कोई अनहोनी व दुर्घटना होती होती है तो इसकी जिम्मेदारी समिति की होगी और कार्रवाई होगी।

**सफाई में दुर्घटना पर जिम्मेदार होंगे अधिकारी**

मैनहोल, छोटे-बड़े नालों, चैंबर की मैनुअली सफाई में यदि सफाई कर्मचारियों की जान गई तो अधिकारी जिम्मेदार होंगे। नगर आयुक्त ने आदेश जारी कर कहा है कि मैनुअल सफाई के दौरान मैनुअल स्कैन्जर्स की एसओपी का पूरी तरह से पालन किया जाये। ऐसा न करने और यदि दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारी व जिम्मेदार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये तैयार रहें। नगर आयुक्त ने कहा है कि सफाई कार्य के दौरान मानव बल को ऑक्सीजन मॉस्क, गम बूट्स, वॉटर प्रूफ दस्ताने और वाटर प्रूफ वर्दी उपलब्ध करवाना जरूरी है। बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई कर्मचारियों को मैनहोल में उतारना अपराध है। अगर ऐसा पाया गया तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।


वोट की चोट करने के लिए कतार में लगे मतदाता। अमृत विचार


अपनी वोटर पर्ची दिखाते लाइन में लगे महिला व पुरुष मतदाता। अमृत विचार

# बूथों पर सुबह से ही दिखा उत्साह, झूमकर बरसे वोट

## वोटरों ने लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग, भयंकर गर्मी की परवाह न करते हुए मतदान करने पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सांसद चुनने के लिए फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छिटपुट वारदातों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर वोट की चोट करने के लिए लोग पहुंचने लगे।

55 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता सुबह दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद मतदान के लिए चल पड़े। वहीं अधिकांश घरों में महिलाएं परिजनों के लिए चाय, नाश्ता और खाना बनाने के बाद चूल्हा चौका करने के बाद दोपहर में मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं। यही वजह रही कि दोपहर के वक्त मतदान केंद्रों पर महिलाओं की संख्या ज्यादा नजर आई। दोपहर में गर्मी के कारण गति धीमी पड़ी लेकिन चार बजे के बाद जैसे जैसे दिन ढलता गया वैसे वैसे पोलिंग केंद्रों की तरफ फिर लोग जाते दिखे।जिले के 2143 बूथों में निर्धारित समय से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। कुछ स्थानों में ईवीएम में खराबी की शिकायतें आईं तो तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने समस्या का समाधान कराते हुए मतदान शुरू करा दिया। सबसे पहले बूथों में मौजूद पार्टी एजेंटों के समक्ष पीठासीन अधिकारी ने मॉक पोल कराया उसके बाद मतदान शुरू हो गया। कुछ मतदान केंद्रों पर छिटपुट कहासुनी एजेंटों के मध्य हुई। इसे पुलिस कर्मियों ने दखल देकर शांत करा दिया। शाम को पोलिंग पार्टियों ने मंडी समिति पहुंच कर ईवीएम को जमा कराया। प्रेक्षक एवं डीएम, एसपी समेत अन्य अफसरों ने पूरे जिले में घूम-घूमकर सुरक्षा का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्षता और शांति से निपटा है। किसी भी बूथ पर हिंसा जैसी कोई वारदात नहीं हुई। किसी भी पक्ष से कोई आरोप नहीं लगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान चुनाव आयोग के निर्देशानुसार संपन्न कराया गया है। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।


अपने परिवार के साथ डीएम सी. इंदुमती ने भी किया मतदान। अमृत विचार

**2143**
बूथों पर हुआ मतदान

- छिटपुट वारदातों के बीच शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ चुनाव
- डीएम, एसपी समेत अन्य अफसर करते रहे भ्रमण

### बुजुर्ग, दिव्यांग और कार्मिकों के पहले ही पड़े वोट

20 मई से पहले ही 85 साल के ऊपर व 40 प्रतिशत दिव्यांगों के वोट पहले ही बैलेट पेपर से मतपेटियों में कैद करा लिए गए थे। साथ ही जिन कार्मिकों को वोटिंग में लगाया गया था, वह पोस्टल बैलेट से प्रशिक्षण के दौरान वोट डाला वहीं सैकड़ों कार्मिकों ने ईडीसी लेकर सम्बंधित बूथ पर 20 मई को वोट का इस्तेमाल किया।

### स्वास्थ्य टीम रही तैनात, बीएलओ भी रहे मौजूद

अधिकांश बूथों परिसरों में स्वास्थ्य टीम भी तैनात रही। गर्मी के मौसम में जरूरत पड़ने पर कई लोगों को ओआरएस घोल भी दिया गया। बूथों पर तैनात किए गए बीएलओ के पास लोग लिस्ट से नाम, पर्ची की जानकारी करते रहे। इस दौरान बीएलओ भी उनकी मदद करते रहे।

### प्रयास के बाद भी अपेक्षाकृत वोटिंग नहीं हुई

जिला प्रशासन के तमाम प्रयास आखिरकार धड़ाम हो गए। जिले में आने वाली लोकसभा सीटों पर मतदान का प्रतिशत घट गया है। ऐसे में कई महीने तक चले स्वीप अभियान पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। दोआबा के कई मतदान केन्द्रों में दोपहर 12 तक भी सन्नाटा पसरा नजर आया।

### सूची में नाम न होने से हुई नोकझोंक

कई मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूचियों में त्रुटियों का मामला सामने आया। कुछ जगह पर मतदाता सूची में नाम न होने के कारण मतदान करने से लोगों को वंचित रहना पड़ा। बूथों पर मतदान करने से वंचित लोग अपनी आईडी लेकर पहुंचे थे। लोगों ने कहा पिछले चुनाव में वोट डाला था पर अबकी नाम नहीं है।

## माननीयों ने भी किया मतदान


भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने भ्रमण कर बूथों का लिया जायजा।


सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी एवं जगनायक यादव ने डाला वोट। अमृत विचार


महिला मंडली ने भी उत्साह के साथ किया मतदान। अमृत विचार


सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम ने भी डाला वोट।


सपा नेता महेन्द्र सिंह वोट डालने के बाद।

# सुबह दौड़ी मतदान एक्सप्रेस, दोपहर में हुई सुस्त

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मौसम ने भी अपनी दखलंदाजी बनाए रखी। जिसका असर दोपहर में पोलिंग बूथों पर देखने को मिला। सुबह ड्यूटी में मशगूल कार्मिक दोपहर में वोटरों की राह ताकते रहे।

सुबह सात बजे से जब वोटिंग शुरू हुई तो आसमान में मामूली बादल और हल्की धूप के बीच लोग वोट डालते दिखे। बीतते वक्त के साथ 11 बजे धूप तेज हुई और वोटरों का रुझान वोट डालने के लिए हल्का पड़ता रहा। दोपहर में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे धूप ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। कहीं-कहीं पोलिंग बूथों पर सन्नाटा पसर गया। दोपहर से वक्त शाम की ओर अग्रसर हुआ। धूप में नरमी आई तो चार बजे से फिर लोग घरों से निकलकर पोलिंग बूथों तक पहुंचे। शाम के वक्त लोगों ने वोट डालने की अपनी जिम्मेदारी निभाई। शाम को 5 बजे के बाद काफी संख्या में लोगों ने वोट डाले। गर्मी के मौसम ने वोट प्रतिशत पर असर डाला। फिर भी जागरुक लोगों ने अपने वोट का इस्तमाल कर गर्मी के मौसम को हावी होने नहीं दिया।


अमौली के बूथ संख्या 206 में दोपहर में नहीं पहुंचे मतदाता।


बूथ पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### धूप में वोट डालकर दूसरों को भी किया प्रेरित

सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे तेज धूप के बीच कई मतदाताओं ने वोट डालने पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लोगों को वोट डालने को प्रेरित किया। रघुवंशपुरम के चुनाव बूथ में पहुंचे शेर सिंह, अमित श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे तो हर रोज गर्मी रहती है, काम के लिए निकलते हैं, तो फिर वोट की चोट करने में गर्मी का बहाना नहीं होना चाहिए।

# स्पेशल बूथों पर वोट के बाद खींची सेल्फी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट पर सोमवार को हुए लोकतंत्र के महापर्व में जबरदस्त ढंग से यूथ एक्सप्रेस दौड़ी। सुबह तड़के ही पहुंचे युवाओं ने वोट पर चोट की और इसके साथ ही सेल्फी लेना नहीं भूला। पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर महिलाएं भी बूथों पर डट गईं।

प्रशासन की ओर से इस बार सखी बूथ, माडल बूथ युवा बूथ एवं दिव्यांग बूथ बनाए गए थे। जिनकों को दुल्हन की तरह से सजाया संवारा गया था। इन बूथों में स्थापित सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेने वालों की होड़ थी। मतदान करने के बाद अमिट स्याही लगी अंगुली दिखाते हुए महिलाओं और युवाओं ने सेल्फी लेना नहीं भूला। यही नहीं उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए युवाओं ने सोशल मीडिया पर फोटो भी अपलोड किए।



मतदान के बाद ली गई सेल्फी।


मतदान के बाद सेल्फी लेते दंपती।

### निरंजन ज्योति ने लगाया हमले का आरोप

**फतेहपुर।** जहानाबाद गांव के सरांय होली बूथ संख्या 139 में सपाइयों ने भाजपा समर्थक को वोटिंग करने से रोका तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मौके पर भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी मौजूद रहीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सपा सर्मथकों पर हमले का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे पास सुरक्षा न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**मतदान बहिष्कार** गांवों की मूलभूत समस्याओं को लेकर घरों में ही रहे मतदाता

# अफसरों ने ग्रामीणों को समझाकर डलवाए वोट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान सोमवार को पुलिस व प्रशासन को जगह-जगह काफी जहमत उठानी पड़ी। कहीं मतदान का बहिष्कार करते हुए डीएम को बुलाने की मांग की गई तो कहीं समर्थकों के बीच झड़प हुई।

जहानाबाद गांव के सरांय होली बूथ संख्या 139 में सपाइयों ने भाजपा समर्थक को वोटिंग करने से रोका तो दोनों पक्ष लाठी डंडा लेकर मारपीट करने लगे। मौके पर भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सपा सर्मथकों पर हमले का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे पास सुरक्षा न होती तो उनपर भी हमला हो सकता था।

इसी तरह तेलियानी विकासखंड के तेलियानी गांव में बूथ संख्या 315 में सुबह सात बजे से मतदान तो चालू हो गया लेकिन ग्रामीण मतदान को नहीं आए। 512 मतदाता संख्या वाले बूथ पर सुबह से सन्नाटा देख अधिकारियों को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी व थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से बात की। इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने। खंड विकास अधिकारी तेलियानी राहुल मिश्रा ने मौके में पहुंचकर आश्वासन दिया कि जैसे ही चुनाव समाप्त होगा उनकी 650 मीटर रोड का एस्टीमेट बना दिया जाएगा। वहीं बारातशाल भी बनाया जाएगा। इसके अलावा पानी की टंकी के लिए जलकल विभाग से संपर्क किया जा रहा है। आश्वासन के बाद मतदाताओं ने वोटिंग शुरू की। उधर, अमौली विकास खण्ड के ग्राम सभा मेढ़ा पाटी में बूथ संख्या 197 में मतदाताओं से उनकी मनमर्जी के खिलाफ एक पार्टी विशेष के प्रत्याशी के एजेंट द्वारा जबरन वोट डलवाए जाने के महिला ने आरोप लगाए हैं। महिला ने कहा कि हम जिसको वोट देना चाहते थे नहीं दे पाए और एजेंट ने जबरन अपनी मनमर्जी से बटन दबवा दी। सदर विधान सभा के बहुआ ब्लॉक के मनीपुर में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों में रोड न बनाए जाने के कारण भारी आक्रोश है। हालांकि प्रशासन उनकी समस्याओं को समझते हुए आश्वासन दिया है।

उधर खागा के माझिलगांव में मतदान का बहिष्कार किया गया। एसडीएम अतुल कुमार गंगवार ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता की गई इसके बाद मतदान शुरू हो सका। यही नहीं ललौली क्षेत्र के धनुहान डेरा का भी यही हाल रहा। ग्रामीणों की मांग रही कि जब तक गांव की सड़कें नहीं बनेंगी तब तक वह किसी को वोट नहीं करेंगे। मौके पर राजस्व टीम व पुलिस पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है प्रशासन की ओर से उन्हें जबरन वोट डलवाने को मजबूर किया गया।


ग्रामीणों को समझाने पहुंचे अधिकारी व पुलिस बल। अमृत विचार

# सूरज निकलते ही वोटरों ने किया बूथों का रुख

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकतंत्र में बढ़ता विश्वास और मताधिकार के प्रति जागरुकता ने वोटर्स में ऐसा जोश भरा कि वह भूख प्यास सब कुछ भूल गए। सूरज की पहली किरण फूटी और बूथ पर पहुंच गए। बहुतों ने तो वोट के बाद ही चाय नाश्ता किया।

सोमवार को सुबह मौसम का मिजाज नरम रहा। वैसे तो मतदान का समय सुबह सात बजे से शुरू होना था। लेकिन शहर के कई बूथों पर सुबह 6 बजे के बाद ही लोग वोट डालने के लिए पहुंच गए थे। निर्धारित समय वोट डालने का जब तक आया तब तक कई मतदान केंद्रों पर लंबी लंबी लाइनें लग गईं। जब उन लोगों का नंबर आया तो वोट डालने की खुशी उनके चेहरों पर झलकी। अपने वोट का प्रयोग कर बूथ से बाहर आये और हंसते हुये घर चले गए।

### मॉर्निंग वॉक को निकले और डाल दिया वोट

रघुवंशपुरम के मतदान केंद्र पर सुबह सात बजे करीब 50 लोग अपने अपने बूथों पर अलग-अलग लाइनों में लगे हुए थे। बुजुर्ग श्यामलाल ने बताया कि वह सुबह को मार्निंग वाक के लिए निकले थे। सोचा अब वापस दोबारा क्यों आएं वोट डालकर ही घर जाएं। युवा वोटर शुभम ने बताया कि पहली बार उन्होंने मतदान किया है।

### घूंघट की ओट से निकलीं महिलाएं, किया मतदान

शहर से लेकर ग्रामीणांचलों के बूथों में कहीं अधिक तो कहीं कम लोग ही लाइन में दिखाई पड़े। अलग-अलग बूथों पर लाइन में लगे लोगों का गजब का उत्साह रहा। वोट डालने लाइन में आईं तमाम ऐसी महिलाएं लाइन में दिखाई पड़ी, जिनके चेहरों में घूंघट पड़ा नजर आया। इनका कहना रहा कि वोट हमारा अधिकार है इसलिए घर से निकल कर डालने आये हैं।

## दोआबा की लोकसभा में 57.05 फीसद पड़े वोट

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में फतेहपुर में शाम छह बजे तक 57.05 फीसद मतदान हुआ वहीं पांच बजे तक 54.97 फीसदी मतदान था। जिले की सभी छह विधानसभाओं के लोगों ने वोट डाले। इसी के साथ ही लोकसभा चुनाव के 15 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। कुछ छिटपुट घटनाओं और समस्याओं को छोड़कर शांतिपूर्वक मतदान हुआ है। शहरी इलाकों में मतदान प्रतिशत कम रहा है वहीं ग्रामीण इलाकों में अधिक मतदाता निकले। युवाओं में खासा उत्साह रहा है। लोकसभा चुनाव में 19 लाख 35 हजार से अधिक मतदाता रहे। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 08.57 लाख रही। फतेहपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा से साध्वी निरंजन ज्योति, सपा से नरेश उत्तम पटेल, बीएसपी से डॉ. मनीष सिंह सचान समेत 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। डीएम सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मतदान केन्द्रों का जायजा लेते रहे। इसके साथ लखनऊ से आये पुलिस के आलाधिकारियों ने भी मतदान केन्द्रों का जायजा लिया।


बूथों पर पहुंच कर डीएम-एसपी ने लिया जायजा। अमृत विचार

- सुबह नौ बजे औसत मतदान 14.25 फीसदी रहा
- शाम पांच बजे तक 54.97 प्रतिशत रहा

### ज्यों-ज्यों चढ़ा सूरज, मतदान का बढ़ा ग्राफ

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को मतदाताओं ने सूर्य संग कदमताल किया। ज्यों ज्यों सूरज चढ़ता गया, मतदान का ग्राफ भी बढ़ता गया। सुबह नौ बजे जहां जिले का औसत मतदान 14.25 फीसदी दर्ज किया गया तो वहीं शाम पांच बजे तक यह बढ़कर 54.97 प्रतिशत पहुंच गया। मतदान शुरू होने के दो घंटे बाद करीब 9 बजे तक जिले में 14.25 प्रतिशत लोगों ने वोट की चोट कर दिया। उसके दो घंटे बाद 11 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़ कर 28.58 प्रतिशत हो गया। शाम पांच बजे तक करीब 55 फीसदी वोटर मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। समाचार लिखे जाने तक छह बजे तक का कुल मतदान उपलब्ध नहीं हो सका।

**टाइम टू टाइम मतदान प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| सुबह 9.00 बजे | 14.25 प्रतिशत |
| सुबह 11.00 बजे | 28.58 प्रतिशत |
| दोपहर 01.00 बजे | 39.83 प्रतिशत |
| अपराह्न 03.00 बजे | 47.23 प्रतिशत |
| शाम 05.00 बजे | 54.97 प्रतिशत |
| शाम 06.00 बजे | 57.05 प्रतिशत |

### समय बीतने के बाद भी डाले गए वोट

**फतेहपुर।** कई बूथों पर शाम छह बजे के बाद भी वोट डाले गए। जिन बूथों पर निर्धारित अवधि बीतने के पहले ही वोटर पहुंच गए थे, उन बूथों पर मतदाताओं की कतार लगी होने के कारण शाम छह बजे के बाद तक वोट पड़े। समय के अंदर परिसर में दाखिल हुए लोगों को वोट डलाया गया।

### कोई चारपाई पर तो कोई गोदी में पहुंचा मतदान करने

**फतेहपुर।** लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने के लिए बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह दिखाई दिया। सोमवार को दिन निकलते ही बुजुर्गों ने मतदान केंद्रों का रुख किया।

इन बुजुर्गों ने अपनी मंशा भी जताई। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान किया है ताकि अच्छी सरकार और बेहतर जनप्रतिनिधि चुना जा सके। लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी तो घर पर आराम फरमाने वाले बुजुर्ग मतदाता भी चुनावी शोर को सुन रहे थे। बुजुर्गों ने भी इस बार मतदान करके मजबूत और अच्छी सरकार चुनने का मन बनाया था जिसकी झलक सोमवार को मतदान के दिन दिखाई दी। जो बीमार रहे उन्हें परिजन चारपाई में लिटाकर बूथ लेकर मतदान कराया। इसी तरह से कोई लाठी के सहारे तो कोई गोदी के सहारे पहुंच कर मतदान किया।


व्हीलचेयर में भी पुहंचे मतदाता।


गोद में लेकर आये वोट डलवाने।

### वोटर लिस्ट में नाम न होने से मायूस होकर लौटे लोग

**फतेहपुर।** आखिर मतदाता सूची में नाम न होने की समस्या आ ही गई। सोमवार को मतदाता लिस्ट से कई मतदाताओं के नाम गायब मिले। शहर के आबू नगर के मतदाताओं का मतदान जीटी रोड स्थित जीआईसी में हो रहा था। जीआईसी और पुलिस चौकी के बीच हर दल के समर्थक व कार्यकर्ता पर्चियां बनाने में जुटे थे। इस दौरान कई लोग मतदाता सूची में नाम ढूंढते मिले। आबू नगर के रहने वाले गोपाल दास गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए काफी उत्साहित थी। वह सुबह मतदेय स्थल पहुंचे पर लिस्ट में नाम न होने से निराश हो गए। इसी तरह शहर के रेड़इया निवासी अयूब ने बताया कि घर में पर्ची नहीं पहुंचीं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# वोट डालने आ रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार

## कानपुर जनपद में हुआ हादसा, तौहीद कादरी व अमायरा को घायल अवस्था में कानपुर में ही भर्ती कराया गया

संवाददाता, खागा (फतेहपुर)

**अमृत विचार**। शादी समारोह में शामिल होकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लौट रहा कार सवार परिवार कानपुर जनपद में हादसे का शिकार हो गया। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की जान चली गई। घटना की जानकारी कोतवाली क्षेत्र के खैरई गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। बताया जा रहा है हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें कानपुर में भर्ती कराया गया है।



नूर फातमा।



रीना फातमा।



अदनान।

- तीन मौतों से खैरई गांव में मचा कोहराम
- दिल्ली में रहता था पूरा परिवार



खैरई गांव में घर के बाहर मौजूद भीड़। अमृत विचार

खागा कोतवाली क्षेत्र के खैरई गांव निवासी तौहीद कादरी अपनी पत्नी नूर फातमा, बेटे मोहम्मद अदनान के साथ दिल्ली के निजामुद्दीन में रहते थे। इधर रीना फातमा व बेटी अमायरा व पति मोहम्मद लकी के साथ खैरई में रहते थे। परिजनों ने बताया शनिवार को कानपुर के चमनगंज में सभी लोग शादी समारोह में एकत्र हुए थे।

शादी समारोह के बाद परिवार के सभी सदस्य एक ही कार में सवार होकर सोमवार सुबह मतदान करने के लिए खैरई गांव आ रहे थे, तभी सड़क हादसे में नूर फातमा, बेटे मोहम्मद अदनान, बहन रीना फातमा पत्नी मोहम्मद लकी की मौके पर मौत हो गई। जबकि तौहीद कादरी व अमायरा (5) को घायल अवस्था में कानपुर में भर्ती कराया गया है।

परिजनों के मुताबिक तौहीद कादरी काफी समय से गांव छोड़कर दिल्ली चले गए थे। दिल्ली के निजामुद्दीन में रहकर अपना व्यापार करते हैं। दिल्ली में ही पूरा व्यवसाय होने की वजह से पूरा परिवार भी साथ रहता था। घटना की जानकारी देते हुए तौहीद कादरी के साढ़ू कमरुल हसन ने बताया कि इस घटना से पूरा परिवार खत्म हो गया। शाम तक सभी के शव गांव पहुंचेंगे, इसके बाद शवों को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# मतदान के दौरान सड़कों पर रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- यात्री कम होने से इक्का दुक्का चलीं रोडवेज बसें
- कुछेक दुकानें ही मिलीं खुली शाम होते ही चौराहे हुए गुलजार

**अमृत विचार**। फतेहपुर लोकसभा सीट पर सोमवार को हुए मतदान के दौरान शहर की सड़कें सूनीं रहीं। हाईवे से लेकर शहर तक सन्नाटा पसरा रहा। मतदान के दिन निर्वाचन विभाग की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए थे। हर पोलिंग बूथ पर अर्द्धसैनिक बलों और अन्य स्टेट की पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था।

निर्वाचन विभाग ने मतदान के दिन पहले ही सभी सार्वजनिक और प्राइवेट और संस्थागत कार्यालय बंद करने को कहा था। इसका असर चुनाव के दिन दिखाई दिया। मतदान में काफी लोगों ने रुचि ली। मतदान स्थल तक आने जाने के लिए काफी लोगों ने अपने वाहनों का प्रयोग भी किया, लेकिन इस दौरान वाहन काफी कम चले। पूरे शहर में सड़कों पर इक्का दुक्का वाहन दिखाई दिए। वैसे कानपुर प्रयागराज हाईवे पर आने जाने के लिए वाहनों का दबाव काफी रहता है, लेकिन शायद मतदान के कारण व्यस्त रहने वाले इस रूट पर काफी कम वाहन चले। यूपी रोडवेज की बसें भी इक्का-दुक्का ही चलीं।



चुनाव के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# महिलाओं ने भी निभाई अपनी जिम्मेदारी

दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार**। लोकतंत्र के पर्व का आधी आबादी ने भी जमकर जश्न मनाया। बूथों पर पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ दूसरों को रास्ता भी दिखाया। सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही अधिकांश बूथों पर पुरुषों के साथ महिलाओं की भीड़ भी नजर आई। पर्दानशीन महिलाएं भी बूथों तक पहुंची और लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लिया।

सोमवार को लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी भागीदारी को लेकर महिलाएं खासी उत्सुक दिखीं। कई महिलाएं घर के कामकाज निपटाकर बूथों पर पहुंची तो कुछ के लिए पहले मतदान फिर जलपान का नारा अहम रहा। महिलाओं में सफाई, विकास और पेयजल व्यवस्था अहम मुद्दे रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थित मतदेय स्थल में खड़ी अपर्णा मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए विकास बड़ा मसला है।



बूथ पर मौजूद महिला मतदाता। अमृत विचार



वोट की चोट करने को कतार में लगीं महिलाएं। अमृत विचार

उनके बगल में खड़ी नवयुवती ने कहा कि सभी लोगों को मतदान में बढ़चढ़ कर सहभागिता निभानी चाहिए। सारे मुद्दों से निपटने का एकमात्र तरीका वोट करना है। बूथों पर खड़ी महिलाओं ने अपनी राय रखी। कुछ ने महंगाई को समाप्त करने के लिए तो किसी ने रोजगार मिलने की उम्मीद से मतदान किया।

# मतदान के बाद चुनावी चर्चा करते दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार**। लोक सभा चुनाव के दौरान चुनावी पंडित चुनावी समर से निकले सार को समेटने का प्रयास करते दिखे लेकिन टक्कर इतनी कांटे की रही कि कोई भी सटीक अनुमान या भविष्यवाणी करता हुआ नहीं दिखा। अधिकतर क्षेत्रों में नजदीकी मुकाबले के आसार बनते दिखे। दलीय प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी सांसदी के ताज के लिए विरोधी उम्मीदवारों को चुनौती देने का प्रयास करते रहे।

मतदान से निकले रुझानों के मुताबिक लोगों में हार-जीत की चर्चा भी शुरू हो गई। मतदान कर वापस आए लोगों की गली चौबारों में चौपालें सजी दिखाई दी। खासकर ग्रामीणांचलों में चर्चा रही कि चुनाव में भाजपा व सपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर है। बसपा त्रिकोणीय करने का प्रयास करती रही। जब



इनसे पूछा गया कि क्या माहौल समझ में आ रहा है तो उन्होंने कहा कि भाई, भाजपा व सपा के बीच सीधा मुकाबला होने का अनुमान है। यहां दूसरे दलों ने सेंध लगाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जानकारों के अनुसार यहां मतदाता बहुतायत में दोनों दलों में बंटे दिखे। चुनाव में सभी पार्टी के समर्थकों में प्रत्येक वोट के लिए रस्साकशी दिखी। स्वजातीय मतों के सहारे चुनावी दंगल में उतरे उम्मीदवार दूसरे वर्गों के सहारे चुनावी नैया पार करने की कसरत करते रहे।

# जहरीला पदार्थ खाने महिला की मौत

**फतेहपुर**। किसी बात को लेकर पति से हुए विवाद के बाद रविवार की रात एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी वीरन यादव की पत्नी सावित्री देवी का रविवार देर शाम पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर उसने रात में जहरीला पदार्थ खा लिया।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देख उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मौत होने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप

### बस्ता लगाने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**फतेहपुर**। लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार सुबह मतदान शुरू होने से पहले राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपना-अपना बस्ता लगाकर मतदाताओं को पर्ची बनाने का काम शुरू किया। शहर के शादीपुर में बस्ता लगाने को लेकर मतदान केंद्र के बाहर दो पक्ष में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष में बीच सड़क पर मारपीट शुरू हो गई। जिसका किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। मतदान केंद्र के बाहर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जानकारी किया गया तो मालूम पड़ा कि वायरल वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर चौराहा स्थित मतदान केंद्र से दो सौ मीटर दूर राजनैतिक दल का बस्ता लगाने को लेकर विवाद होने पर मारपीट हो गई है। बताया जा रहा है कि मारपीट काफी देर तक होती रही। पुलिस के पहुंचने से पहले मारपीट करने वाले लोग मौके से भाग गए। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मतदान केंद्र से दो सौ मीटर दूर मारपीट करते वीडियो सामने आया है। वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले लोगो को चिह्नित करने के बाद कड़ी कार्रवाई की जायेगा।

### पेड़ से गिरकर किसान की मौत, मचा कोहराम

**फतेहपुर**। खेत में खाद डालने गया एक किसान वहीं एक पेड़ में चढ़कर खिन्नी तोड़ रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे आ गिरा। जानकारी पर परिजनों ने उसे सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के नंदापुर गांव निवासी अनिल कुशवाहा (32) पुत्र छोटेलाल सोमवार को खेतों में खाद डालने गया था। खाद डालने के बाद वह पास में ही मौजूद एक पेड़ में चढ़कर खिन्नी तोड़ने लगा। तभी उसका पैर फिसलने से वह नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर वापस घर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**फतेहपुर**। मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना गांव निवासी सितांशु पुत्र रामबहादुर सोमवार को बाइक से अपनी बुआ के घर हुसेनगंज जा रहा था। तभी रास्ते में दूसरी बाइक से हुई टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**परियर उन्नाव**। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बंदनपुरवा गांव निवासी युवक का शव आम के पेड़ में फंदे से लटका देख खेत जा रहे ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। परियर चौकी पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन युवक के आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। चर्चा रही कि युवक की शादी तय होने के बाद टूट गई थी। इसी से वह आहत था। परियर चौकी अंतर्गत गांव कटरी मरौंदा मझवारा के मजरा बंदन पुरवा निवासी दीपू निषाद (22) पुत्र केशन कानपुर में एक ढाबे में खाना बनाने का काम करता था। बीते दो महीने से वह गांव में ही था। पिता ने बताया कि गांव में ही उनके रिश्तेदार रामस्वरूप की मौत हो गई थी। रविवार को उनका तेहरवीं संस्कार था। सभी लोग वहीं थे। रात में दीपू भी खाना खाकर सोया था। लेकिन रात एक बजे उसकी मां की नींद खुली तो वह चारपाई पर नहीं था। गर्मी के कारण उसके बाहर सोने की बात सोंच मां फिर सो गई। सोमवार सुबह खेत गई महिलाओं ने गांव के मैकू मल्लाह के खेत में लगे आम के पेड़ में उसका शव रस्सी के फंदे से लटकता देख शोर मचाया तो वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। चौकी पुलिस ने शव फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजन उसकी मौत का कारण नहीं बता सके। चर्चा रही कि दीपू की शादी कानपुर में तय हुई थी। गोदभराई भी हो चुकी थी। लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से शादी टूट गई थी।

### ढाबे में छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ दो को पकड़ा

**उन्नाव**। सीओ बीघापुर ने अचलगंज पुलिस के साथ मवइया माफी गांव के पास स्थित एक ढाबा में छापा मारकर 400 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। सीओ माया राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भोरपहर ढाबे में दबिश दी गई। जहां से बिहार प्रांत के दरभंगा जिला के थाना मनीगाछी के गांव वलिदपुर निवासी गोपाल उर्फ रब्बानी व बारासगवर थानाक्षेत्र के सीताराम खेड़ा निवासी अंकित पासी को पकड़ा गया। जामा तलाशी में उनके पास 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। छापेमारी से पहले ढाबा संचालक भागने में कामयाब रहा। एसओ संजीव कुशवाहा ने वताया कि दोनों युवकों को मादक पदार्थ रखने के आरोप में पकड़कर कोर्ट पेश किया गया।

## एक नजर

### कंट्रोल रूम में बजी घंटी सर यहां हो रही फर्जी वोटिंग

**फतेहपुर**। लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। सोमवार को मतदान शुरू होने के बाद कोई हाथ लिखी पर्ची से वोट नहीं डालने, यहां फर्जी वोटिंग हो रही, जैसी शिकायतें दर्ज होती रहीं। कंट्रोल रूम में जब फोन की घंटी बजी तो कुछ ऐसी ही शिकायतें सुनने को मिलीं। वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने और चैलेंज वोट नहीं डालने देने की भी शिकायतें आती रहीं।

### मतदान कर्मियों ने कहा कि पीने का पानी भी नहीं मिला

**फतेहपुर**। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मतदान कर्मियों ने आरोप लगाया कि इस मतदान केंद्र में पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। कई बार शिकायत किया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सबमर्सिबल चलाया गया तो उससे भी गंदा पानी आ रहा था। इन हालातों में तपिश भरी गर्मी में किसी तरह अपने ड्यूटी का निर्वहन मतदान कर्मी कर रहे थे। वहीं मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि यहां पर पानी की व्यवस्था कराई जाए जिससे मतदान कर्मियों की प्यास बुझ सके।

# अलर्ट मोड पर रहा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता फतेहपुर

- 12 बजे तक की ओपीडी में 176 मरीज पहुंचे
- मतदान केंद्रों के लिए अलर्ट रहीं 96 एंबुलेंस

**अमृत विचार**। स्वास्थ्य विभाग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को जिला अस्पताल समेत जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्र अलर्ट पर रहे। जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों ने 10-10 बेड आरक्षित किए थे। दवाओं से लेकर जरूरी इंतजाम कर लिये गए थे। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के ड्यूटी का रोस्टर जारी किया गया था। चुनाव वाले दिन जिला अस्पताल में 12 बजे तक ओपीडी चली लेकिन मरीजों का टोटा रहा।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. पीके सिंह ने बताया कि इमरजेंसी में 10 बेड आरक्षित किए गए थे। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गई थी। ओआरएस समेत जरूरी दवाएं भी उपलब्ध रहीं। चुनाव के चलते 12 बजे तक जिला अस्पताल में ओपीडी चलाई गई लेकिन मरीजों की कमी देखी गई। सोमवार को जिला अस्पताल में 176 मरीजों ने ही पर्चा कटाया और ओपीडी में पहुंचकर उपचार कराया। बता दें कि इमरजेंसी में 10 बेड आरक्षित थे। स्वास्थ्य कर्मी शहर भर में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर आशा कार्यकत्री और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गई थी।

सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद ने बताया कि सीएचसी-पीएचसी के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गई थी। मतदान केन्द्रों के पास 96 एम्बुलेंस उपलब्ध रहीं। हालांकि कहीं से कोई घटना को लेकर विभाग को जानकारी नहीं मिली।

# मुद्दे बेकार, जातियों की नाव पर चढ़े मतदाता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पार्टी एवं जाति से जुड़े प्रत्याशियों को दी गई तरजीह
- मतदान के बाद चर्चाओं में भी मुद्दों का नहीं किया जिक्र

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव में मुद्दे पूरी तौर पर दरकिनार दिखाई पड़े। मतदाता भी जातियों की नाव पर सवार नजर आए। जिस तरीके से सुबह से वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और अपने अपने प्रत्याशियों के लिए हवा का रुख जाना। उससे यही लग रहा था कि मतदाताओं को न तो महंगाई, बेरोजगारी या फिर अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से मतलब है बल्कि उन्हें सिर्फ अपनी जाति बिरादरी की चिंता है।

शहर के ही शादीपुर, लालाबाजार समेत अन्य कई बूथों पर जो स्थिति दिखाई दी उससे अंदाजा लगाया जा सकता था कि वोटरों के सामने मुद्दे गौड़ हैं। इस बूथ पर ज्यादातर मुस्लिम आबादी है। इसी तरह से अन्य बूथ पर भी जब मतदाताओं से बातचीत की गई तो उन्होंने सिर्फ यही कहा कि उनका प्रत्याशी चुनाव मैदान में है तो ऐसे में उनकी भी मदद की जाएगी। इस केंद्र पर भी एक बिरादरी के वोटों की बाहुल्यता है। मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों से ताल्लुक रखने वाले बूथ पर भी चुनाव में परिदृश्य पूरी तौर पर बदला दिखाई पड़ा। कई बूथों पर तो एक-एक कर मतदाता वोट डाल रहे थे। क्योंकि पूरा चुनाव जिस तरह से जातीयता की नाव पर सवार होकर हुआ है उससे भी सियासी दल पूरी तौर पर गणित लगा पाने की स्थिति में नहीं हैं।

### चार बजे तक बस्तों पर बचे गिनती के लोग

लोकसभा निर्वाचन में राजनीतिक दलों के बस्तों पर कुछ ज्यादा गहमा गहमी नहीं थी। सुबह जरूर दो घंटों तक अपनी पर्ची आदि के लिए मतदाता राजनीतिक दलों के बस्तों पर पहुंचे। इसके बाद वहां कोई ज्यादा रौनक नहीं देखी गई। पीएसी परिसर में लगे बस्ते, ज्वालागंज आदि बूथों पर राजनीतिक दलों के बस्तों पर सन्नाटा पसरा नजर आया।

### पार्टी चुनाव कार्यालयों से लेते रहे पल-पल की जानकारी

लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के चुनाव कार्यालय में जिम्मेदार पदाधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई थी। यह पदाधिकारी सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पूरी स्थिति का अवलोकन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लोगों से कर रहे थे। विपक्षी दलों के प्रत्याशियों की हकीकत और उनके पक्ष में हो रहे मतदान की भी जानकारी हासिल करने का पूरा प्रयास कर रहे थे।

### शाम को चुनाव निपटने के बाद किया जीत का दावा

लोकसभा चुनाव का मतदान निपटने के बाद ही सियासी दल अपने अपने दावों में मगन हो गए। समाजवादी पार्टी की ओर से तो बकायदा जीत का दावा ही ठोंक दिया गया। वहीं दूसरी ओर भाजपा और बसपा के नेता भी अपने अलग अलग दावे करने में लग गए।

लोकसभा चुनाव | नवमतदाताओं में मतदान को लेकर दिखा गजब का उत्साह, बूथों पर पहुंचे फर्स्ट वोटर और युवा मतदाता

# हम युवा हैं देश की शान, लोकतंत्र है हमारी पहचान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव का उल्लास पहली बार वोट कर रहे फर्स्ट वोटर्स और युवा मतदाताओं पर साफ दिखाई पड़ा। सभी में न केवल उत्साह था बल्कि अनुभव भी अलग नजर आ रहे थे।

चुनाव का उल्लास पहली बार वोट कर रहे फर्स्ट वोटर्स और युवा मतदाताओं पर साफ दिखाई पड़ा। इनमें न केवल बूथों तक पहुंचने की ललक दिखी बल्कि परिजनों और मित्रों को बूथों तक भेजने की चाहत भी दिखी। कई युवा दूर दराज से वोटिंग का अहसास लेने आए थे। वोट डालकर शाम को फिर से मंजिल की ओर रवाना हो गए। पहली बार मतदान कर रहे व युवा वोटरों में मतदान के बाद सेल्फी लेने की होड़ भी दिखी।

लोकतंत्र में अपनी भागीदारी की चाहत नए मतदाताओं में साफ दिखाई पड़ी। क्षेत्रों से बाहर अपने जीवन पथ को तैयार करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे मतदाताओं ने चुनाव के वक्त अपने गांव-घर में कदम रख लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। चुनाव में भी भागीदारी को लेकर जोश साफ दिखाई पड़ा। विनय, शोभित, प्रांजुल, जैसे कई युवाओं ने मतदान में जमकर भाग लिया।

फर्स्ट वोटर रवि मौर्या ने कहा कि कोई भी चुनाव हो, उसमें हम सबका भाग लेना आवश्यक है। युवा वोटरों ने पहले अपने अपने बूथों पर पहुंचकर वोट डाला और परिजनों को वोट डालने में मदद की। लाइन में लगी पूजा ने कहा कि हम पहली बार वोट देने का अहसास करना चाहते ।



अपना पहचान पत्र दिखातीं कतार में खड़ी महिलाएं। अमृत विचार



वोट डालने के बाद स्याही दिखाता दंपती।

# ईवीएम जमा कराने के लिए देर रात तक जमे रहे मतदान कर्मी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार**। पांचवें चरण के तहत जिले में सोमवार को मतदान प्रक्रिया पूरी कराने के बाद कार्मिकों को ईवीएम व वीवीपैट जमा कराने में जमकर पसीना बहाना पड़ा।

मतदान प्रकिया पूरी होने के बाद शाम सात बजे से पोलिंग पार्टियां ढकौली स्थित मण्डी समिति में बनाए गए स्ट्रांगरूम में पहुंचने लगी थी। देर रात तक वेयरहाउस में ईवीएम और वीवीपैट जमा करने का काम चलता रहा। देर रात जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सी इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, सीडीओ पवन कुमार मीणा ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। साथ ही वहां पर मौजूद लोगों व प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं को अश्वासत किया कि किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होगी सभी ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है और स्ट्रांग रूम में रखी जा रही हैं। जिनकी सुरक्षा के लिये चौबीसो घंटे सुरक्षा बल तैनात रहेगा।

प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा प्रत्याशी व उनके समर्थकों की भीड़ भी स्ट्रांग रूम के बाहर जुटी रही। उधर ईवीएम और वीवीपैट जमा होने के साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वेयर हाउस के चारों ओर केंद्रीय पुलिस बल का पहरा रहेगा। जबकि विधानसभावार थाने से सिपाही व एक-एक दरोगा की ड्यूटी लगाई गई है। 12-12 घंटे की शिफ्ट में हर विधानसभा के कर्मी तैनात रहेंगे। इसकी मॉनिटरिंग स्वयं एएसपी विजय शंकर मिश्र करेंगे।



- शाम सात बजे से पहुंचना शुरू हुईं ईवीएम
- अफसरों ने देर रात किया निरीक्षण, प्रत्याशी भी डटे रहे

### एफएसटी की ज़िम्मेदारी खत्म, थाने लौटेंगी फोर्स

चुनाव के मद्देनजर एफएसटी पड़ताल के लिए लगाई गई थी। जिस वजह से थानों के फोर्स को भी इन्ही टीमों के साथ लगाया गया था। हालांकि सोमवार शाम छह बजे मतदान निपटते ही इन टीमों की जिम्मेदारी खत्म हो गई है। अब पुलिस कर्मी वापिस थाने के कामकाज के लिए लौट जाएंगे।

# भीषण बिजली कटौती से जिले में मचा हाहाकार

## शहरी इलाकों में अघोषित कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से लोग हो रहे परेशान, ग्रामीण क्षेत्रों में पांच-छह घंटे ही हो रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कन्नौज ट्रांसमिशन सेंटर में स्थापित किया गया 40 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर।

- देहात में हालात सबसे खराब, वोल्टेज से नहीं हो पा रही सिंचाई
- ओवरलोडिंग की बात कहकर बिजली विभाग के अधिकारी झाड़ रहे पल्ला

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में रोज ही तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच रहा है। इसके साथ ही जिले में भीषण बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों इलाकों को बमुश्किल पांच से छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। शहरी इलाके में अघोषित बिजली कटौती और बार बार हो रही ट्रिपिंग से लोग परेशान हैं। आपूर्ति होने पर भी लो वोल्टेज होने से जहां किसान नलकूप से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं लोगों के सामने पेयजल की समस्या पैदा हो गई है। उधर, विभाग ओवरलोडिंग की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ रहा है।

आसमान से आग बरस रही है। ऐसे में किसानों की फसलों को पानी की अधिक जरूरत है। बिजली कटौती होने से किसानों की फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसलें सूखने की कगार पर हैं। मक्का हो या मूंगफली की फसल सभी को पांच से छह दिन में पानी लगाना पड़ रहा है। किसानों को 10 घंटे निर्बाध बिजली देने के सरकार के आदेशों की भी धज्जियां बिजली विभाग उड़ा रहा है। किसानों को 10 घंटे के स्थान पर पांच से छह घंटे ही बिजली दी जा रही है। जो बिजली मिल भी रही उसमें लोवोल्टेज के चलते निजी नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इससे फसलें सूखने लगी हैं। यही हाल आम बिजली उपभोक्ताओं का है। उनको 18 घंटे बिजली देने के आदेश देहात में हैं। पर विभाग की ओर से ओवरलोडिंग की बात कह कर कटौती की जा रही है। 18 घंटे के स्थान पर 10 से 12 घंटे ही बिजली दी जा रही है। शहर में 24 घंटे बिजली देने के आदेश के बाद भी कटौती की जा रही है। ओवरलोडिंग को कम करने के लिये कन्नौज में स्थापित 132 केवी बिजलीघर से फोन कर उपकेंद्रों को काट-काट कर बिजली देने के निर्देश दिए गए हैं। इसका पालन एसएसओ कर रहे हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रांसमिशन सेंटर में 40 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिसे सोमवार को चार्ज किया गया। इसको लेकर कई उपकेंद्रों की बिजली तीन बजे से पांच बजे तक काटी गई। भीषण गर्मी में दो घंटे की हुई कटौती से लोग बेहाल हो गए। कुछ देर के लिए बिजली आई और फिर से गुल हो गई। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर के चालू हो जाने के बाद आधे जिले में लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जायेगी। मंगलवार से नई व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी।

### उमस भरी गर्मी, ऊपर से बिजली कटौती ने किया हलकान

**तिर्वा।** उपभोक्ताओं को कटौतीमुक्त बिजली देने के उद्देश्य से कस्बे में अंडरग्राउड बिजली केबिल डाली गई थी। इसके बाद भी नगर में बिजली कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी व उमस भरे मौसम में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कई-कई बार बिजली कटौती की जा रही है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस से लोग पहले ही परेशान हैं, ऊपर से बिजली की कटौती इस समय आग में घी डालने का काम कर रही है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। रात के समय लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे धीमी गति से चलते हैं। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। बिजली कब आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय-सारणी ही नहीं है। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि भीषण गर्मी में मशीनें ओवरलोड हो रहीं हैं। इसी के चलते बार बार फाल्ट हो रहे हैं। फाल्ट तत्काल सही कराकर आपूर्ति दी जा रही है।



एक्सईएन मगन सिंह को ज्ञापन देते सपा नेता नवाब सिंह यादव व अन्य सपाई। अमृत विचार

# कटौती के विरोध में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन, सुधार न होने पर प्रदर्शन की धमकी

**अमृत विचार।** जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में सपाइयों ने सोमवार को अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान समस्या के निस्तारण के लिए एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। समस्या का निस्तारण न होने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जिले में हो रही बिजली कटौती के विरोध में अधिशाषी अभियंता विद्युत मकरंदनगर कन्नौज मगन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि कन्नौज जिले में आलू और मक्का की फसल प्रमुख रूप से होती है। इस समय मक्का की फसल में दाना पड़ रहा है। ऐसे में मक्का की फसल को पानी की बहुत जरूरत होती है, परन्तु बिजली की भीषण कटौती से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इसके चलते सिंचाई के अभाव में फसलें सूख रही हैं। किसानो के चेहरे पर से मुस्कान गायब हो गई है। समाजवादी लोग किसानो की खुशहाली के लिए विभाग के उच्च अधिकारी से अनुरोध करने आए कि बिजली की सुचारु व्यवस्था की जाएं, नहीं तो सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे। इस मौके पर संजय दुबे, अमित मिश्रा, सुरेन्द कुशवाहा, मनोज कठेरिया, धर्मवीर पाल, रमेश यादव, गुड्डू अहसन, गोल्डी यादव, देवराज यादव, दीपू यादव, सत्येन्द्र यादव, भूरा यादव, आकाश पाण्डेय, सुरजीत यादव, अतुल मौर्य, लाला राजपुत, कुसमाकर यादव, अनुज, राजू यादव, अजय यादव, सचिन राठौर, रानू सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू भानू गुट ने भी दिया ज्ञापन

**तिर्वा, कन्नौज।** उमर्दा कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सात घंटे से भी कम बिजली मिलने से किसान समेत आम जनमानस बेहाल है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष आकर्ष सिंह की अगुवाई में यूनियन के सदस्यों ने एसडीओ कुलदीप राजपूत को ज्ञापन दिया। इसमें गर्मी के समय 24 घंटे आपूर्ति करने की मांग की है। कहा कि बिजली न होने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसान डीजल इंजन का सहारा ले रहे हैं, जिस कारण उनकी जेब पर भार बढ़ रहा है। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अलोक कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

# भाकियू ने किया प्रदर्शन, 18 घंटे आपूर्ति की मांग उठाई

संवाददाता,गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ विद्युत कटौती की समस्या लोगों को परेशान कर रही सिंचाई के अभाव में किसानों की फसल भी सूख रही है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विद्युत उपकेन्द्र का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने नारेबाजी कर लगभग दो घंटे तक धरना दिया। एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही व जेई विकास कुमार से समस्या के निस्तारण की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिजली आपूर्ति न मिल पाने के कारण किसानों की फसलें सूख रही हैं। उन्होंने एसडीओ को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि बिना भेदभाव के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति मुहैया कराई जाए। ट्रिपिंग की समस्या से निजात दिलाकर निर्वाध आपूर्ति दी जाए। कस्बा समधन में काफी दिनों से आपूर्ति वाधित है। इसका स्थाई समाधान कर समधन के आंशिक भाग को भी इंदुइयागंज उपकेन्द्र से जोड़ा जाए। चियासर फीडर की विद्युत आपूर्ति समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। ग्रामीण फीडर पर लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कर 18 घंटे आपूर्ति दी जाए। कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू अनिश्चित कालीन धरना के लिए वाध्य होगी। इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, साजिद हुसैन, मुईन अहमद, रिजवान अहमद, माहरूफ खान, अकील फारूखी, शबनूर खां, राहुल कुमार, उपेन्द्र सिंह, मो. रियाज, आलोक राजपूत, जीतू कुमार, रामलखन राजपूत, कृष्ण मुरारी, इरफान आदि मौजूद रहे।

### सूखी फसल लेकर बिजलीघर पहुंचे किसान

**गुरसहायगंज।** सोमवार को भाकियू टिकैत के धरना प्रदर्शन के दौरान समधन, चियासर, सद्दूपुर, मधवापुर, इस्माइलपुर, खाडेद्वेवर, अमोलर, डम्मरपुर्वा आदि गांवों से किसान सूखी फसल को लेकर बिजली घर पहुंचे। किसानों ने एसडीओ व जेई को धरना स्थल पर बैठा कर बिजली न मिलने के कारण सूखी फसल को दिखाया। किसानों ने कहा कि बीते एक पखवाड़े से बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। इसके कारण मक्का, मूंगफली आदि फसलें सूख रही है। फसल सूख जाने के कारण किसानों का भविष्य भी संकट में आ गया है।



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।



विकास भवन सभागार में बैठक में मौजूद ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान। अमृत विचार

# ग्राम स्वच्छता के लिए बनने लगी कार्ययोजना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विकास भवन में हसेरन, जलालाबाद व गुगरापुर के प्रधानों व सचिवों की हुई बैठक
- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के ग्रामों की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में ग्राम स्वच्छता की कार्य योजना बनाने को लेकर बैठक हुई। इसमें वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना बनाई गई। निर्धारित प्रारूप पर प्रक्रिया 23 व 24 मई तक पूरी कर पंचायती राज कार्यालय में जमा करने को कहा गया।

पंचायती राज विभाग की ओर से ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के प्रधान व ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक 18 मई को हुई थी। इसमें ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के गांव में कार्यों को लेकर चर्चा हुई। सोमवार को ब्लॉक हसेरन, जलालाबाद व गुगरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिवों को बुलाया गया। डीपीसी अनिल कुमार ने बताया कि अधिकारियों की ओर से कई पत्र भेजने के बाद भी ग्राम पंचायतों ने कार्ययोजना नहीं दी। इस पर नाराजगी जताई गई है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के मिशन निदेशक राज कुमार ने एसएलडब्ल्यूएम की बची हुई ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना जल्द मांगी गई है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित राजस्व ग्राम शामिल हैं। 18 से 22 मई तक कुल 297 गांव की कार्ययोजना बनेगी। निर्धारित प्रारूप पर आंकड़े व स्थलवार कार्ययोजना मांगी गई है। जो सचिव उपस्थित नहीं होंगे, उनका मई को वेतन रोक दिया जाएगा। 21 मई को ब्लॉक सौरिख व तालग्राम और 22 मई को उमर्दा व कन्नौज क्षेत्र के प्रधानों की बैठक होगी।

# घर मे घुसकर मारापीटा महिला से की छेड़छाड़

**तिर्वा, कन्नौज।** घर में घुसकर मारपीट के साथ छेड़छाड़ करने की घटना में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र मे उल्लेख किया कि उसके ससुर से बिनोरा निवासी अमित,नवनीत, सुमित्रा, अमर सिंह ने धोखाधड़ करके जमीन का बैनामा करा लिया। न्यायालय द्वारा बैनामा निरस्त होने के बाद जब उसने अपनी जमीन वापस मांगी तो उक्त लोग उसके घर पर घुस आए और मारपीट के साथ उसके साथ छेड़छाड़ की।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। तब उसने न्यायालय की शरण ली।

# सूरज के तेवर और तीखे, पारा पहुंचा 44 डिग्री के पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चले लू के थपेड़े, जरूरी होने पर ही लोग घरों से निकले
- हीटवेब के कारण घरों में दुबके रहे लोग, बाजार और सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**अमृत विचार।** सूर्यदेव के तेवर दिन पर दिन तीखे हो रहे हैं। दोपहर में सूरज ने अपना रौद्र रूप दिखाया तो आम जनमानस कराह उठा। दिन का अधिकतम तापमान भी 44 डिग्री को पार कर 45 के करीब पहुंच गया तो 15 किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से चलीं गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। दोपहर में स्थिति यह थी कि बाजार और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। लोग मुंह बांध कर बाहर निकले।

सोमवार को सुबह से ही वातावरण में गर्मी थी। दोपहर होते-होते पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक दिन का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा की गति 15 किमी प्रतिघंटा रही। इस समय सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधीं पड़ रहीं हैं, जिसके कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। पश्चिम दिशा से आ रही गर्म हवाओं के कारण मैदानी इलाकों में हीटवेब का असर है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं।

25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है जो तीन जून तक रहेगा। इस दौरान 25-30 किमी प्रतिघंटा के वेग से लू चलेगी और तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। सोमवार को गर्मी के साथ उमस से भी लोग परेशान रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए किसानों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। न्यूनतम तापमान भी बढ़ रहा है, जिसके कारण रात में भी गर्मी होगी। लोगों को चाहिए कि वह पानी अधिक पीयें और तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर निकलना आवश्यक हो तो पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें तथा धूप का चश्मा लगाएं। इसके साथ डॉक्टरों ने भी सलाह दी है कि तरल पेय का अधिक सेवन करते रहें जिससे शरीर निर्जलीकरण से बचे। निर्जलीकरण कई बार जानलेवा भी हो सकता है।



तेज धूप के बीच बच्चे को स्कूल से घर ले जाती महिला।

### डॉक्टर की सलाह, घर से खाली पेट न निकलें

**गुरसहायगंज।** कस्बे में सोमवार को दोपहर का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोगों को बाहर निकलने में मुश्किल का सामना करना पड़ा। शाम छह बजे तक यह 40 से 38 डिग्री के बीच रहा। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग छांव तलाशते दिखे। बिजली कटौती ने लोगों को खूब छकाया। अधिकारियों की लापरवाही के चलते शहर व ग्रामीण इलाकों में विद्युत कटौती जारी रही। कई बार ट्रिपिंग से लोगों को परेशानी हुई। सीएचसी के डॉ. नीरज का कहना है कि यह मौसम बीमारी बढ़ाने की आशंकाएं लेकर आया है। बचाव के लिए घर से मुंह पर कपड़ा बांध कर निकलें। घर से खाली पेट न निकलें। पानी साथ रखे।

# आदर्श आचार संहिता में जब्त हुआ कैश वापस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गुरसहायगंज के व्यापारी से बरामद हुए थे 4.81 लाख रुपये

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता को लेकर उड़नदस्ता टीम ने दो मई को गुरसहायगंज के व्यापारी से 4.81 लाख रुपये जब्त कर लिए थे। अधिकारियों ने सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर नकदी वापस करा दी।

कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी व एडीओ सहकारिता सुभाष चंद्र यादव ने एसआई इमरान खां के साथ जलालाबाद व जसोदा के बीच में ड्यूटी के दौरान वाहनों की तलाशी कराई। इस दौरान टेंपों में तलाशी के दौरान नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर रेलवे रोड निवासी व्यापारी संतोष गुप्ता के बैग से चार लाख 81 हजार 200 रुपये नकद बरामद हुए। उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी के मुताबिक नकदी के बारे में कोई साक्ष्य न मिलने की वजह से उसे जब्त कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया था। अधिकारियों की सुनवाई टीम में शामिल पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि व्यापारी संतोष गुप्ता ने रुपये बैंक से निकालने के साक्ष्य दिखाए। इससे तीन अधिकारियों की कमेटी ने रुपये रिलीज कर दिए। बताया गया है कि अप्रैल में प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने ही हरदोई जिले में तैनात पीडब्ल्यूडी एक्सईएन की गाड़ी से एक लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किए थे। कई दिनों तक चली सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर उसे भी रिलीज कर दिया गया है। आचार संहिता के दौरान किसी भी व्यक्ति को अधिकतम 50 हजार रुपये तक ही लेकर चलने की अनुमति थी।

## सार-संक्षेप




ग्राम तेराजाकेट की गली में लगे पोल पर लगा बोर्ड। अमृत विचार

### समाज को नशामुक्त करने के लिए छेड़ी मुहिम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन प्रशासन के साथ-साथ समाजसेवी ने भी समाज को नशा मुक्त करने की मुहिम छेड़ी है। ग्राम तेराजाकेट निवासी समाजसेवी ललित त्रिपाठी ने समाज को नशा मुक्त करने के लिए अपने ही गांव से मुहिम छेड़ी है। उन्होने शराब छोड़ने के लिए स्लोगन लिखे कटआउट, पोस्टर, होर्डिंग आदि को गांव की गलियों में लगे बिजली के पोलों सहित जगह-जगह लगाया है। जबकि वह मौखिक रूप से भी घर-घर जाकर ग्रामीणों को शराब सहित नशा का सेवन न करने के लिए जागरूक भी कर रहे है। समाजसेवी ने बताया कि जब समाज नशा मुक्त होगा। तभी वर्तमान व आगामी पीढ़ी देश के विकास में सहभागी बनेगी। साथ ही उनके परिवार का सामजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर भी सुधरेगा। समाज को नशा मुक्त करने के लिए फिलहाल वह अकेले ही बिगुल फूंक रहे है। हालांकि अब उन्हे समाज के प्रबुद्धजनों का भी सहयोग मिल रहा है। उनका मानना है कि नशा मुक्त समाज ही विकसित भारत की आधारशिला को रख सकता है। उनके इस कार्य की कई लोग प्रशंसा कर रहे है। तो कई लोग इसे लोकप्रियता पाने का पैंतरा बना रहे हैं।

### रंजिशन दंपति से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज की और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम तेराजाकेट निवासी विकास कुमार जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि राजकिशोर जाटव, संगीता देवी ने रंजिश को लेकर आठ मई की दोपहर लगभग तीन बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसकी पत्नी फूलन देवी को मारपीट कर घायल कर दिया जबकि 19 मई की शाम लगभग 05 बजे उसे भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक की जेब से पार किए 54 हजार रुपये

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के हिम्मतपुर गांव निवासी युवक तिर्वा कस्बे मे मवेशी की बिक्री करके जा रहा था। रास्ते मे उसकी जेब से किसी व्यक्ति ने 54 हजार रुपये जेब काटकर निकाल लिए। जब वह बस स्टाप पर पहुंचा तो जेब कटने की जानकारी हुई। उसने काफी खोजबीन की पर कुछ पता न लग सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**जताया आक्रोश** कसावा क्षेत्र के कबीरगंज गांव में विद्युत विभाग के कर्मचारियों के सामने हुई अभद्रता

# ब्राह्मण-क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी, वीडियो वायरल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



नायब तहसीलदार भरत कुमार को ज्ञापन देते क्षत्रिय व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** बकायेदारी में कनेक्शन काटने गई बिजली विभाग की टीम के सामने एक युवक ने ब्राह्मण व क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी की तो प्रशासन को भी चुनौती दे डाली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे दोनों समुदाय में आक्रोश उत्पन्न हो गया। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में कार्रवाई न हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को तहसील पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे व क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार भरत कुमार को दिया। उन्होंने बताया कि तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरगंज कसावा निवासी युवक अरविंद कुमार यादव ने बिजली विभाग की टीम के सामने संपूर्ण ब्राह्मण और क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी करते हुए अपशब्द कहे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर आरोपी पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। आरोपी ने क्षत्रिय और ब्राह्मण समाज के अपमान के अलावा सरकारी कार्य में बाधा डाली और शासन-प्रशासन को भी चेतावनी दी है। इस मौके पर डॉ. वरुण प्रताप सिंह, शैलू मिश्रा, अमित दुबे रानू, अन्नू चौबे, अनुराग तिवारी, चंद्रकांत दुबे, राजेश शुक्ला, अमित दीक्षित, संजीव सिंह चौहान, अमर त्रिपाठी गौरव, विनीत चतुर्वेदी, विवेक दीक्षित, अजय दुबे, दीपक द्विवेदी, अवधेश मिश्रा, पवन दुबे, अनिल तिवारी मौजूद रहे।

### लाइनमैन को फावड़ा लेकर था खदेड़ा

आरोपी अरविंद यादव ने कनेक्शन काटने गए लाइनमैन शीशपाल को फावड़ा लेकर खदेड़ लिया था और जान से मारने की धमकी दी थी। उसी दौरान उसने प्रदेश सरकार को गालियां देते हुए कहा कि इस सरकार में ब्राह्मणों और ठाकुरों पर हजारों रुपये का बिल बकाया है, फिर भी उनके कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं। उनके समाज (यादव) को परेशान किया जा रहा है। उसने कहा कि वह जेल जाने से भी नहीं डरता है। उसके खिलाफ जेई विद्यासागर ने भी तहरीर दी है।

"वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है और इसकी शिकायत भी की गई है। तालग्राम थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

-उमाकांत तिवारी, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ

# बाइक की टक्कर से वृद्ध गंभीर

**कन्नौज।** बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्रके गांव फगुहा भट्ठा निवासी रामासरे (65) पुत्र रामचरन सोमवार को आटो पर बैठ कर नसरापुर स्थिति एक नर्सिंगहोम में दवा लेने आया था। ऑटो से उतर कर वह नर्सिंगहोम में जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गये। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को पोन कर उनको जिला अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी परिजनों को दी गई तो पुत्र मौके पर पहुंचा। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान नाक से खून निकलने व उल्टी आने से डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# अनाज में नमी अधिक तो कीट और फंफूदी से होगा नुकसान

- भंडारण कक्ष में ऑक्सीजन की मात्रा कम होनी चाहिए
- खेतों में पाए जाने वाले सूंड़ी और पतंगा भंडार कक्ष में पहुंच जाते

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** फसलों की कटाई के बाद अनाज भंडारण में होने वाले कीटों के नुकसान का प्रतिशत दो से 2.5 है। भंडारण के लिए अनाज में यदि 10 फीसदी से अधिक नमी होती है तो कीट और फंफूदी तेजी से बढ़ती है। इससे अनाज में जमाव क्षमता कम हो जाती है यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। यह बात प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने कही।

उन्होंने सुरक्षित अन्न भंडारण करने से प्रतिवर्ष होने वाले नुकसान को कम करने वाली जानकारी साझा की है। अच्छे उत्पाद का सही मूल्य भी मिलता है। प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी का कहना है कि यदि भंडारण कक्ष/पात्र में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में है तो कीटों के लगने की संभावना अधिक होगी। भंडारण कक्ष का तापमान कम रखकर कीटों कम किए जा सकते हैं। खेतों में पाए जाने वाले सूंड़ी, पतंगा, बीटल बोरों के भंडार कक्ष में पहुंच जाते हैं। मढ़ाई के समय थ्रेशर आदि में मौजूद कीट भंडारण तक अन्न के साथ पहुंचते हैं।

ढोने वाले साधन ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ी के माध्यम से अनाज के साथ भी भंडार कक्ष में पहुंच जाते हैं। पुराने भंडारण कक्ष में मौजूद कीट अनुकूल समय पर अनाज पर संक्रमण कर देते हैं।

### ये बरतें सावधानियां

प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि सुरक्षित अन्न भंडारण के लिए गोदाम कोठला/ भंडार गृह को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिए। दरार या बिल आदि को बंद कर देना चाहिए जिससे चूहे, नमी, कीट का प्रवेश ना हो सके। पुराने बोरों बखारी कुठला आदि को मैलाथियान 50 प्रतिशत 1:100 के अनुपात में घोल बनाकर छिड़काव करें। बोरों को 10 मिनट भिगोकर सुखा लें तथा बाद में भण्डारण करें। अनाज को अच्छी प्रकार सुखा लें नमी 10 प्रतिशत से अधिक ना रहे तब भंडारण करें। यदि भण्डारण कक्ष/ गोदाम में करना है तो फर्श पर 2.5 फीट नए भूसे की पर्त बिछाकर बाद में बोरों की छल्ली लगाएं। अनाज भंडार पात्रों में पेंदी व बीच में नीम की सूखी पत्ती रखने से कीटों का प्रकोप कम होता है। कृषि विभाग कीट रोग नियंत्रण योजना में पंजीकृत कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर (2000 रुपये प्रति बखारी) डीबीटी के माध्यम से अनुदान देता है।



# मतगणना के लिए नियुक्त किए जाएंगे गणना पर्यवेक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर बनाई मतगणना की रूपरेखा
- चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार नियुक्त होंगे मतगणना कार्मिक

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतगणना कार्मिक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। मतगणना स्थल पर सभी तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है, जिससे कि बाद में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी प्रकार सुरक्षा के भी कडेक बंदोबस्त किए जाएंगे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना की रूपरेखा तैयार करते हुए यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कही। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर शुद्ध पानी, विद्युत, साफ सफाई की व्यवस्था होगी तथा मतगणना के समय लाइट जाने पर तत्काल आटोकट जेनरेटर की व्यवस्था रहेगी, जिससे मतगणना में किभी प्रकार की असुविधा न हो।

सुबह आठ बजे मतगणना नवीन मंडी स्थल में प्रारंभ होगी, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पंडाल में 14-14 टेबिलों की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की गयी है। कोई भी गणना कार्मिक या मतगणना अभिकर्ता निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के विपरीत कार्य करेगा, तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल मिश्रा समेत सभी उप जिलाधिकारी व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार उपस्थित रहे।



बैठक में निर्देश देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद व अन्य।

### एसपी ने रूट मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

**कन्नौज।** चुनाव के बाद अब मतगणना होनी है। किसी तरह की अराजकता न हो इसको लेकर एसपी ने अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह के साथ नवीन मण्डी स्थल, अंधामोड, सरायमीरा बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, तिर्वा रेलवे क्रोसिंग व मुख्य चौराहों पर पैदल रूट मार्च कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। यह रूट मार्च चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर किया गया। कहा गया कि लोग बेखौफ होकर रहें। अराजकता करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेंगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के अलावा अन्य पुलिस मौजूद रही।



सरायमीरा जीटी रोड पर रुट मार्च करते एसपी, सीओ, कोतवाल व अन्य।

# कई प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में 20-20 विद्यार्थी तक नहीं मौजूद

## कहीं शिक्षक रुचि नहीं ले रहे तो अनेक विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अभिभावक राजी नहीं

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मिड-डे मील के लिए वर्ष 2023-24 के मांगपत्र से सामने आई हकीकत

**अमृत विचार।** जनपद में कई ऐसे प्राथमिक व जूनियर स्कूल हैं, जिनमें 20-20 विद्यार्थी तक पंजीकृत नहीं हैं। बताया जा रहा है कि नामांकन बढ़ाने के लिए कहीं अध्यापक रुचि नहीं ले रहे हैं तो उनके विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अभिभावक भी राजी नहीं हैं। कुछ विद्यालयों में तो छात्र संख्या के हिसाब से अध्यापकों की तैनाती भी अधिक है। मिड-डे मील के लिए गेहूं व चावल की मांग वाले पत्र से वर्ष 2023-24 की छात्र संख्या से हकीकत सामने आई है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को नौ मई को पत्र लिखा है। इसमें 30 सितंबर 2023 तक बीईओ की ओर से दी गई छात्र संख्या दर्शाई गई है। कहा गया है कि इसके हिसाब से मिड-डे मील के तहत अप्रैल से जून 2024 तक खाद्यान्न आवंटन किया जाए। कुल फ्रोटीफाइड चावल 4883.900 क्विंटल और 2405.540 क्विंटल गेहूं की मांग हुई है। पत्र में जिक्र है कि ब्लॉक सौरिख क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल (पीएस) अजायगपुर में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 20 है। पट्टी, नरहा हविलिया व लुहन्ना में 22-22 और हुसैपुर में 24 बच्चे नामांकित हैं। इसी तरह सदरपुर द्वारिकापुर में 23, घासीपुर्वा में 20 व ब्राह्मणपुर्वा में 24 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। हिसामुद्दीनपुर में 19, होलेपुर में 25, रहमतपुर में 26, लक्ष्मनपुर में 20, पायकापुर्वा में 20, रम्पुरा में 20, भुरजानी में 31 विद्यार्थी हैं।



"सभी बीईओ व प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि गांव में अभिभावकों से संपर्क कर छात्र-छात्राओं की स्कूलों में नामांकन संख्या बढ़ाई जाए। परिषदीय स्कूलों में जो सुविधाएं बच्चों के लिए मिलती हैं उनका भी प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में भी चर्चा होगी। स्कूल खुलते ही अभियान चलेगा। अगर कहीं नामांकन कम हैं तो वहां विशेष ध्यान दिया जाएगा।

-उपासना रानी वर्मा, बीएसए

### इन विद्यालयों में 50 का आंकड़ा नहीं

नगर क्षेत्र के कन्या उच्च प्राथमिक स्कूल सिपाहीठाकुर में 44, उच्च प्राथमिक स्कूल सरौली में 41, उच्च प्राथमिक स्कूल पल्योरा में 31, निकारीपुर में 42, सिंहपुर में 40, वरियापुर में 36, अज्यौरा में 47, झौआ में 34, नुनारी में 42, बेहरापुर में 40, जटियापुर में 46, नौरंगपुर नगरिया में 35, बलनापुर में 38, करौंदा शाहनगर में 44, हरेईपुर में 33, मझिला में 37, जैनपुर में 35, तिजलापुर में 48, फकरपुर बरेवा में 29, जसापुर्वा में 29, रतनपुर सरैया में 34, अलमापुर में 28, अहिकरापुर में 34, गपचरियापुर में 24, गुलरिया में 32, पीएस छंगेपुर्वा में 31, खरगपुर में 33, कुंअरपुर में 34, रहीमपुर में सात, मक्कापुर्वा में 27, अल्लहापुर में 23, हरचंदापुर में 20, रिक्खापुर्वा में 25, बेलामऊ में 23, रामनगर 21, छतरपुर 22, खितारी 23 व सादिकपुर 23 में छात्र-छात्राएं नामांकित बताए गए हैं।

### इन पीएस व यूपीएस में 20 से कम छात्र संख्या

| विद्यालय | छात्र संख्या | विद्यालय | छात्र संख्या | विद्यालय | छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| जोतपुर्वा | 15 | भूठाचरवारी | 08 | सरफापुर | 18 |
| बिहारीपुर | 14 | सदरपुर | 11 | धरनीधनपुर नगरिया | 19 |
| राजपुर करना | 19 | बिबिया जलालपुर | 19 | जलालपुर दीनदारपुर | 12 |
| नंदपुर खिरिया | 11 | रौतामई | 16 | नेहरूनगर संतोषा | 17 |
| गहपुरा | 15 | कबीरपुर | 16 | हडापुर्वा | 05 |
| बसवारी | 13 | बिलंदापुर | 19 | निकोवनपुर्वा | 14 |
| दीनापुर | 10 | तुर्कपुर | 14 | | |
| उस्मानपुर | 17 | | | | |

## वृद्ध सास-ससुर को पीट कर घर से निकाला

**तालग्राम।** बहुओं ने वृद्ध सास-ससुर को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुत्रों ने भी इसका विरोध नहीं किया। इसके कारण उन्हे गांव के बारात घर में तिरपाल तानकर जीवन यापन करना पड़ रहा है।

ग्राम निवासी 65 वर्षीय वृद्ध ने बताया कि उसके दो पुत्र हैं। दोनों का विवाह हो चुका है। जीवनयापन के लिए उसके पास दो बीघा कृषि योग्य भूमि है लेकिन उसकी बहुएं समय से भोजन नहीं देतीं और आए दिन विवाद करती हैं। इसका पुत्र विरोध नहीं करते। लगभग छह दिन पहले पुत्रवधुओं ने उसे व पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इससे दंपति गांव के बाहर बने बारात घर में तिरपाल में रहकर गुजर बसर कर रहे हैं। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि बुजुर्ग दंपति ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

# सड़क हादसे की शिकार बस को पुलिस और यूपीडा टीम ने छोड़ा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- तेज रफ्तार ट्रक ने मारी थी टक्कर, हादसे में 30 सवारियां हुई थीं घायल

**अमृत विचार।** गोरखपुर से सूरत जाते समय शनिवार को हादसे की शिकार हुई बस को पुलिस व यूपीडा टीम ने उसी दिन दोपहर बाद छोड़ दिया। घटना में 30 सवारियां घायल हुईं थीं जिनमें से कुछ का सैफई मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

शनिवार सुबह पांड्या वॉल्वो स्लीपर कोच बस गोरखपुर से सूरत गुजरात 80 से अधिक सवारियां भरकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते जा रही थी। सकरावा थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 139 मिश्राबाद के पास शनिवार सुबह 4 बजे के करीब चालक ने पीली पट्टी पर बस खड़ी कर दी। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। हादसे में 30 से अधिक सवारियां घायल हो गई थीं। घायलों को सीएचसी सौरिख, तिर्वा मेडिकल कालेज और सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। कुछ का अब भी इलाज चल रहा है।

हादसे के बाद पुलिस व यूपीडा टीम ने ट्रक बस को कब्जे में लेकर टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया था। दोपहर बाद पुलिस व यूपीडा टीम ने बगैर कार्रवाई के बस को छोड़ दिया।

इस बारे में सकरावा थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली थी इसलिए बस को छोड़ दिया जबकि यूपीडा टीम के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने कहा कि कोई कार्रवाई न होने पर बस मालिक को सौंप दी गई।

### तो फर्जी कागजों से दौड़ रही थी बस!

**छिबरामऊ।** एक्सप्रेस वे पर शनिवार को हादसे का शिकार हुई बस को पुलिस व यूपीडा टीम ने बस को 24 घंटे भी कब्जे में नहीं रखा। बस का नम्बर ए आर 11 सी 1178 है। आज के कम्प्यूटर युग में दौर में सभी नए पुराने वाहनों का रिकॉर्ड आनलाइन है उसके बावजूद इस बस का रिकॉर्ड आनलाइन नहीं है। इससे लगता है कि एक्सप्रेस वे पर धड़ल्ले से अवैध बसें फर्राटा भर रही हैं। इस बारे में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी का कहना है कि बस अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत है और वहां का रिकॉर्ड अभी आनलाइन नहीं हैं।

# 'भाकियू अवधेश गुट में किसानों का हित सर्वोपरि'

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन अवधेश गुट की नादनपुर गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों की समस्याएं सुन निस्तारण का भरोसा दिया और कहा कि संगठन में किसानों का हित सर्वोपरि है।

सोमवार को नादनपुर गांव में आयोजित चौपाल में राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा संगठन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। संगठन में पदाधिकारी से सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता है। आनंद गुप्ता ने सभी नये व पुराने पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि जितना साथ वे देंगे उससे कई गुना ज्यादा संगठन साथ देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने जिलाध्यक्ष कन्नौज राम मनोहर पाठक की संस्तुति पर राजेश कुमार त्रिपाठी को जिला महामंत्री, विनोद सिंह को जिला महासचिव, आशीष भदौरिया को मंडल संगठन मंत्री, युवा रामवीर सिंह चौहान को ग्राम सभा अध्यक्ष, श्यामवीर चौहान को ग्राम सभा उपाध्यक्ष, शैलेंद्र सिंह चौहान को ब्लॉक उपाध्यक्ष, महेश सिंह चौहान को ग्राम सचिव, महेंद्र सिंह चौहान को ग्रामसभा मंत्री, ऋषि चौहान को जिला उपाध्यक्ष युवा बनाया गया। मनोनयन पर पवन तिवारी, अश्वनी मिश्रा, सूरज शाक्य, लालू यादव, युवा प्राण दीक्षित, सुनील कुमार जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी ने हर्ष जताया।



ई-रिक्शा चालकों को निर्देश देते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

# यातायात नियमों का पालन न करने पर रद होगा लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** ओवर स्पीड व रांग साइड तथा नशे की हालत में गाड़ी चलाने से दुर्घटनाएं अधिक हो रहीं हैं। यातायात के नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद कर दिए जाएं, तभी हादसों पर अंकुश लगेगा। अधिक दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दिए।

डीएम ने कहा कि दो पहिया और चार पहिया वाहन छोटे बच्चों को कतई न दें। अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद ही वाहन दें। बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ ही उसकी उपयोगिता भी बतायी जायें। वाहन चलाते समय सीटबेल्ट या हेलमेट का प्रयोग न करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए की सड़क में अनाधिकृत कट को बंद किया जाए। हाईवे के अंडर पास वाले स्थानों पर कैमरे और चेतावनी बोर्ड भी लगवाएं। यातायात पुलिस से कहा कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना, अंडर एज ड्राइविंग, वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होना, स्कूल वाहन मानको के अनुरूप न पाए जाने पर, बिना फिटनेस वाहन का संचालन, व्यावसायिक वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस का ना लगे होना तथा क्रियाशील होने की दशा में, मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अधिशासी अभियंता संजय कुमार, एआरटीओ इज्या तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह उपस्थित थे।

# 30 हजार लक्ष्य पर अब तक हो सकी मात्र 2000 क्विंटल ही गेहूं की खरीद

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गांव-गांव जाकर खरीद में लगे जिम्मेदार
- बाजार मे सरकारी कीमत से अधिक दर पर हो रही है गेहूं की बिक्री

**अमृत विचार।** सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर लक्ष्य के दसवें हिस्सा की भी खरीद नहीं हो सकी है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए विपणन शाखा के प्रभारी किसानों से संपर्क कर गांव-गांव जाकर गेहूं खरीद रहे हैं। अभी तक महज दो हजार क्विंटल की ही खरीद हो सकी।

किसानों की फसल का सही दाम मिल सके इसके लिए खरीद केंद्र खोलकर गेहूं क्रय किया जा रहा है। कस्बे की मंडी समिति में किसानों का गेहूं खरीद करने के लिए विपणन शाखा की ओर से खुले क्रय केंद्र को 15 जून तक 30 हजार क्विंटल गेहूं खरीद करने का लक्ष्य दिया गया है। बाजार मे सरकारी कीमत से अधिक दर पर बिक्री होने के बावजूद किसानों ने केंद्र पर गेहूं लाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। केंद्र प्रभारी राजकुमार ने बताया कि अभी तक केंद्र पर करीब पांच सौ क्विंटल गेहूं ही आया होगा। बाजार में अधिक भाव देखकर किसान केंद्र पर गेहूं नहीं ला रहे। लक्ष्य हासिल करने के लिए वह गांव-गांव जाकर किसानो से संपर्क करके गेहूं खरीद रहे हैं। अभी तक करीब दो हजार क्विंटल गेंहू की खरीद की जा चुकी है। प्रयास है कि लक्ष्य तक पहुंचा जाए।

## मादक पदार्थ के साथ दो को पकड़ा

**उन्नाव।** सीओ बीघापुर ने अचलगंज पुलिस के साथ मवइया माफी गांव के पास स्थित एक ढाबा में छापा मारकर 400 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। सीओ माया राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढाबे में दबिश दी गई। जहां से बिहार के थाना मनीगाछी के गांव वलिदपुर निवासी गोपाल उर्फ रब्बानी व बारासगवर के सीताराम खेड़ा निवासी अंकित पासी को पकड़ा गया। जामा तलाशी में उनके पास 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। छापेमारी से पहले ढाबा संचालक भागने में कामयाब रहा।

शिकंजा — जसपुरापुर सरैयां गांव में फलफूल रहे ऐसे क्लीनिक व मेडिकल स्टोर

# छापे की भनक से बंद रहे झोलाछाप के क्लीनिक

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपनी क्लीनिक के इर्द-गिर्द मंडराते रहे झोलाछाप
- सीएमओ ने इनके खिलाफ अभियान चलाने को कहा

**अमृत विचार।** सदर ब्लाक क्षेत्र के गांव जसपुरापुर सरैयां में झोलाछाप की कुली क्लीनिक के संबंध में प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। सोमवार को विभागीय अधिकारियों के छापे की भनक पर क्लीनिक बंद रहे, वहीं अवैध तरह से चल रहे मेडिकल स्टोरों के भी शटर गिरे रहे।

जसपुरापुर सरैयां में करीब एक दर्जन अवैध रूप से झोलाछाप के क्लीनिक संचालित हैं। इनके पास न तो डाक्टर की डिग्री है न ही सीएमओ कार्यालय से रजिस्ट्रेशन। इसी तरह यहां पर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर भी खुले हैं। झोलाछापों के पास पहुंचने वाले मरीजों को इन मेडिकल स्टोरों से दवाओं की खरीद कराई जाती है। इससे मेडिकल स्टोर संचालक को तो लाभ होता ही है साथ ही कथित डॉक्टरों को भी अच्छा कमीशन मिल जाता है। इससे यहां मरीजों के साथ खुलेआम लूट की जा रही है। सोमवार को अमृत विचार ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। इस खबर का असर सोमवार को दिखाई दिया। जसपुरापुर गांव में झोलाछाप की क्लीनिक के शटर बंद रहे। यहां क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप अपनी क्लीनिक के इर्द-गिर्द मंडराते रहे। बताया जाता है कि इन क्लीनिक संचालकों व अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों को जानकारी मिली कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उनके गांव में पहुंच कर छापेमारी करेंगे। इसीके चलते क्लीनिकों के सामने लगे बोर्ड उतार लिये गये। साथ ही मेडिकल स्टोरों को भी बंद कर दिया गया। पूरे दिन इंतजार के बाद जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे तो शाम पांच बजे के बाद झोलाछापों के क्लीनिक भी खुले और मेडिकल स्टोरों पर भीड़ दिखाई दी। इस संबंध में सीएमओ डॉ, विनोद कुमार का कहना था कि विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जायेगा। झोलाछापों की क्लीनिक बंद करा कर कार्रवाई की जायेगी।



मौसम की मार, झोलाछाप हो रहे गुलजार

सोमवार को प्रकाशित खबर।

## सार-संक्षेप

### भूमि विवाद में छह लोगों पर रिपोर्ट

**तालग्राम, कन्नौज।** भूमि विवाद को लेकर ग्राम रसूलाबाद में हुए खूनी संघर्ष में जहां पुलिस ने दूसरे पक्ष से छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है तो वही अब तक दोनों पक्षों से 15 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। तीन घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। ग्राम रसूलाबाद में शुक्रवार की रात भूमि विवाद को लेकर रानू व शमीम के परिजनों बीच खूनी संघर्ष हुआ था। दोनों पक्षों के लोगों ने लाठी डंडे चलाकर पथराव किया था। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षो से 07 लोगों को गिरफ्तार किया था। शीबू, नसरीन, साज़िद, अरबाज व शमीम घायल हो गए थे। इसमें तीन लोगों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने घटना वाली रात रानू की तहरीर पर नौशाद, नईम, बीरू उर्फ फईम, इकबाल व शमीम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पुलिस ने शमीम की तहरीर पर दूसरे पक्ष से शानू, गुड्डू, रानू, शीबू, साजिद व सरफुद्दीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि मामले में जांच चल रही है। आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

### आरा मशीन के ताले तोड़ कर लाखों की चोरी

**छिबरामऊ।** एन एच 34 जीटी रोड स्थित एक आरा मशीन के आठ ताले तोड़ कर घुसे चोरों ने लाखों के औजार चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होते ही पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। मोहल्ला विरतिया निवासी रमेश त्रिपाठी पुत्र सूबेदार त्रिपाठी ने बताया कि छोटे भाई गिरीश त्रिपाठी की एन एच 34 जीटी रोड मोहल्ला किदवई नगर में आरा मशीन है और पिछले कुछ समय से बंद चल रही थी। सोमवार की सुबह जब वहां जाकर देखा तो मशीन में लगे सेंट्रल लॉक के 8 ताले किन्हीं चोरों ने तोड़कर मशीन चलाने वाले दो व्हील, बिजली का एक मेन स्विच, बिजली का एक स्टार्टर, आरी जोड़ने वाला पंखा, हैंडपंप की मशीन, तीन पुली, औजारों में धार लगाने वाला अड्डा तथा बिजली की वायरिंग तोड़कर चोरी कर ली। पीड़ित रमेश त्रिपाठी ने तहरीर के माध्यम से कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है।

### महादेवी घाट को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान

**कन्नौज।** नमामि गंगे एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के तत्वावधान में सोमवार को महादेवी गंगाघाट पर गंगा प्रहरियों ने प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर कार्यक्रम किया। इसमें गंगातट पर प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और गंगा तट पर साफ सफाई भी की। गंगा प्रहरी विकास कुशवाहा ने बताया कि यह कार्यक्रम नदियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इसमें 15 नदियां शामिल हैं और यह वृहद अभियान 62 स्थानों पर चलाया जा रहा है। इस मौके पर प्रिया, प्रतिभा, काजल, शालू, शिवानी, सपना, सौम्या, माधव, अनस, शाबान खान, पवन कटियार मौजूद रहे।



महादेवी घाट पर मौजूद गंगा प्रहरी व अन्य लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### खेत की मिट्टी बेचने पर पिता ने की शिकायत

**फर्रुखाबाद।** खेत की मिट्टी बेच देने पर पिता ने पुत्र के खिलाफ कमालगंज थाने में तहरीर दी है। थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव देवधरापुर निवासी शंकरलाल ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके पुत्र ने उन्हें बिना बताए खेत की मिट्टी बेच दी। मिट्टी उठ जाने से खेत में फसल नहीं हो सकेगी। जब पुत्र से विरोध किया तो वह गालीगलौज करने लगा। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### कूड़ा निस्तारण केंद्र के बिल बाउचर किए तलब

**फर्रुखाबाद।** डीपीआरओ ने कूड़ा निस्तारण केंद्र के बिल बाउचर तलब किए हैं। डीपीआरओ राजेश चौरसिया के निर्देश पर सभी एडीओ पंचायत ने ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि वह लोग कूड़ा निस्तारण केंद्र के बिल बाउचर उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही व्यय की गई धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र भी मांगा है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लॉक क्षेत्र की 80 ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण केंद्र बनवाए जा रहे हैं।

### पारिवारिक विवाद में हसियां मारकर किया जख्मी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गाँव बरझाला निवासी संजेश पुत्र प्रमोद दीक्षित को परिवार के ही शिवम पुत्र जय देव दीक्षित, जयदेव पुत्र रामविहारी दीक्षित ने पारिवारिक विवाद मे मारपीट करते हुए हसिया से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट की सूचना पुलिस को दी गयी ।जिसपर पुलिस ने घायल का सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया।

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटा घायल

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गाँव कोठी नगला निवासी श्रीदेवी पत्नी रामप्रकाश (60) थाना मेरापुर के गांव ब्राहिमपुर अपने बेटे के साथ वाइक स्व आ रही थी। तभी कायमगंज से जा रहे टैक्टर ने गनेश पुर के पास टक्कर मार दी। जिससे माँ बेटे घायल हो गए। दोनो को एबुंलेंस 108 के से अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मां–बेटे को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

### भाई ने पिता व बहन को पीट कर घायल किया

**फर्रुखाबाद।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव इकलहरा में पुत्र ने पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पुत्री ने भाई के खिलाफ तहरीर दी। गांव इकलहरा निवासी नाहर सिंह की पुत्री रुचि ने भाई के खिलाफ दी तहरीर में कहा कि भाई का पिता से विवाद चल रहा है। सोमवार को भाई ने साथियों के साथ पिता के साथ गालीगलौज कर पीटा।

# नाबालिग पुत्री से गैंगरेप में पिता सहित पांच को आजीवन कारावास

## गर्भपात कराने में दादी को भी मिली 8 साल की सजा, 50 हजार अर्थदंड का आदेश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



- एक-एक लाख रुपये अर्थ दंड वसूले जाने का भी आदेश
- 12 जनवरी 2020 को पीड़िता की मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म व उसका गर्भपात कराने के मामले में न्यायालय नें आरोपी पिता सहित पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट ने एक-एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने के आदेश दिये हैं। गर्भपात कराने के मामले में दादी को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 12 जनवरी 2020 को पीड़िता के ही पिता चर्चित लेखपाल समेत उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोपी पिता के दोस्तों के नाम भी उजागर कर दिये थे। मामले में विवेचक निरीक्षक जसबंत सिंह ने पीड़िता के बयान के आधार पर शहर के सिकत्तरबाग निवासी दवा व्यापारी विष्णु शरण रस्तोगी, रेलवे रोड निवासी दवा व्यापारी मनोज शाक्य, उसका दोस्त विकास नगर कॉलोनी बढ़पुर निवासी लेखपाल , फतेहगढ़ निवासी लैब संचालक सोनू तिवारी को आरोपित बनाया था। पीड़िता की दादी पर आरोप था कि उन्होंने सहयोग किया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट राकेश कुमार ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पीड़िता की मां ने दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया था कि मेरी बेटी जो कि 16 वर्ष की है उसके साथ काफी समय से मेरे पति दुराचार कर रहे थे। जब इस बात का पता चला तो मैंने पुत्री को वनस्थली विद्यापीठ जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया। उसने वहां भी पहुंच कर बेटी को जबरदस्ती वहां से ले जाकर दुराचार किया। इससे पहले वो बेटी को जबरन गाड़ी में बैठाकर कहीं बाहर के होटल में ले जाया करता था। अपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार कराता था। जब वह उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी तब वो मुझे व बेटी को बहुत मारता था। बेटी को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा रखा था। इस बजह से मेरी बेटी ने मुझे कभी ये बाते नहीं बताई। मेरी बेटी ने मुझे बताया कि मेरे पापा ने मेरे साथ गलत काम किया तथा वो मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे। इसके बाद वो मेरे साथ दुष्कर्म करते थे। दुधवा नेशनल पार्क तथा लखनऊ के होटलों में अपने दोस्तों के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस वजह से वो गर्भवती भी हो गयी। तब उसको आवास विकास के किसी डॉक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया। ये बताकर की वो उसका चाचा है।

इसके बाद जब मेरी बेटी वनस्थली जयपुर में थी। उसकी साथ की सहेलियों के साथ भी गन्दी-गन्दी बातें कर उनके साथ भी संबंध बनाने की योजना बनाई। बेटी ने इसका विरोध किया तो उसको गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी ऑडियो रिकार्डिंग भी मेरे पास है। बेटी ने बताया कि उसकी दादी ने भी कई बार पिता के साथ यह कहकर जबरन भेजा कि पिता का मूड ठीक हो जाएगा। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376, 313, 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

जिसमें विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया था। इस मुकदमे में पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार सिंह ने पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक- एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने का भी आदेश दिया है। न्यायलय ने गर्भपात कराने के मामले में दादी को 8 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार अर्थदंड वसूले जाने का आदेश दिया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## आपसी विवाद में ट्रांसफर नही हो रहा नलकूप कनेक्शन

**फर्रुखाबाद।** बाबा के नाम पर चल रहा ट्यूबवेल कनेक्शन आपसी विवाद के चलते परिजनों के नाम स्थानांतरित नहीं हो सका। इस मामले में एक विधायक ने बिजली अधिकारियों से सिफारिश भी की। लेकिन विभाग में उनकी एक न चली।

बढ़पुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव टिकुरियन नगला में एक ग्रामीण के नाम ट्यूबवेल कनेक्शन है। ग्रामीण की मृत्यु के बाद उनके परिजन ट्यूबवेल कनेक्शन अपने नाम करवाना चाहते हैं, लेकिन आपसी विवाद के चलते ऐसा नहीं हो पा रहा है। परिजन अपने-अपने नाम ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए बिजली अधिकारियों के पास सिफारिशें भी करवा रहे हैं।

मृतक ग्रामीण का एक परिजन सिफारिश कराने जनपद के एक विधायक के पास पहुंच गया। विधायक ने बिजली अधिकारियों को फोन कर मृतक ग्रामीण के परिजन के नाम ट्यूबवेल कनेक्शन स्थानांतरित करने की सिफारिश की। मगर बिजली अधिकारियों ने नियमों का हवाला देकर ट्यूबवेल कनेक्शन स्थानांतरित करने से इंकार कर दिया। कहा जा रहा कि आपसी विवाद होने की वजह से नलकूप कनेक्शन स्थानांतरित नहीं हो पा रहा है।

## माया हास्पिटल में प्रसूता की मौत होने पर हंगामा



जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र के माया हॉस्पिटल में प्रसव के लिए आई महिला की मौत हो गई। परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना सदर के ग्राम कबीरपुर निवासी प्रसूता तराना पत्नी कामरान को प्रसव पीड़ा होने पर माया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्रसूता का ऑपरेशन कर दिया और प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के बाद प्रसूता तराना की हालत बिगड़ गई और उसे तेज ब्लीडिंग होने लगी। प्रसूता की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। जिस पर डॉक्टर ने प्रसूता के परिजनों से दोबारा ऑपरेशन करने की बात कही। जिसके बाद डॉक्टर ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस के पहुंचते ही डॉक्टर प्रसूता को जिला अस्पताल लोहिया ले जाने की बात कहने लगा। तब तक डॉक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गयी। जिस पर पुलिस दबाव बनाकर पुत्री को लोहिया अस्पताल लेकर आई। वहां डॉ वैभव यादव ने प्रसूता तराना को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया । डॉक्टर ने बताया की प्रसूता को मृत अवस्था में लाया गया था। परिजनों ने माया हॉस्पिटल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पिता लईक अहमद ने बताया कि माया अस्पताल के डॉक्टर ने मेरी पुत्री का ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद प्रसूता की ब्लीडिंग बंद नहीं हुई । माया हॉस्पिटल के डॉक्टर के ऑपरेशन करने पर मेरी पुत्री की मौत हुई है। वहीं प्रसूता के परिजन बिना कार्रवाई किए शव लेकर चले गए।

# गर्मी से बिजली की खपत बड़ी , कटौती से निजात नहीं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** करीब एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। अप्रैल व मई के आंकड़ों के अनुसार बिजली की खपत करीब 90 से 100 मेगावाट पहुंच गई है। प्रचंड गर्मी से बढ़ी बिजली की मांग के चलते ट्रिपिंग की समस्या बढ़ी है। जनपद के तीन डिवीजन फर्रुखाबाद नगर, कायमगंज ग्रामीण और फर्रुखाबाद ग्रामीण क्षेत्र में दो माह में बिजली की खपत करीब 15 से 20 प्रतिशत बढ़ी है। रविवार रात को जनपद के तीनों डिवीजनों में अधिकतम मांग करीब 100 मेगावाट रही। बिजली की मांग बढ़ने से फीडर व ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं, जिससे ट्रिपिंग बढ़ रही है। सबसे ज्यादा बुरा हाल रात में रहता है। कायमगंज ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि मार्च की अपेक्षा अप्रैल व मई में लगभग 20 प्रतिशत बिजली की खपत अधिक है। नगर क्षेत्र के अधिशासी अभियंता बृजभान सिंह ने 15 प्रतिशत अधिक बिजली खपत होने की बात कही।

एक्सईएन फर्रुखाबाद ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार रात तीन मेगावाट बिजली की खपत हुई, जो मार्च की अपेक्षा करीब 15 प्रतिशत अधिक है।

### एसी, कूलर चलने से मांग में इजाफा

वैसे अमूमन सुबह बिजली की मांग कम रहती है, लेकिन मौजूदा समय में भीषण गर्मी के कारण सुबह भी एसी, कूलर और पंखे बंद नहीं हो रहे। इसके चलते भी बिजली की खपत बढ़ रही है।

### सभी डिवीजन उपकेंद्र व फीडरों पर एक नजर

| डिवीजन | उपकेंद्र | फीडर |
|---|---|---|
| फर्रुखाबाद नगर | 08 | 22 |
| फर्रुखाबाद ग्रामीण | 21 | 107 |
| कायमगंज ग्रामीण | 12 | 62 |

> मार्च की अपेक्षा अप्रैल और मई में 15 से 20 प्रतिशत बिजली की मांग बढ़ी है। इसका कारण है भीषण गर्मी। इसके साथ ही रात में कटिया डाले जाने व एसी, कूलर और पंखों के अधिक प्रयोग से भी मांग बढ़ी है। मार्च की अपेक्षा अप्रैल व मई में लगभग 90 से 100 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। जल्द ही बिजली चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड की समस्या कम की जाएगी।
>
> – अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता

## बिजली बिल की वसूली के लिए गई टीम को खदेड़ा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बिजली बिल बकाया वसूली के लिए गई टीम के साथ गांव वालों ने गाली गलौज कर दिया। बिजली टीम ने जो वीडियो बनाए थे उन्हें डिलीट कर कागज आदि गांव वालों ने फाड़कर फेंक दिए।

सोमवार को रुटौल डिवीजन कार्यालय से संविदा कर्मचारी मोनू राजपूत, रवेंद्र सिंह, सुनील कुमार गांव सुल्तानपुर में बिजली बिल बकाया वसूली के लिए गए हुए थे। टीम को आधा सैकड़ा गांव वालों घेर लिया। उनके मोबाइल व दस्तावेज छीन भी लिए। मोबाइल छीन कर वीडियो को डिलीट कर दिया गया। साथ ही कागज भी फाड़ दिए। इसके बाद मोबाइल वापस कर चेतावनी दी। गांव वालों ने टीम से कहाँ दोबारा गांव में दिखाई मत देना।कर्मचारियों ने पूरी घटना जेई को बताई। इस पर जेई वसीम रजा ने थाना कम्पिल में आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज कर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में तहरीर दी। कम्पिल थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि शिकायत मिली है। एसआई रामलखन को मौके पर भेजा गया।

## सार-संक्षेप



सीएम को ज्ञापन देने जा रहे सफाई कर्मी। अमृत विचार

### सभासद के पुत्र सफाईकर्मियों से कराते निजी कार्य, शिकायत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ एवं संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिका सफाई कर्मियों ने सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नम्बर एक मोहल्ला नेकपुर कला की सभासद रेखा त्रिवेदी के पुत्र अभय त्रिवेदी जो को लेखपाल भी है। द्वारा अभद्रता की जाती है। आरोप लगाया कि लेखपाल अभय त्रिवेदी नगर पालिका सफाई कर्मचारियों से गाली–गलौज करते हैं। जबरन निजी कार्य करवाते हैं। निजी कार्य न करने पर नौकरी से हटवाने की धमकी भी देते हैं । उसी के संबंध में उत्तर प्रदेश मजदूर सफाई मजदूर संघ एवं संयुक्त मोर्चा ने सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह को ज्ञापन सौपा और जांच कर कार्यवाही की मांग की है।



परिचय दीक्षा कार्यक्रम में भाग ले रहे स्काउट। अमृत विचार

### रस्तोगी इंटर कॉलेज में स्काउट दीक्षा कार्यक्रम आयोजित

**फर्रुखाबाद।** शहर के के आर रस्तोगी इंटर कॉलेज में स्काउट प्रवेश पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके सफल स्काउट्स हेतु दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट ध्वज के समक्ष ध्वज शिष्टाचार के साथ–साथ स्काउट के जनक लॉर्ड वेडेन पावल को सम्मान देकर प्रधानाचार्य से संतोष कुमार त्रिपाठी जिला स्काउट कोषाध्यक्ष , डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव जिला प्रशिक्षण आयुक्त, योगेश कुमार आईटी कोऑर्डिनेटर, जिला संगठन एवं जिला रोवर्स प्रशिक्षण की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ ।इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से स्काउट मास्टर गजेंद्र सिंह चौहान एवं डॉक्टर यशवंत सिंह राठौड़ ने संचालित कराया। इस अवसर पर रामवीर सिंह, सोलन सोमवंशी, नागेंद्र पाल सिंह, सुनील शर्मा, एवं विद्यालय के समस्त स्काउट उपस्थित रहे।



टूर्नामेंट की शुरुआत करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### ठाकुरजी महाराज क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर–कस्बा स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के पीछे मैदान में ठाकुर जी महाराज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टीमों से एंट्री फीस लेकर उनके मैच कराए जा रहे हैं। सचिन दुबे व अभिषेक उर्फ़ लकी चित्रांश द्वारा निष्पक्ष अंपायरिंग कर भरपूर सहयोग किया गया। आयोजकों द्वारा बताया गया एक टीम की एंट्री फीस 2100 सौ रुपये रखी गई। फाइनल जीतने वाली टीम को 20000 व उपविजेता टीम को 10000 रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट का आज पहला मुकाबला शाहजहांपुर व फर्रुखाबाद की टीमों के बीच हुआ। फर्रुखाबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं शाहजहांपुर टीम मात्र 84 रन पर ही ऑलआउट हो गई। खिलाड़ी भोले द्वारा बॉलिंग करते हुए 4 विकेट लिए तथा बैटिंग करते हुए 34 रन बनाए। भोले मैन ऑफ द मैच रहे। अमृतपुर कस्बे मे प्रति वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें आस पास के जिलों की टीमें भाग लेती हैं।

### झूला झूलते समय फंदा कसने से बालिका की मौत

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना कम्पिल क्षेत्र में एक बालिका को झूला झूलते समय फांसी लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गाँव सिकन्दरपुर निवासी शैलेस राजपुत की पुत्री शिवानी( 12) अपने घर के वाहर शहतूत के पेड़ पर झूला डाल कर झूल रही थी। किसी प्रकार झूला की रस्सी का फंदा उसके गले मे लग गया। जिससे दम घुटने के कारण बालिकाअचेत होकर गिर गयी। जब घर वालो ने देखा कि शिबानी की अचेत अवस्था मे पड़ी है तो उसे आनन फानन में सरकरी अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टर अमरेश ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया ।शिवानी की अकस्मात मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## सीडीपीओ को बंद मिले पांच आंगनबाड़ी केंद्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** तहसील अमृतपुर क्षेत्र में सीडीपीओ को निरीक्षण के दौरान पांच आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से जवाब तलब किया है।

सीडीपीओ नवीनचंद्र यादव ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र खानपुर, चित्रकूट, अंबरपुर, नौरसा व राजपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ को यह केंद्र बंद मिले। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब तलब किया है। सीडीपीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पांचों आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की छुट्टी हुई है न कि आंगनबाड़ी केंद्रों की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि केंद्र खोलकर बच्चों को हॉटकुक्ड दिया जाए। केंद्र बंद मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

# तंबाकू से लदा ट्रक पकड़ा, मिली गड़बड़ी

कायमगंज, फर्रुखाबाद



इसी तंबाकू भरे ट्रक को पकड़ा गया था। अमृत विचार

- सूचना पर जीएसटी टीम ने भी मौके पर पहुंच की जांच
- पकड़े गए ट्रक को 1.79 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ा

**अमृत विचार।** तंबाकू का माल लाद कर ट्रक कम्पिल की ओर जा रहा था। सूचना पर पहुंचे मंडी प्रशासन ने ट्रक को कंपिल रोड पर रोक लिया और मंडी संबंधित प्रपत्र

दिखाने को कहा । जिस पर चालक तंबाकू से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का प्रपत्र दिखा नहीं पाया। जिसपर मंडी प्रशासन ट्रक को मंडी परिसर ले आया। जहां जांच मे मंडी शुल्क जमा नहीं मिला। मंडी सचिव नागेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी शुल्क जमा कर रसीद काट दी। मंडी सचिव ने बताया कि तंबाकू लदे ट्रक को पकड़ा गया था, मंडी शुल्क जमा नहीं था। इसलिए मंडी शुल्क जमा कर लिया गया है। इधर तंबाकू लदे ट्रक के पकड़ने की जानकारी जीएसटी विभाग को दी गई । जहां विभाग के एसी रामनरेश मौके पर पहुंचे। जहां भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया तंबाकू यूपी पंजाब ट्रांसपोर्ट के ट्रक से रामनिवास मोतीलाल के फर्म के नाम से हरियाणा जा रही थी। घोषित प्रपत्र देखे गए तो उसमें ओरछा लिखा था। साथ ही तीस बोरी नस दाना व दस बोरी तंबाकू का रवा भी ट्रक में पाया गया जो प्रपत्रों में नहीं लिखा था। पकड़े गए ट्रक को 1,79,820 रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ा गया।

**बड़ी समस्या** — दबंगों ने कर रखा है कब्जा, आवास के लिए भटक रहे स्वास्थ्य कर्मी

# सरकारी अस्पतालों के आवासों पर कब्जा

संवाददाता फर्रुखाबाद



लोहिया अस्पताल के कर्मचारी आवास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल सहित कई सरकारी अस्पतालों में दबंग परिवार सहित रह रहे है। डीएम का यह आदेश बेअसर साबित हो गया। ऐसे में जिले में तैनात कर्मी आवास के लिए भटक रहे है।

थाना कादरीगेट क्षेत्र के आवास विकास स्थित डॉक्टर राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल के मुख्य गेट के दक्षिण में सीएमओ के अधीन 2 मंजिला भवन में 6 और एक अलग से आवास बना है। अधिकतर आवासों पर ऐसे कर्मियों का कब्जा है। जो सेवानिवृत्त अथवा गैरजनपद स्थानांतरित हो चुके हैं। करीब 5 माह पहले ट्रामा सेंटर निर्माण की जमीन देखने पहुंचे तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह ने जानकारी की तो मामला उजागर हो गया था। डीएम ने सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार को मुकदमा दर्ज करवाकर पुलिस बल लेकर आवास खाली कराने के निर्देश दिए थे। मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

9 मई को सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने पहुंचकर एक आवास पर ताला जरूर डलवा दिया था। ऐसे में जिले में तैनात डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मी किराए पर रहने के लिए मजबूर हैं। वही सीएचसी कायमगंज के 5 आवासों पर कब्जा है। एक आवास में तत्कालीन सीएचसी प्रभारी स्थानांतरण के बावजूद काबिज हैं। 3 आवासों में सेवानिवृत्त वार्ड आया,फार्मासिस्ट व इनम्बका कब्जा है। कंपिल पीएचसी के आवास पर भी कब्जा है।

शमसाबाद सीएचसी में 3 आवास बिना आदेश गिराए जा चुके है। जबकि 2 पर अवैध रूप से कब्जा है। सीएचसी प्रभारियों का कहना हैकि सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार को कई प्रार्थना पत्र दिए जा चुके है। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सीएमओ अबनींद्र कुमार ने बताया कि आवास खाली कराने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## महिला ने फांसी लगा जान देने का किया प्रयास, गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

- पड़ोसियों ने महिला को घर में घुसकर पीटा था, परेशान होकर उठाया कदम



**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी 30 वर्षीय स्नेहलता पत्नी प्रमोद कुमार का पड़ोसी कल्लू से पुराना विवाद चल रहा हैं। कल्लू की पुत्री उपासना, गंगो और हरवती ने महिला स्नेहलता को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर इन सभी लोगों ने महिला स्नेहलता को घर में घुसकर पीट दिया। तभी परेशान होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घर वालों ने आनन फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अंकित ने बताया फांसी लगी हुई महिला स्नेहलता को लाया गया है । हालत गंभीर है भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। मामले पर कायमगंज कोतवाली प्रभारी रामअवतार ने बताया पुराने विवाद को लेकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

## संपादकीय

# बढ़ती बिजली की मांग

भारत वृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कोयला क्षेत्र देश की प्रगति, आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण की आधारशिला बना हुआ है। साथ ही विद्युत क्षेत्र की आधारशिला के रूप में कोयला हमारी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं में आधे से अधिक योगदान देता है और उद्योगों की रीढ़ के रूप में कार्य करता है। पिछले दशक में, मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत परियोजनाओं ने लगातार देश के कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्से का योगदान दिया है। बिजली की मांग में भारी वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निरंतर निर्भरता की आवश्यकता होती है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर बिजली की मांग बढ़ी है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। राहत की बात है कि सरकार ने तत्परता दिखाते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मानसून से पहले सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने की व्यापक योजना बनाई है। क्योंकि बिजली की औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी के बीच, इस बात के संकेत हैं कि बिजली उत्पादन के लिए भारत का कोयला भंडार आदर्श स्तर से नीचे है। कोयले के स्टॉक में गिरावट किसी चुनौती से कम नहीं है। उधर सरकार का दावा है कि हाल ही में कोयला, बिजली तथा रेलवे की अंतर-मंत्रालयी समिति के स्तर पर राज्य बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ उप-समूह की बैठक में पाया गया कि देश के सभी ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था मौजूद है। 'पिट-हेड' (खनन गड्ढे) पर मौजूद और टीपीपी को भेजे जा रहे कोयले का कुल भंडारण इस वर्ष 15 मई को 14.7 करोड़ टन था जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है। ताप विद्युत उत्पादन 8.78 प्रतिशत और कोयला आपूर्ति 8.45 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष कोयले का उत्पादन पिछले साल की तुलना में 7.26 प्रतिशत बढ़ रहा है। सरकार के मुताबिक पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की पूर्ति के रास्ते में कोयला सेक्टर का बड़ा योगदान रहने वाला है। आमतौर पर कोयला खानों के पास स्थित संयंत्रों में शुष्क ईंधन स्टॉक की स्थिति गंभीर नहीं होती है। वहीं जो संयंत्र कोयला खानों के पास नहीं हैं, उनके लिए कोयला दूरदराज से पहुंचाना पड़ता है। इसलिए कोयला आपूर्ति के लिए रेलवे को नियमित आधार पर कोयला परिवहन के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

# कहां रुकेगा पीछे खिसकता लोकतंत्र



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है।

देश में आम चुनाव की गहमागहमी है, लेकिन दुनिया में भारतीय लोकतंत्र का बैकस्लाइड (पीछे खिसकना) चर्चा का विषय बना हुआ है। दुनिया भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं की नजर में भारत की स्थिति पिछले कुछ सालों में बदतर होती गई है। लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईसी) ने भारत को एक 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' (गड़बड़ लोकतंत्र) माना है और 2016 से 2023 के बीच प्रकाशित उसके अध्ययनों में भारत का स्थान 27 वें से गिरकर 53 वां हो गया है।

कुछ समय पहले ईआईसी ने सूचना जारी की कि भारतीय अधिकारियों ने उसके जिम्मेदार लोगों से संपर्क किया और उनसे आग्रह किया कि अपने निष्कर्ष निकालने के लिए वे उन्हीं आंकड़ों और तथ्यों का इस्तेमाल करें, जो भारत सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से जारी किए गए हैं। संस्था की ओर से इस बारे में साफ मनाकर दिया गया, लेकिन यह बात सामने आने से भारत की छवि थोड़ी और खराब हुई। अमेरिकी थिंकटैंक 'फ्रीडम हाउस' की ओर से भारत को 'पार्शियली फ्री डेमोक्रेसी' (आंशिक रूप से उन्मुक्त लोकतंत्र) घोषित किया गया है। अमेरिका में इस संस्था को मूल्यगत दृष्टि से एक ऊंचा मुकाम हासिल है।

इसके भावों का अनुगमन करते हुए कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने पहले अवमानना के मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता निलंबित करने और फिर आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एहतियाती बयान जारी किए तो भारत सरकार की ओर से अमेरिकी राजदूत से जवाब तलब कर लिया गया। शायद यह सख्ती देखकर ही अमेरिकी सरकार ने लोकतांत्रिक मानकों पर भारत की गिरावट को तूल न देने का रवैया अपनाया। इस तरह का तीसरा बड़ा नाम स्वीडन के वी-डेम इंस्टीट्यूट का है जिसने कुछ ज्यादा ही तीखा रवैया अपनाते हुए भारत को लोकतांत्रिक देशों में भी शामिल नहीं किया है और इसे 'इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी' (चुनाव करा लेने वाली निरंकुश व्यवस्था) करार दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि चीन की एकदलीय कम्युनिस्ट प्रणाली की तुलना में भारत को एक तरह का लोकतंत्र ही माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है। आगे जैसे लक्षण हैं, 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था वाले सारे संविधान संशोधन यहां अमल में उतारे जा सके तो संसाधनों की कमी से हिले विपक्ष का रहा-सहा ढांचा भी खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगा।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं।

हाल में सत्ता की करीबी न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ एक बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र पर चिंता जाहिर करने वाले पश्चिमी बौद्धिकों और संस्थाओं को अज्ञानी बताया, साथ ही कहा कि उनकी सरकार भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' मानते हुए इसे और व्यापक बनाने के लिए काम कर रही है। पश्चिम की दलीलों की काट करने के लिए उन्होंने बताया कि जिस देश में पांच लाख ग्राम पंचायतों में मुखिया और सदस्य चुने जाते हों, उसके लोकतंत्र को कमजोर भला कौन समझदार व्यक्ति कहेगा? यह भी कि शायद ही देश का कोई राजनीतिक दल ऐसा हो जिसकी किसी न किसी राज्य में सरकार न हो या सरकार में किसी न किसी रूप में उसकी भागीदारी न हो। दूसरी तरफ डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत की स्थिति सुधारने के लिए भी उनकी कोशिशें जारी हैं।

इसमें एक तरह की कोशिश का जिक्र ऊपर आ चुका है। यानी लोकतंत्र की कसौटियां बनाने और उन पर विभिन्न देशों को आंकने वाली संस्थाओं से संपर्क करके सीधे उन्हें मैनेज करने का प्रयास करना। उद्योग-व्यापार से जुड़े बहुत सारे इंडेक्सेज में ऐसी कोशिशें कारगर हो चुकी हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाएं भी भारत के आधिकारिक आंकड़ों को अपने आंकड़े की तरह जारी करने के लिए तैयार हो जाती हैं, लेकिन जब कोई बात बिल्कुल ही उनके हिसाब से बाहर होने लगती है तो उनकी ओर से ऐसा बयान भी आता है कि हम खुद आंकड़े नहीं जुटाते, यह भारत का अपना आंकड़ा है।


लोकतंत्र से जुड़े मानकों के मामले में इस तरह की कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो चीजें राजनीति में इतनी फायदेमंद साबित हो रही हैं और विदेशों में हिंदुत्व वाला एनआरआई जनाधार भी जिनसे इतना खुश है, मोदी सरकार उनसे ज्यादा दूर जाती हुई नहीं दिखना चाहती। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से विभिन्न मंत्रालयों को डेमोक्रेसी इंडेक्स का ध्यान रखने के जो निर्देश चुपचाप भेजे गए हैं, उनकी सबसे ज्यादा उपेक्षा गृह मंत्रालय द्वारा की गई है, जबकि इंडेक्स में नीचे खींचने वाले ज्यादातर मामले इस मंत्रालय से ही जुड़े हैं। कश्मीर में बात-बात पर इंटरनेट बंद करना, वहां विधानसभा चुनाव कराना तो दूर, ऐसी कोई संस्था आगे वहां होगी भी या नहीं, इस पर सन्नाटा खींच लेना, पत्रकारों समेत बहुत बड़ी तादाद में लोगों को जेल में डाल देना गृह मंत्रालय का ही कमाल है। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा, मणिपुर हिंसा और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तक भारतीय लोकतंत्र को घुन खाई चीज बताने वाले और भी कितने ही मामले इस मंत्रालय से जुड़े हैं, लेकिन दूसरी ओर, केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा उत्तेजना पैदा करने वाले हनकदार चुनावी मुद्दे भी गृह मंत्रालय ही मुहैया करा रहा है।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं। इसके विपरीत पूरी तरह हवा-हवाई, पौराणिक बातें करने वाले, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले, दिन-रात झूठ बोलने वाले लोगों को देश का बड़े से बड़ा मंच सहज ही उपलब्ध हो जा रहा है। ऐसे में विपक्ष अगर एक-दो चुनाव जहां-तहां जीत भी जाए तो लोकतंत्र से खेलने वाली शक्तियां उसे खिलौना बना छोड़ेंगी।

## प्रसंगवश

# जीवन की सामाजिक वास्तविकता

सामाजिक परिवर्तन के संबंध में सामाजिक पॉजिटिविटी अर्थात् समाज को रचनात्मक दृष्टि प्रदान करने का विषय और सामाजिक निगेटिविटी अर्थात्स माज को विघटित करने के प्रयास के साथ-साथ आज के लोकतांत्रिक राजनीति में एक महत्वपूर्ण तत्व है सामाजिक रियलिटी या सामाजिक वास्तविकता।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सामाजिक वास्तविकता किसी भी युग में चाहे वह राजशाही का युग रहा हो, चाहे वह आधुनिक वैज्ञानिक लोकतांत्रिक युग ही क्यों न हो सर्वथा दोषमुक्त और न्यायसंगत नहीं रही है। व्यवस्थागत अन्याय और दोष को मानव को सदैव झेलना पड़ा है, जिसे सामंजस्य स्थापित करते जीवनयापन कहा जाता है। व्यवस्थाओं में समुदाय, संप्रदाय और समाज भले बलशाली हो जाए अदना मानव अदना ही रह जाता है।

नैतिक दायित्व के रूप में दोष निवारण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष भी अनवरत चलते रहे हैं। सामाजिक आंदोलन और तथाकथित क्रांतियां भी होती रही हैं। आंदोलन और क्रांतियों के सूत्रधार व्यवस्था में प्रतिष्ठित भी होते रहे हैं, पर यह भी एक कटु सत्य है कि सूत्रधार व्यवस्थागत दोष के अंग भी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप पुरातन विषमता दूर होने के बजाय समाज अन्य प्रतिगामी विषमता से ग्रसित हो जाता है। फिर मानव को किसी न किसी रूप में पुरातन और आधुनिकतम विषमताओं के घालमेल को झेलना ही पड़ता है। व्यवस्थाओं में न्याय-अन्याय द्वंद्वात्मक रूप से संश्लेषित होकर एकाकार हो जाते हैं। युगानुरूप न्याय अन्याय की मात्राएं, मान्यताएं और स्वरूप भिन्न-भिन्न होते हैं जिनके अनुरूप जीवन जीना ही जिंदगी कहा जाता है। मानव अपनी जिंदगी में जीता है-रियलिटी पर, पर पूरी जिंदगी उलझा रहती है पाजिटिविटी और नेगेटिविटी में ही।

अंततः मानव को किसी न किसी रूप में इसे आस्था के रूप में बुद्धि-विवेक में बैठाना पड़ता है। भौतिक नियम तथा नैतिक नियम दोनों ही ईश्वर की इच्छा के अनुसार संचालित होते हैं। अन्यायों, अनिष्टों से छुटकारा ईश्वर की कृपा के अधीन ही है-ऐसा मानते हुए एक ईश्वर को अवतरित कर देते हैं और उसकी कृपा पाने के लिए स्तुतियों की रचना करने लगते हैं।

# भारत को बदलने की सोच वाले थे राजीव गांधी



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा।

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस**

21 मई 1991 में 46 वर्ष की उम्र में राजीव गांधी, तमिलनाडु में लिट्टे द्वारा किए गए आत्मघाती विस्फोट में शहीद हो गए थे। राजीव गांधी को कई नई पहलों और शुरुआत का जनक माना जाता है जिसके अंतर्गत संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। उन्होंने कई साहसिक कदम भी उठाए थे जिनमें असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता, श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना आदि शामिल हैं।

राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मानसून के दगा देने के चलते देश में भयानक अकाल पड़ा था। उस वक्त उन्होंने देश के अलग-अलग इलाकों को दौरा किया। स्वतंत्रता दिवस पर उनके भाषणों में बेरोजगारी और गरीबी के लिए चिंता साफ दिखती थी, लेकिन लोगों के दिलों में यह बात थी कि उनका नेता जरूर कोई न कोई रास्ता निकाल लेगा। चुनौतियां बनी रही, लेकिन राजीव हर साल लोगों को नौकरियों की दुहाई देते रहे। राजीव ने 1987 में लाल किले की प्राचीर से कहा था कि युवकों में एक निराशा कभी-कभी दिखलाई देती है। देश के करोड़ों युवक काम ढूंढ नहीं पाते हैं। रोजगार नहीं पाते हैं। हमारी कोशिश है कि ढांचे में जो कमजोरियां हैं उनको दूर करने का काम किया जाए।

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा। इससे उनका इशारा साफ था कि सत्ता संरक्षित दलाली उनकी सरकार में नहीं चलेगी। 1986 के अपने भाषण के दौरान उन्होंने न सिर्फ भारत को संबोधित किया, बल्कि उन विविधताओं के बारे में बात कि जिनसे भारत बनता है। उन्होंने कहा था- "एक भारतीय होने का मतलब यह नहीं है कि हम केवल देश के निवासी हैं हमारे पास संस्कृतियों की विविधता है। हम अलग-अलग धर्मों के हैं- हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी और बौद्ध हम सभी धर्मों और आस्था को सम्मान देते हैं। इसी तथ्य से हमारी ताकत और एकता बढ़ती है। यही एकमात्र रास्ता है जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि हमारी ताकत हमारी विविधता में निहित है।"

1985 की बात है। भारत के राजीव गांधी सूखा प्रभावित ओडिशा के कालाहांडी जिले में दौरे पर थे। उन्होंने कहा था कि सरकार जब भी एक रुपया खर्च करती है तो लोगों तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। यहां राजीव बीच के भ्रष्टाचार का जिक्र कर रहे थे। अपने उस भाषण में राजीव ने कहा था कि देश में बहुत भ्रष्टाचार है। राजीव कहते हैं कि भ्रष्टाचार ग्रासरूट लेवल पर है जिसे दिल्ली से बैठकर दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत की साक्षरता दर में सुधार करने के लिए कई उत्कृष्ट प्रयास किए। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना हुई। भारत में शिक्षा को एक नई दिशा और नया बल प्रदान करने के उद्देश्य से 1986 की नई शिक्षा नीति उन्हीं के कार्यकाल में लाई गई। पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में श्री गांधी की रुचि पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों में दिखाई देती है।

धरती और जीवन के लिए आसन्न संकट को भांपते हुए उन्होंने संसद में पर्यावरण (संरक्षण) विधेयक, 1986 पेश किया। इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित किया और 23 मई 1986 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। इसके अलावा श्री गांधी ने 1952 की राष्ट्रीय वन नीति की समीक्षा भी कराई और 1988 की नई वन नीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई नीति ने वन संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर बल दिया।

भारत की सर्वप्रथम जल नीति भी राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1987 में तभी अपनाई गई जब राजीव गांधी इस परिषद के अध्यक्ष थे। मुझे आज भी भरोसा है कि राजीव गांधी की हत्या भले ही लिट्टे ने की हो, लेकिन उसके पीछे साजिश में वे देश थे, जो राजीव गांधी के विकास के दूरगामी कदमों से हिले हुए थे, वे लोग थे, जो हथियारों के दलाल थे और वे लोग भी थे, जो जान गए थे कि यदि प्रगति के मुद्दे पर चुनाव हुए तो राजीव को कभी भी हराना संभव नहीं होगा। राजीव गांधी की हत्या एक तेजी से बढ़ते देश की योजनाओं और सपनों की हत्या थी।

## सोशल फोरम

# हवा चली नहीं कि बिजली गुल

पिछली रात बिजली नहीं थी। अंधेरा हुआ नहीं कि तेज हवा चली और कुछ बूंदें भी गिरीं। हमेशा की तरह बिजली वालों ने लोड शेडिंग कर दी। पूरा गांव अंधकार में डूब गया। ये बिजली वाले भी कमाल के लोग हैं। पोल लगाए हैं। पोल को जितने अंदर तक जमीन में गाड़ना चाहिए उसकी एक चौथाई गहराई तक गाड़कर काम पूरा कर दिया।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब पोल तारों के सहारे खड़े हैं और तार पोलों के सहारे झूलते। यह पोलों और तारों की जुगलबंदी बिजली विभाग के लोगों के लिए वरदान है, आय का साधन है। हवा चली नहीं कि बिजली गुल। कुछ पोल गिरते भी हैं और कुछ बेशर्मों की तरह खड़े भी रह जाते हैं, लेकिन कागज पर गिरने से उन्हें कौन रोक सकता है? बिल बनाने में मालिकों को कौन रोक सकता है? आप कहेंगे, भले मानस, जब ऐसे में जीने के लिए मजबूर हो तो इन्वर्टर और स्टेबलाइजर क्यों नहीं लगवा लेते? तो भाई, लगे है इन्वर्टर और स्टैबिलाइजर भी, लेकिन दिन भर में दस बार लोड शेडिंग हो और वोल्टेज की अनवरत उठापटक हो तो बेचारे क्या कितना कर लेंगे। चुक जाते हैं, खराब होते रहते हैं। ठीक करने वाले मिस्त्री नहीं मिलते। वैज्ञानिकों ने मेहनत की, कुछ तो हमारे वेदों से पुरातन ज्ञान चुराने में और कुछ उनको नई पोशाक पहनाकर बाजार में लाने में। विदेशों में तो इसी बूते पर सब चल रहा है। खूब लूटा उन्होंने। जब टेक्नोलॉजी वहां घिस-पिट जाती है तो भारत में आती है। टेक्नोलॉजी का काम करवाने के लिए आदमी चाहिए। आदमी तो इंपोर्ट नहीं करोगे। मिस्त्री और इंजीनियर तो देशी ही होंगे, लेकिन वे जुगाड़ हैं और उससे भी ज्यादा बिगाड़ू हैं। तभी तो रिपोर्ट आई कि अस्सी प्रतिशत इंजीनियर अनइंप्लवायेबल हैं।

सरकार ने, कॉलेजों ने, जनता ने, लीडरों ने, सबने हें-हें कर दिया। इस देश के अर्थशास्त्री भी तो अर्धशास्त्री ही हैं। गुड फॉर नथिंग। तो इन्वर्टर मिस्त्री के आने की प्रतीक्षा कर रहा है। गनीमत है कि तीस बरस ठंडे मुल्क में रहने के बाद भी शरीर न भूला कि पसीना निकालकर उसे खिड़की से आने वाली हवा के कतरों से सुखाकर कुछ आराम मिल सकता है। सो शरीर ने किया। कुछ राहत हुई। **-फेसबुक वॉल से**

# तेजी से बदल रहा बद्रीनाथ



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में चमोली जनपद के जोशीमठ से 44 किलोमीटर दूर 3133 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचें, तो एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां चमकती दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर घाटी में बहती अलकनंदा दहाड़ते स्वर में स्वागत करती है। यहीं पर है हिंदुओं का पवित्र धाम बद्रीनाथ, पर बद्रीनाथ पहले वाला बद्रीधाम नहीं रहा जहां शांति थी, देवदार और भोजपत्र थे। अब यह धर्म क्षेत्र के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित हो गया है।

जोशीमठ से विष्णु प्रयाग के पास पुल पार कर दो विशालकाय पहाड़ियों के बीच से एक सर्पिला रास्ता बद्रीनाथ को जाता है। रास्ते भर अलकनंदा विपरीत दिशा में आपके साथ-साथ चलती है। भले ही नदी और आप विपरीत दिशा में जा रहे हों, पर हरे-भरे पहाड़ों से गिरे इस उनींदे रास्ते में बाल सुलभ क्रीड़ा कौतुक करती यह नदी जैसे अपने मोहपाश में बांध लेती है। पहले यह रास्ता वन-वे था, लेकिन अब सड़क काफी चौड़ी कर दी गई है। चौड़ी सड़क यानी ज्यादा गाड़ियों की भीड़।

बद्रीनाथ में भीड़तंत्र साफ नजर आता है। चारों ओर कंक्रीट का जंगल और बीच में मंदिर कहीं खोया सा गया लगता है। नगर में तब्दील हो गए बद्रीनाथ में अधिकतर लोग अब जैसे मौज मस्ती के लिए आते हैं। गंगाजल से आचमन करने की आदत बनी है तो करेंगे ही, पर साथ ही युवाओं की कोल्ड ड्रिंक को धीरे-धीरे गटकने के बाद खाली टीन को हवा में लहराकर नदी में फेंकने की शहरी आदत भी बन गई है। सन्नाटे को चीरता हुआ टीन गुम हो जाता है अलकनंदा नदी की अथाह गहराई में।

पहले लोगों का विश्वास था कि बद्रीनाथ जाए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। यही कारण था कि पुराने वक्त में बद्रीनाथ की यात्रा को अंतिम यात्रा मानकर लोग घर बार छोड़कर निकल पड़ते थे। दरअसल तब यात्रा मार्ग इतना दुर्गम था कि श्रद्धालु लौटने की उम्मीद कम ही रखते थे। आज के बद्रीनाथ की सुगमता को देखकर भले ही यह काल्पनिक लगे पर सच यही था। जाहिर है तब बद्रीनाथ जाना खुद को जोखिम में डालने से कम नहीं रहा होगा। बद्रीनाथ वह स्थान है, जहां नर नारायण पर्वत और नीलकंठ चोटी है और जहां से पांडव माणा गांव के रास्ते अपनी अंतिम यात्रा पर गए थे। यहां अलकनंदा नदी भी है, जो देवप्रयाग में भागीरथी से संगम कर गंगा नाम से बहती है। बद्रीनाथ में गंगा वह नहीं है, जो कानपुर या पटना में है। हालांकि यहां भी नदी में गंदगी जा रही है। कानपुर में नदी को देखकर लगता है कि डबरे में नहाकर कोई शूकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया हो और पटना में गंगा महिषी की तरह बेपरवाह होकर पसर गई है। ऐसे में अपने उद्गम स्थल पर भी गंगा में बदलाव होना दिखना लाजमी है।

केदारनाथ धाम जाने के लिए जहां आपको पैदल यात्रा करनी पड़ती है, वहीं बद्रीनाथ तक आप सीधे वाहन से जा सकते हैं। पहले सड़क संकरी थी, वन-वे यातायात नियम लागू था और गेट सिस्टम के अनुसार वाहन छोड़े जाते थे। तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन अब सड़क चौड़ी हो गई है तो वाहनों की संख्या भी बहुत बढ़ गई है। वाहनों के इस भारी संख्या से उपजा दबाव और उनका काला धुआं इस नाजुक हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को कितना नुकसान पहुंचता होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। ज्यादा भीड़, ज्यादा दुकानें और ज्यादा होटल मतलब गंदगी भी ज्यादा। गंदगी ने बद्रीनाथ को भी अपना मित्र बना लिया है, जहां तप्त कुंड हैं वहां भी गंदगी दिखाई देती है।

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं। यही नहीं कुछ लोग साबुन से कपड़े धोते हुए भी दिखलाई देते हैं और यह गंदगी सीधे अलकनंदा में समाती है। कभी बद्रीनाथ में आध्यात्मिक शांति मिलती होगी। कोई समय रहा होगा जब यहां वन्य जीव विचरते थे या पेड़ों की पत्तियों पर ओषजन प्राण वायु के झोंके उछल कूद करते थे, पर अब यहां वाहनों के ईंधन के धुएं से निकलती जानलेवा कार्बन मोनोऑक्साइड और ध्वनि प्रदूषण ज्यादा है। लोगों की भीड़, दुकानदारों की आवाज और होटल धर्मशालाओं के जेनरेटरों की आवाज के साथ माहौल को मेले का रूप देने के लिए शोर का अटूट भंडार है। अब अलकनंदा के दोनों और खाली जमीन नहीं बची है। मुख्य मंदिर को चारों ओर से मकानों ने ढक सा दिया है।

ऋषि गंगा और अलकनंदा की धाराओं के संगम पर स्थित बद्रीनाथ को कभी बद्री वन के नाम से जाना जाता था। बद्री का शाब्दिक अर्थ 'बेर' होता है। कहते हैं कभी इस स्थान पर बेरो के जंगल हुआ करते थे, पर आज उनका अस्तित्व कहीं नजर नहीं आता। आज तो ऑक्टोपस की विशाल बाहों की तरह होटल, धर्मशालाएं और आश्रम चारों तरफ पसरे पड़े हैं। उनकी विकराल दाढ़ में पहले पेड़ समाते हैं, फिर चट्टानें और अब नंबर है अलकनंदा की धार का। बद्रीनाथ में आपको हर सुविधा के दीदार हो जाएंगे। यहां बाजार, बैंक, डाकघर, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं सभी कुछ हैं। पूजा सामग्री, सीडी, मालाएं, चित्रों, पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि से सजी सैकड़ों दुकानें हैं। किसी चीज की कमी नजर नहीं आती। सीजन टाइम में सामग्री के रेट भी बढ़ जाते हैं। ऊनी कपड़ों, कालीनों की दुकानें भी आपको यहां मिल जाएंगी, लेकिन इन तमाम सुख सुविधाओं का नकारात्मक पक्ष यह है कि जिस सुकून की तलाश में आप बद्रीनाथ धाम आए हैं, वह शायद आपको न मिल पाए। रोजमर्रा का माया जंजाल यहां भी आपका पीछा नहीं छोड़ता।

## आपका पत्र

# रोकनी होगी अन्न की बर्बादी

वैसे तो भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता का दर्जा प्राप्त है, लेकिन अन्न की बर्बादी के मामले में हम किसी से कम नहीं हैं। चाहे हमारे यहां शादियां हों या भंडारे सभी जगह भोजन की बर्बादी देखी जाती है। दुनिया में खासकर भारतीय लोगों में अपने अन्न के प्रति बर्बादी कहीं अधिक देखी जाती है, जहां एक ओर काफी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार हैं, उनको एक समय का भोजन भी नहीं मिलता है, वहीं दूसरी ओर तमाम कार्यक्रमों और घरों में भोजन की बर्बादी बहुत बड़ी मात्रा में की जाती है।



हमारा मानना है कि 'उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में'। भोजन की बर्बादी के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसमें मीडिया की भी सकारात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

– **डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, हल्द्वानी।

# लाठी-डंडों से पीटकर महिला की हत्या

## 12 घंटे पहले मारपीट पर पुलिस ने की होती कार्रवाई तो नहीं होती हत्या, ऊसराहार थाना क्षेत्र का मामला

संवाददाता ऊसराहार, इटावा


समुद्री देवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दीवार में मोखला (बल्ली लगाने को होल) करने से रोकने पर नामजदों ने लाठी-डंडों के प्रहार से अधेड़ महिला की जान ले ली। उसके बेटे बेटी और बहू को घायल कर दिया। गांव वालों का कहना है कि पुलिस ने 12 घंटे पहले हुई मारपीट पर कार्रवाई की होती तो शायद महिला से सोमवार सुबह सरेआम मारपीट करके हत्या की घटना नहीं होती।

ऊसराहार थाना क्षेत्र में मामन गांव में रहने वाले राजबहादुर चौहान ने अपने मकान की सुरक्षा के लिए एक दीवार कुछ दिन पहले बनाई थी। दीवार निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर मोखले (छेद) खाली जगह छूट गई थी जिसे राजबहादुर ने सुरक्षा की दृष्टि से ईंटों से बंद कर दिया था। रविवार को शाम दीवार की दूसरी ओर पड़ोस में रहने वाले विनोद कुमार तथा सोनू पुत्र ने बंद मोखलो तोड़ दिए। जिससे विनोद की ओर से राजबहादुर का घर दिखने लगा। इसको लेकर रविवार को राजबहादुर की पत्नी गुड्डी देवी ने मोखला तोड़ने से विनोद को रोका तो वह गाली गलौज करने लगे। राजबहादुर ने गालियां देने से रोका तो विनोद ने अपने साथियों के साथ राजबहादुर तथा उसकी पत्नी गुड्डी देवी की लाठी-डंडो से बुरी तरह पिटाई कर दी।

गुड्डी को बचाने आई राजबहादुर की बहन सीमा देवी को भी उक्त लोगों ने बुरी तरह पीटा। राजबहादुर रविवार शाम छह बजे अपनी घायल पत्नी व बहन के साथ ऊसराहार थाने पहुंचकर तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने राजबहादुर को ही हड़का दिया, ज्यादा गुहार लगाने पर पुलिस ने घायल महिलाओं को डाक्टरी के लिए सीएचसी सरसईनावर भेजा। डाक्टरी कराकर महिलाएं वापस थाने आईं तो पुलिस ने टरकाकर घर वापस भेज दिया। राजबहादुर मौके पर कार्रवाई करने की गुहार लगाता रहा लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी। राजबहादुर सोमवार सुबह छह बजे घर से बाहर निकला तो विनोद और सोनू ने उसे घेरकर डंडे से सरेआम पिटाई शुरू कर दी। उसकी 60 वर्षीय मां समुद्री देवी बचाने आ गई तो नामजदों ने मां के सिर पर उसी डंडे से कई प्रहार कर दिये जिससे वह बुरी तरह घायल होकर गिर पड़ी। मरणासन्न देख हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। समुद्री देवी को इलाज के लिए सीएचसी भरथना ले जाया गया, डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सरेआम बुजुर्ग महिला की हत्या होने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हाउस ले गई। नामजदों के खिलाफ मारपीट और गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया आरोपी पुलिस से अभी दूर हैं।

थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह ने बताया कि राजबहादुर की मां के साथ मारपीट नहीं हुई थी। घटना सोमवार को हुई है। मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## मायके में महिला की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता भरथना

- पति समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रानी नगर में बीती रात्रि मायके में रह रही एक महिला की सिर में भारी भरकम हथियार के प्रहार से हत्या कर दी गई। हत्याकांड को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। मृतका की चाची गीता देवी ने आरती के पति समेत तीन ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

रविवार रात घर में सोते समय 26 वर्षीय आरती पत्नी राजीव उर्फ रिंकू की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके सिर व गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार कर मार दिया गया। मृतका की चाची सभासद गीता देवी समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को


आरती। अमृत विचार

सूचना दी। परिजनों के मुताबिक आरती की 2018 में जिला औरैया के थाना कुदरकोट क्षेत्र में रहने वाले राजीव उर्फ रिंकू से शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से पति समेत ससुरालीजन आरती के साथ आए दिन मारपीट करते थे। पिछले एक महीने से आरती अपने दो बच्चों पांच साल के प्रतीक व एक साल की नित्या के साथ मायके में पिता राजवीर के घर रह रही थी। आरती के पिता ट्रक ड्राइवर हैं जो कि घटना के समय घर पर नहीं थे। आरती का भाई व दोनों बच्चें घर के अलग अलग कमरों में मौजूद थे।

प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका की चाची सभासद गीता देवी ने बताया कि मृतका एक महीने पहले से ही मायके में रह रही थी। उसकी रात में सोते समय सिर व गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि आरती और उसके पति के बीच विवाद चल रहा था, जिससे आरती देवी मां-बाप के साथ रहा करती थी, मामला संदिग्ध है जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गले मिलकर अलविदा कह गए छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए के अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह हुआ आयोजित
- शिक्षिकों ने मेहनत के जरिए मुकाम हासिल करने का दिया मंत्र

**अमृत विचार।** सीएसए विवि में अंतिम वर्ष का विदाई समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं ने उत्साह बिखेरा। समारोह के बाद सभी छात्रों ने एक दूसरे के गले मिल, रुंधे गले से अलविदा कहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकों ने युवाओं को मेहनत के जरिए अपना मुकाम बनाने का मंत्र दिया।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय, मत्स्य महाविद्यालय एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने विदाई समारोह आयोजित हुआ। छात्रों ने अपने अंतिम वर्ष के वरिष्ठ छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभा दिखाई। विदाई समारोह के अध्यक्ष इटावा के कवि


विश्वविद्यालय के स्टाफ के साथ विद्यार्थी। अमृत विचार

डॉ कमलेश शर्मा रहे।

कार्यकम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वेद प्रकाश, महाविद्यालय के उप-कुलसचिव डॉ. पीकेएस भदौरिया, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. टीके माहेश्वरी, ईएमए हुसैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ट्रक से बैट्री चोरी

**बकेवर।** बकेवर कस्बा निवासी करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि थाने के पास में उनका ट्रक खड़ा था। रात्रि में चोर ट्रक से चोर बैट्ररी, बैट्ररी की लीड तथा जैक राड सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मांगे रुपये

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समाजसेवी की फर्जी फेसबुक आईडी तैयार कर आरोपी ने उनके परिचित लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। मैसेंजर के जरिए उनसे रुपये भी मांगे। इस संबंध में साइबर थाना पुलिस लाइन में शिकायत दर्ज कराई है।

समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य की प्रोफाइल पिक्चर चुराकर साइबर फ्रॉड करने वाले ने फर्जी फेसबुक आईडी तैयार कर ली। तमाम लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और मैसेंजर के माध्यम से कई लोगों से फोन पे एवं गूगल पे के जरिए पैसों की डिमांड भी की। आरोपी ने एक टीवी चैनल संवाददाता अजय बाथम व फॉरेंसिक लखनऊ में तैनात संजय कुमार शाक्य, कांग्रेस नेता संजय दोहरे को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी तथा समाजसेवी तरुण कुमार मिश्रा, पीएलवी ऋषभ पाठक व पत्रकार प्रदीप सिंह चौहान, सुशील कांत, मनोज कुमार, आशीष कुमार को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। भाजपा नेत्री दीपिका अनमोल से भी रुपयों की डिमांड की गई। उन्होंने तुरंत श्री शाक्य को संपर्क किया तो पता चला कि वो फेसबुक आईडी फर्जी थी। शाक्य ने एसएसपी व साइबर क्राइम थाना पुलिस लाइन को कार्रवाई करने हेतु लिखा तो शिकायत दर्ज कर शीघ्र ही जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## असलहों, बाइकों सहित दो वाहन चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** दिल्ली से लखनऊ तक वाहन चोरी का नेटवर्क संचालित करने वाले दो शातिर वाहन चोर पुलिस के हाथ आ गए। दोनों से असलहे तथा चोरी की पांच बाइकें बरामद हुईं। दोनों पेट्रोलियम पाइप लाइन से तेल चोरी करने में भी माहिर हैं। एसएसपी ने पुलिस टीमों का 10 हजार रुपये का इनाम देकर उत्साहवर्धन किया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि सोमवार तड़के वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी फोर्स के साथ बिचपुरी नहर पुल पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी बुलेट बाइक पर सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया गया तो बाइक मुड़ाकर भागने लगे। एसओजी टीम प्रभारी जय


पकड़े गए शातिर वाहन चोर।

- दिल्ली से लखनऊ तक फैला है नेटवर्क, पुलिस टीमों को मिला 10 हजार रुपये का इनाम

प्रकाश तथा सर्विलांस टीम प्रभारी नागेंद्र चौधरी फोर्स के साथ आ गए जिससे घेराबंदी करके दोनों बुलेट बाइक सहित पकड़ लिया।


जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

यह बुलेट दिल्ली से चुराई गई तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी पाई गई, दोनों की तलाशी लेने पर तमंचा कारतूस बरामद हुए। दोनों ने अपनी पहचान थाना ऊसराहार क्षेत्र के गांव भाऊपुरा का प्रदीप कुमार उर्फ कल्लू तथा थाना चौबिया क्षेत्र में गांव चमरोआ का सरकेश बताया। दोनों की निशानदेही पर गांव महोला नदी के पास चार और चोरी की गई बाइकें बरामद हुईं जो राजस्थान धोलपुर, कन्नौज, जालौन से चुराई गईं थीं। प्रदीप के खिलाफ सात तथा सरकेश के खिलाफ गैंगस्टर, चोरी सहित अन्य संगीन मामलों के तीन अभियोग पहले से दर्ज हैं।

### दलालों और खरीदारों पर होगी कार्रवाई

- एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि दोनों शातिरों ने दिल्ली से लखनऊ तक अपना नेटवर्क फेला रखा है। दोनों ने चोरी की बाठकें बिकवाने वाले दलालों तथा सस्ते में खरीदने वालों की जानकारी दी है। गहनता से जांच कराकर ऐसे लोगों को जल्द ही कानून के घेरे में लिया जाएगा।

## अर्जुन सिंह को कल दी जाएगी श्रद्धांजलि

**इटावा।** जनपद के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की पुण्य तिथि 22 मई को उनके पैतृक गांव लोहिया खुर्द में चल रहे सेनानी मेले में कमांडर के लोग पहुंचकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के समय चंबल क्षेत्र में क्रांतिकारियों की लाल सेना बनाकर फिरंगी सत्ता से लोहा लेने वाले उस समय के युवा क्रांतिकारी अर्जुन सिंह भदौरिया को कमांडर नाम दिया गया था। जिन्होंने अंग्रेजों को नाकों चने चबा दिए, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर 44 साल की सजा सुनाई गई। लेकिन वे जेल में भी आंदोलनरत रहे। आजादी मिलने के बाद तीन बार भारत की संसद में भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं समतामूलक समाज बनाने के लिए सतत संघर्ष करते रहे। ऐसे महान क्रांतिकारी की स्मृति में उनकी जयंती पर गत 10 मई से 22 मई तक उनके गांव लोहिया खुर्द में सेनानी मेला लगाया गया।


समारोह की शुरुआत करते राष्ट्रीय कवि कमलेश शर्मा एवं डॉ. एनके शर्मा।

## चुनौतियों का सामना करना चाहिए

- कृषि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि अभियंत्रण संकाय, मत्स्य महाविद्यालय एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने अंतिम वर्ष के वरिष्ठ छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह-2024 का आयोजन किया।

राष्ट्रीय कवि डॉ. कमलेश शर्मा ने समारोह की शुरुआत कराई। मंच से कविता पाठ करते हुए अन्तिम वर्ष के छात्रों को विदाई प्रेषित कर उन्होंने अपने प्रमुख काव्य रचनाओं राम हुए हैं, कितने और प्रमाण दें से छात्रों को आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने विदाई संदेश में जीवन में आने वाली चुनौतियों का हिम्मत से सामना करते रहने के लिए प्रेरित किया। दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वेद प्रकाश, महाविद्यालय के उप-कुलसचिव डॉ. पीकेएस भदौरिया, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा टीके माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## बिठौली ने जगम्मनपुर की टीम को दी शिकस्त

**इटावा।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के तीसरे दिन जगम्मनपुर और बिठौली के बीच मुकाबला हुआ। बिठौली टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जगम्मनपुर टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान से 82 रन बनाए। जगम्मनपुर टीम के खिलाड़ी आशुतोष ने सर्वाधिक 13 रन बनाए और टीम के खिलाड़ी अतुल ने तीन विकेट झटके।

जवाब में बिठौली टीम ने 10.3 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से जीत दर्ज की। बिठौली टीम के खिलाड़ी गौरव ने सर्वाधिक 15 रन बनाए। बिठौली टीम के खिलाड़ी शिव पूजन 11 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ़ द मैच रहे। शिवपूजन को ट्राफी मुकेश सिंह राजावत और मुलायम सिंह ने प्रदान की। चंबल क्रिकेट लीग के तीसरे दिन सुबह से जालौन, इटावा, भिंड सीमा पर स्थित चौरेला ग्राउंड का नजारा देखने लायक रहा।


सरस्वती इंटर कॉलेज में समर कैंप की शुरुआत करातीं करतीं नीलिमा वर्मा।

## समर कैंप में विद्यार्थियों ने की मस्ती

- सरस्वती इंटर कॉलेज में किया एसएसपी की पत्नी ने उद्घाटन

**इटावा।** सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलिमा वर्मा धर्मपत्नी पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में कई बच्चों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि ने बताया कि किस प्रकार छात्र- छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रो. रमाकांत राय ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को अन्य तमाम प्रकार के कामों में भी निपुण होना चाहिए। इसका सबसे बेहतर माध्यम समर कैंप है। प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने समर कैंप में विभिन्न क्रियाकलापों जैसे नृत्य, सुलेख, जूडो कराटे आदि को सिखाने की रूपरेखा बताई ।विद्यालय के अध्यक्ष कमांडर नरसिंह, चंद्रशेखर व संतोष यादव, शैलेश, शिवम, राजेंद्र सिंह यादव, नरसिंह भदौरिया, संतोष हयारण, वरिष्ठ पत्रकार वीरेश मिश्र, वंदना भदौरिया, अनुपम चौधरी (विभाग संयोजिका), एडवोकेट निधि पाल, प्रीतम खन्ना, डॉ. श्वेता दुबे, विमल शर्मा, निशा गुप्ता उपस्थित रहे।


अध्यात्म के प्रति जागरूक करतीं ब्लाक प्रमुख मृदुला यादव एवं रश्मि यादव।

## बुराइयों से बचकर अध्यात्म की ओर बढ़ें

**इटावा।** प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान के गोडली स्टूडियो ने द लाइट एक एनीमेशन मूवी बनाई है। जिसमें लोगों में जागरुकता आए। बुराइयों बचकर अध्यात्म के प्रति जागरुक बनें। द लाइट एनीमेशन मूवी को शहर के शास्त्री चौराहा स्थित बाबा माल के थियेटर में शो दिखाए गए।

शो शुभारंभ सैफई ब्लाक प्रमुख मृदुला यादव व पान कुंवर इंटरनरेशनल स्कूल के अध्यक्ष की पत्नी रश्मी यादव ने फीता काटकर किया। भरथना से अनीता ,इटावा आईटीआई से दीप्ति बहन, शिकोहाबाद से पूनम , प्राची, घिरोर से गीता बहन, सैफई से तेजस्वनी, जसवंतनगर से शुकंतला आदि मौजूद रहीं।

धर्म-कर्म

बिहारीपुर में चल रहे बौद्ध महासम्मेलन में कथा वाचिका ने किया भक्तों का मार्गदर्शन

## बुद्ध जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** महेवा के ग्राम बिहारीपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय विशाल बौद्ध महासम्मेलन में कथा वाचिका जौनू बौद्ध ने प्रभु बुद्ध की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि हमें हम सबको भगवान बुद्ध के विचारों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलना चाहिए तभी बौद्ध कथा करने का सार्थक परिणाम निकलेगा और राष्ट्र का हित होगा।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा मानववादी रही है।


विशाल बौद्ध महासम्मेलन में भाग लेते जयप्रकाश दोहरे एवं अन्य। अमृत विचार

उनका उदेश्य शोषित, पीड़ित एवं दलित समाज का विकास करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था।

उन्होंने बताया कि महापुरुषों का संघर्ष संपूर्ण जनमानस को असीम ऊर्जा प्रदान करता है। भगवान बुद्ध का त्यागमय जीवन, उनके उत्कृष्ट विचार एवं मानवतापूर्ण शिक्षा हम सभी को अनंत काल तक प्रेरित करती रहेगी। जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश दोहरे, दीपक कुमार, सत्यवीर, वेदप्रकाश, राजकुमार, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, इंजीनियर नरेश चंद्रा, अमरपाल सिंह, अहेरीपुर सहकारी संघ अध्यक्ष गंभीर सिंह यादव, शिलादित्य सिंह उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जान बचाने को कूदे ट्रैक्टर चालक की दबकर मौत

**इटावा।** थाना सहसों क्षेत्र में गांव कुंअरपुरा में रहने वाले बलराम सिंह का 30 वर्षीय पुत्र मुनेश सोमवार सुबह आठ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली में लखना नगर से ईंट भरने के लिए घर से निकला था। गांव के बाहर निकलते ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई की तरफ जाने लगा, तो ड्राइवर मुनेश ने कूदकर जान बचाने का प्रयास किया लेकिन ट्रॉली उसके ऊपर ही पलट गई। ट्राली के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। घर में चीख पुकार मच गई। थाना प्रभारी रणबहादुर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जानकारी करके पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### अड्डा जालिम में किया निःशुल्क इलाज

**इटावा।** लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैंप शहर के अड्डा जालिम में लगाया गया। समाजसेवी राम शरण गुप्ता ने बताया कि महंगाई के समय में जो रोगी इलाज नहीं करा सकते हैं, उनकी सुविधा के लिए यह प्रयास किया गया है। कैंप में नेत्र व दंत परीक्षण के साथ-साथ पैथोलॉजी जांच भी की जा रही है। आईटीआई चौराहा अड्डा जालिम पर शिविर का आयोजन किया किया गया। कोलकाता से आए चिकित्सकों में डॉ शवोन राय, डॉ हार्दिक गलनानवी, नवीन गर्ग व साजन अली करन, अंगूरी पाल, श्याम, धर्मेंद्र आदि का सहयोग रहा।

### दहेज हत्या में वांछित सास गिरफ्तार

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मडैया दिलीपनगर में डेढ़ माह पूर्व संदिग्ध हालात में नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में आरोपी सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मडैया दिलीपनगर में एक महिला की हुई दहेज हत्या की आरोपित महिला फरार चल रही थी। बराउख चौकी इंचार्ज विपिन कुमार को पुलिस फोर्स के साथ उसके घर भेजा और वांछित विमला पत्नी नितीश कुमार निवासी ग्राम मडैया दिलीपनगर बकेवर को गिरफ्तार किया। आरोपित महिला विमला तीन माह के नाती को भी अपने साथ जेल लेकर गयी।

### महिला के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** ग्राम अहेरीपुर निवासी महिला प्रीति ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि वह रविवार को गांव के आम रास्ते से घर जा रही थी। तभी पड़ोस के ही तीन लोग उसे रोक कर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने विरोध किया तो मारपीट करने लगे। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पीड़ित घायल महिला के प्रार्थना पत्र पर बीरवल, सौरभ के अलावा सर्वेन्द्र निवासीगण ग्राम अहेरीपुर थाना बकेवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

### करंट लगने से किसान की मौत

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसैना में खेतों पर काम करने के लिए गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। गांव निवासी किसान त्रिलोकी यादव (45) पुत्र प्रकाश चन्द्र रविवार सुबह 11 बजे अपने खेतों में काम करने गए थे। उसी समय बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। देर शाम तक जब त्रिलोकी घर नही पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुये खेतो की ओर गये जहां उनका शव पड़ा मिला। शव के पास ही बिजली की लाइन पड़ी मिली। घटना की सूचना परिजनो ने थाना पुलिस को दी। परिजनो ने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

### शिक्षक रक्षपाल यादव का हुआ निधन

**जसवंतनगर।** लंबे समय तक सपा संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव के कंधे से कंधा मिलाकर समाजवादी आंदोलन का मजबूत करने वाले शिक्षक रक्षपाल सिंह यादव का सोमवार हृदयगति रूकने से निधन हो गया। उनके निधन से उनके पैतृक गांव नगला पसी सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। रक्षपाल सिंह यादव ने डॉ. राममनोहर लोहिया इंटर कॉलेज धनुवां में काफी समय तक शिक्षक के रूप में कार्य किया। सोमवार आगरा के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया।

### डीबीए चुनाव : 27 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष योगेन्द्र किशोर तिवारी, सदस्य शान्ती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी की मौजूदगी में 27 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर चार, महामंत्री पद पर पांच, कोषाध्यक्ष पद पर दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु तीन, मध्यम उपाध्यक्ष हेतु एक, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एक, संयुक्त मंत्री पद हेतु चार, वरिष्ठ सदस्य पद पर छह, कनिष्ठ सदस्य पद पर एक नामांकन पत्र की विक्री की गई। इस प्रकार से कुल 27 फार्म बिक्री हुए। नामांकन फार्म दिनांक 21 मई 2024 दोपहर साढे बारह बजे तक ही विक्रय किए जाएंगे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की गई जान

**चकरनगर।** सहसों थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदोरियनपुरा मोड़ पर एक ट्रैक्टर चालक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार दोपहर के समय कुंवरपुरकुर्छा निवासी बलराम सिंह का 30 वर्षीय पुत्र मुनेश कुमार ट्रैक्टर लेकर पक्के मार्ग के रास्ते हनुमन्तपुरा आ रहा था। तभी भदोरियनपुरा के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा ।तभी ट्रैक्टर से दबकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया तथा दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रणबहादुर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### आर्म्स एक्ट के दोषी पर ढाई हजार का जुर्माना

**इटावा।** न्यायालय जुडीसियल मजिस्ट्रेट द्वितीय ने आठ साल पुराने आर्म्स एक्ट के एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी पाया और उस पर ढाई हजार रुपये का जुर्माना लगाया। बढपुरा थाना पुलिस ने गस्त के दौरान वर्ष 2016 में इमरान पुत्र कल्लू निवासी मेवाती टोला को तमंचा और कारतसू के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया और उस पर ढाई हजार का जुर्माना लगाया।

### भाजपा नेता की फर्जी आईडी से रुपये मांगे

**बकेवर, इटावा।** भाजपा नेता ऋषि शुक्ला के नाम से फेसबुक की फर्जी आईडी बनाकर रुपये की मांग की है। साइबर थाना इटावा जाकर शिकायत किए जाने पर साइबर अपराध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बकेवर थाने के पटेल नगर निवासी भाजपा नेता ऋषि शुक्ला ने बताया की उनकी फेसबुक आईडी राजन शुक्ला ऋषि के नाम से है। रविवार को उक्त नाम से ही फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उससे संदेश भेजकर रुपये की मांग की जा रही है। इसके बारे में जब ऋषि शुक्ला को उनके मित्रों ने फोन से जानकारी दी। संज्ञान लेकर वह साइबर थाना गए और फर्जी आईडी को बंद करवा कर कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर दी। पुलिस ने बताया की मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपित को पकड़कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज ने रुलाया

## अधिकारियों से मिले चैयरमैन, कटौती रोकने को दिया ज्ञापन

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर की विद्युत व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। 24 घंटे में आठ से दस घंटे लो वोल्टेज से मिल रही बिजली से लोग परेशान हो उठे हैं। कम वोल्टेज से नगर पंचायत के नलकूपों की मोटर भी नहीं चल पा रही है। उनके फुंकने का खतरा उत्पन्न हो गया है। समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर और कस्बे के लोगों ने सभासदों के साथ मिलकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा और अधिशाषी अभियंता से भी मुलाकात कर आपूर्ति सुचारू करने की मांग की।



अधिशासी अभियंता नेहा सिंह को ज्ञापन देते चेयरमैन व नगरवासी। अमृत विचार

फफूंद नगर में लगभग एक माह से विद्युत आपूर्ति चरमराई हुई है। 24 घंटे में बमुश्किल आठ से दस घंटे बिजली मिल रही है। वहीं लो वोल्टेज से घरेलू इलेक्ट्रोनिक उपकरण पूरी गति से नही चल रहे हैं। नगर पंचायत की पेयजल की आपूर्ति के लिए नलकूपों पर लगी मोटर भी नही चल पा रही है और उनके जलने का खतरा बना है। ऊंचाई वाले मोहल्लों में पानी के मोटर नही चल पाने से पानी की दिक्कत हो रही है जिसके लिए नगर पंचायत को टैंकरों से पानी भेजना पड़ रहा है।

वहीं सोमवार को चैयरमैन ने प्रमुख सचिव ऊर्जा और प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल को पत्र मेल करने के बाद सभासदों के साथ जाकर डीएम को संबोधित पत्र एसडीएम को सौंपकर कस्बे की आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग की। इसके बाद वह विद्युत विभाग दिबियापुर की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह से मिले और उन्हे पत्र सौंपकर कस्बे की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने और लाइनमैन की संख्या बढ़ाने की मांग की। इस दौरान सलीम खां मेव, मंगेश खां मैनेजर, जियाउल्ला खां, सभासद ओमबाबू तिवारी, शब्बीर कुरैशी, मुईनुद्दीन राईन, गौरव राजपूत आदि मौजूद रहे।

## डीएम से की कब्जा हटवाने की मांग

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के गांव ढरकन में सरकारी भूमि पर बने तालाब पर कब्जा हो रहा है। पूर्व प्रधान ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों से पंचायत की जमीन पर हो रहे कब्जा को रुकवाने की मांग की है। पूर्व प्रधान प्रताप सिंह यादव ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 40 एवं 46 में पंचायत की सरकारी भूमि पर तालाब है। चार वर्ष पूर्व भी गांव के कुछ लोगों ने इस पर पक्का निर्माण कराने की कोशिश की थी जिसकी शिकायत पर तत्कालीन एसडीएम बिधूना द्वारा नायाब तहसीलदार अछल्दा के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर मौका पर निरीक्षण करने को कहा गया था।

टीम में शामिल क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो आदि राजस्व कर्मियों ने सरकारी जमीन की नापजोख करवाकर मेड़बंदी कर तारकशी करके सरकारी जमीन को सुरक्षित करवाया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते शनिवार शाम से मौजूदा प्रधान की सह पर गांव के ही लोगों द्वारा सरकारी तालाब की मेड़ तोड़कर पक्का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध कब्जे को रुकवाने की मांग की है।

# लहरापुर ने अमलिया का पुरवा को पांच विकेट से हराया

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव कछपुरा देवराव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। चौथे दिन का मैच लहरापुर व अमलिया का पुरवा टीम के बीच खेला गया। इसमें लहरापुर टीम ने अमलिया का पुरवा को पांच विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतकर अमलिया का पुरवा ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने सभी विकेट खोकर 9 ओवर में 58 रन बनाए। अमलिया का पुरवा की तरफ से अजय ने 21 व उदयवीर ने 8 रन बनाए। जवाब में लहरापुर टीम की तरफ से ऋषभ ने 23 रन बनाए। इस तरह मैच 5 विकेट से जीत लिया।



मैच का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार



शॉट लगाकर रन लेने के लिए दौड़ता बल्लेबाज। अमृत विचार

### बिठौली से हारी जगम्मनपुर की टीम

**औरैया।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के तीसरे दिन जगम्मनपुर और बिठौली के बीच मुकाबला हुआ।बिठौली टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जगम्मनपुर टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान से 82 रन बनाए। जगम्मनपुर टीम के खिलाड़ी आशुतोष ने सर्वाधिक 13 रन बनाए और टीम के खिलाड़ी अतुल ने तीन विकेट झटके। जवाब में बिठौली टीम ने 10 .3 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बिठौली टीम के खिलाड़ी गौरव ने सर्वाधिक 15 रनों का योगदान दिया। वहीं बिठौली टीम के खिलाड़ी शिव पूजन 11 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफद मैच रहे। शिवपूजन को ट्राफी मुकेश सिंह राजावत और मुलायम सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान की। चंबल क्रिकेट लीग के तीसरे दिन सुबह से जालौन, इटावा, भिंड सीमा पर स्थित चौरेला ग्राउंड का नजारा देखने लायक रहा। आग बरसती गर्मी में खिलाड़ियों का हौसला बना रहा। आयोजकों ने खिलाड़ियों को खेलभावना से खेलने को प्रेरित किया।

## जनसूचना अभिलेख पटल पर रखने की मांग

**बिधूना, औरैया।** जनसूचना अधिनियम 2005के तहत जनसूचना मांगे जाने को लेकर जनसूचना अधिकारी के कार्यालय में बीते डेढ़ दशक से कोई रजिस्टर न होने से जनसूचना का ब्यौरा दर्ज न होने से अपीलकर्ता परेशान हैं। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता राम मोहन सिंह ने अधिकारियों से जनसूचना कार्यालय में रजिस्टर आदि अभिलेख रखवाये जाने की मांग की है। कहा कि उन्होंने 21-2-24को संबोधित क्रमांक 197पर पंजीकृत अपने आवेदन में 2010से 2024तक के संदर्भ ग्रहण किए जाने का अनुरोध किया था जिस पर राजस्व निरीक्षक द्वारा बताया गया है कि जनसूचना अधिकारी कार्यालय में अपील दर्ज किए जाने के लिए कोई रजिस्टर ही नहीं है जिसके कारण प्रतिलिपि देना संभव नहीं है।

# भारी वाहनों पर फिर लगेगा प्रतिबंध

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** चुनाव संपन्न होने के बाद नहर पुल और हरीगंज बाजार में हाइट गेज का ऊपरी हिस्सा एक बार फिर से लगा दिया गया। इसके बाद अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर अछल्दा से होते हुए भारी और बड़े वाहनों का आवागमन एक बार फिर से प्रतिबंधित हो जाएगा।

अभी तक भारी वाहन नहर पुल से होते हुए हुए फर्राटा भर रहे थे। जिले में चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन के चलते बसों व सरकारी वाहनों के जिले के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक आवागमन होना था। आसपास के जिलों से भी समर्थकों के बसों से जिले में पहुंचने की संभावना थी। इसके चलते पीडब्ल्यूडी ने अछल्दा स्थित नहर पुल व हरीगंज बाजार पर हाइट गेजों के ऊपर लगी लोहे की पटरी हटा दी थी। इसके बाद नेताओं के जिले में प्रस्तावित आगमन के चलते दोबारा पटरी नहीं लगाई गई। इसके चलते नहर पुल से होकर गुजरे अछल्दा फफूंद व बिधूना मार्ग से होकर बड़े व भारी वाहन फर्राटा भरते नजर आ रहे थे।



हाइटगेज का ऊपरी हिस्सा लगाती क्रेन। अमृत विचार

### जर्जर घोषित हो चुका है पुल

**फफूंद, औरेया।** अब एक बार फिर से स्कूली बसों व निजी बसों से जाने वाले यात्रियों को काफी लंबा चक्कर काटकर जाना होगा। यहां बता दें कि अछल्दा स्थित नहर पुल जर्जर घोषित किया जा चुका है। बड़े व भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके लिए यहां हाइट गेज लगाए गए थे। इस मार्ग से होकर झांसी, जालौन, कन्नौज जिलों के वाहन व लोग आवागमन करते हैं।

## न्याय के लिए दर-दर भटक रही महिला

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल कोतवाली के एक गांव निवासी महिला के साथ ईकोरापुर औरैया निवासी व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाए। महिला न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। 18 मई को शाम करीब 3:30 बजे महिला अपने घर पर थी तभी विपक्षी उसके घर पर आया और महिला के साथ जबरदस्ती करने लगा। महिला ने उसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। महिला पुलिस अधीक्षक के पास भी गई वहां से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बाद में उसने मीडिया से संपर्क कर उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजा। महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोका जाए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति औरैया द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 69वां ज्ञापन सोमवार को जिला मुख्यालय ककोर पर डिप्टी कलेक्टर अमित त्रिपाठी को दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है।

प्रदेश संयोजक महेश पांडे ने बताया कि जब तक एससी एसटी एक्ट में इसका दुरुपयोग रोके जाने के लिए संशोधन नहीं हो जाता तब तक हर महीने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा। ज्ञापन देते समय महेश पांडे देवेंद्र त्रिपाठी गिरीश सिकरवार भानु प्रकाश निषाद पंडित राम महेश चौबे प्रवीण पालीवाल श्याम बाबू शर्मा राम नाथ त्रिपाठी तस्लीम बरजोर सिंह यादव , गोपाल स्वरूप गांधी निजामुद्दीन, गंगा चरण सविता राहुल दीक्षित मिलन चौबे सुधीर त्रिपाठी संतोष सिंह सेंगर हरि ओम यादव आदि लोग उपस्थित रहे

इसके अतिरिक्त माता-पिता की इच्छा के, विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के-लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने तथा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति किये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित 19वां ज्ञापन भी सौंपा गया।



डिप्टी कलेक्टर अमित त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# राष्ट्रपति को पत्र लिखकर जवान ने मांगी इच्छा मृत्यु

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फर्जी मुकदमे थोपे जाने , न्याय न मिलने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** थाना सहार औरैया के पुर्वा रावत के रहने वाले बीएसएफ के जवान मोहम्मद दस्तगीर कुरैशी ने अपनी पत्नी द्वारा लगाए गए झूठे मुकदमों से तंग आकर और न्याय न मिलने के कारण इच्छा मृत्यु की मांग की है।

राष्ट्रपति को लिखे पत्र में बताया कि उसकी शादी थाना अकबरपुर के ग्राम बारा जनपद कानपुर देहात के रहने वाले इस्तियाक की बेटी के साथ 14 दिसंबर 2015 मेंहुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी ने दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। जवान का आरोप है कि उसके ऊपर लगाए गए तमाम मुकदमे फर्जी हैं। अब जवान को अपने परिवार वालों की जान माल का डर सता रहा है।

पीड़ित ने जनपद मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी को एक पत्र दिया है जिसमें उसने लिखा है कि पत्नी द्वारा उसके ऊपर लगाए गए सभी मुकदमों की या तो सीबीसीआईडी जांच हो या फिर उसे इच्छा मृत्यु दे दी जाए।

# विद्यार्थियों को कराया गया भोजन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सहार स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष अक्षय पांडेय ने ग्रीष्म अवकाश होने से पूर्व विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को सोमवार को भोजन कराया। प्रधानाचार्य किशोर कुमार ने बताया कि समस्त स्टाफ सहित लगभग 550 बच्चों के लिए तैयार कराए गए भोजन का सभी छात्र छात्राओं ने आनंद लिया।

भौतिकी प्रवक्ता रामेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि बच्चों को बताया गया कि हमें अपनी थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए जिससे कि वह बर्बाद न होने पाए।



भोजन करते स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के विद्यार्थी। अमृत विचार

कार्यक्रम में प्रवक्ता हरेंद्र यादव, दीप नारायण, सूरज पाल, गौरव पांडेय, विपुल कुमार, राजेश अवस्थी, सरफराज अहमद, मिथिलेश गुप्ता, महेंद्र सिंह यादव, विमल शर्मा, गौरव कुमार, ममता शुक्ला, निर्मला झा, मोहित राजावत, अंकेश कुमार, बृजेश सैनी, विकास पांडेय आदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया।

## मोबाइल वेटनरी यूनिट की हुई शुरुआत

**अजीतमल।** अजीतमल पशु अस्पताल में मोबाइल वेटनरी यूनिट टोल फ्री नंबर 1962 की शुरुआत हो गई है। अजीतमल विकासखंड के ग्राम पंचायत सबलपुर में मोबाइल वेटनरी यूनिट कैंप लगाकर पशुपालकों को पशुओं के लिए दवा वितरित की गई। डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि इस समय हीट अधिक है जिससे पशुओं बचाने की सूचना दिए गए। डॉक्टर ने बताया कि पशुओं को छाया में बांधे,पानी पिलाते रहें, पशुओं को समतल जगह में बांधें, हीट की वजह से अधिकतर पशु बच्चे डालने की सूचना मिलती है। पशुओं को होने वाली बीमारी खुर पका, मुंह पका से अपने पशुओं को बचाएं।

## सार-संक्षेप

### चोरी करते युवक पकड़ा, साथी भागा

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सवलपुर में श्याम सिंह तोमर पुत्र जनक सिंह के घर पर रविवार की रात्रि चोरी हो गई। ग्रामीणों ने चोरी करते एक युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया, जबकि उसका साथी भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार हीरा सिंह पुत्र श्याम सिंह तोमर ने अपना मकान घर के बाहर बाग में बनाया है। जहां माता और पिता खाना खाने आए थे। तभी घात लगाए बैठे आजाद पुत्र वशीर खान और उनके साथी ने घर के बाहर बनी दीवार के रास्ते घर में प्रवेश कर नकदी और जेवरात पार कर दिए। चोरी की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह मय पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे चोर को पकड़ कर कोतवाली लाया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बीमारी से युवा समाजसेवी का निधन

**कंचौसी/औरैया ।** कस्बा के महिपाल पुरवा निवासी युवा समाजसेवी संतोष गुप्ता चक्की वाले उम्र करीब 45 वर्ष का इलाज के दौरान सोमवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। बीमारी के चलते कुछ दिनों से कानपुर में इलाज चल रहा था। कस्बा कंचौसी में संतोष गुप्ता की मौत की खबर मिलते ही कस्बा में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में पत्नी दो लड़के मां और एक भाई है। संतोष के पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। कस्बे के तमाम लोगों ने संतोष की अचानक निधन होने पर शोक संवेदना व्यक्त की है। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

धर्म-कर्म | गमा देवी मंदिर ककोर बुजुर्ग में श्रीमद्भागवत और श्रीराम कथा का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे

# पिता के वचन की रक्षा के लिए प्रभु श्रीराम ने किया सर्वस्व त्याग

संवाददाता, ककोर

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट गमा देवी मंदिर ककोर बुजुर्ग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व रात्रि को राम कथा का आयोजन हो रहा है।कथा सुनने आसपास के गांवों के तमाम श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

दूसरे दिन की राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म रात्रि 12:00 बजे नवमी के मुहूर्त में हुआ हुआ। श्रीराम के जन्म पर महिलाओं द्वारा बधाई भी गाई गई। कथावाचक आचार्य मनीष जी महाराज ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने मर्यादा के लिए अपने पिता को दिए हुए वचन को रखने के लिए सर्वोच्च त्याग कर दिया। उन्होंने कहा की बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है। जब जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्मिक का ज्ञान दिया जाना चाहिए माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है माता-पिता और गुरु की सेवा करना बच्चों का परम कर्तव्य है। परीक्षित उषा देवी व लाल सहाय प्रजापति सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।



कथा के दौरान भजनों पर झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

- कथा सुनने के लिए उमड़ रहे आसपास के गांवों के ग्रामीण



कलशयात्रा में सिर पर श्रीमद्भागवत लिए चल रहे परीक्षित। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत

**अजीतमल, औरैया।** अटसू क्षेत्र के गांव सौहरी गढ़िया पुर्वा मदन सिंह में बाबा बंगाली के स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई। कानपुर के भागवताचार्य पंडित विमलेश त्रिपाठी ने प्रथम दिवस की कथा सुनाई। रविवार से शुरू भागवत कथा में डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए महिलाओं व पुरुषों ने सिर पर कलश रखकर सेंगर नदी से जल लेकर भागवत पंडाल पहुंचे। इस दौरान परीक्षित मुनीम सिंह ने पत्नी माया देवी के साथ सिर पर पोथी रखकर पंडाल में पहुंच कर पूजा अर्चना की। पहले दिन की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने लोगों से धर्म के अनुसार आचरण करने का आह्वान किया। कलश यात्रा में महेश दुबे, संतोष सिंह, प्रताप यादव, नेता यादव, सतीश, हरिओम, सुदीप सिंह, अवनीश समेत सैकड़ों महिला पुरुष साथ रहे। आयोजक बाबा विजय सिंह ने बताया कि कथा 25 मई तक चलेगी। 26 को पूर्ण आहूती के साथ हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### चौथे दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनाई

**फफूंद, औरेया।** ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सल्हापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य श्री कौशल जी महाराज ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।कहा कि कलयुग में भागवत कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है।राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। बताया कि 24 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। परीक्षित बने कुन्ती देवी एवं चन्द्रभानु कुशवाहा ने सभी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने की अपील की है।



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# मां-बेटे को धारदार हथियार से किया मरणासन्न, रेफर

संवाददाता ऐरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** ऐरवा कटरा थाना क्षेत्र केत ग्राम ऐरवा टीकुर के मजरा तकिया गांव में रविवार की रात्रि 3 बजे सोते समय मां और बेटे पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें आगरा रेफर किया गया है।

तकिया गांव निवासी सुरेंद्र (45) उर्फ भगत अपनी मां रामदेवी के साथ घर के बाहर सो रहे थे। तभी अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं हमले में घायल अपनी दादी की आवाज सुनकर नातिन कुमारी राधा जाग गई। शोर सुनकर आसपास के लोग आए और ऐरवा कटरा पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद घायलों को सीएचसी ऐरवा कटरा लाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहित यादव ने बताया कि मां-बेटे के सिर में गंभीर चोट आई है। हालात ज्यादा नाजुक होने के कारण मिनी पीजीआई सैफई रेफर किया गया। वहा पता चला कि उन्हें सैफई से आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है। सीओ अशोक कुमार एवं कस्बा इंचार्ज अब्दुल सत्तार जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं।

# सीटों को लेकर नहीं करूंगा भविष्यवाणी : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रक्षामंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने कहा कि सीटों को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं करूंगा। एनडीए का संकल्प 400 पार का है।

रक्षामंत्री ने विपुल खंड गोमती नगर के स्कॉलर होम स्कूल पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद उक्त बात पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा देश के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि परिवार के साथ मतदान अवश्य करें। वहीं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से भ्रमित है। जनता ने उन्हें नकार दिया है और हम रायबरेली, अमेठी सहित प्रदेश में सभी 80 सीटें जीत रहे हैं।


लखनऊ में मतदान करने के बाद उंगली में लगी स्याही का निशान दिखाते रक्षा मंत्री।

## राहुल और अखिलेश अपने ही गढ़ में चुनाव हारेंगे : सुधांशु

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विकसित और सुरक्षित भारत के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि राहुल और अखिलेश अपने ही गढ़ में चुनाव हारेंगे। जब चुनाव आता है तो राहुल गांधी को अपनी परंपरागत सीट रायबरेली व अमेठी की याद आती है। यही हाल अखिलेश यादव की कन्नौज संसदीय सीट के लिए रहती है। दोनों भूल जाते हैं कि जनता की सेवा लगातार करने के उपरांत ही बेहतर परिणाम मिलता है।


मतदान के बाद उंगली में लगी स्याही का निशान दिखाते सुधांशु त्रिवेदी।

# लग रहा है इस बार परिवर्तन जरूर होगा : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ कहा- इस बार का चुनाव मुद्दों और जनता की समस्याओं को लेकर नहीं लड़ा जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है**

**अमृत विचार :** जनता के रवैये से मुझे यह महसूस हो रहा है कि इस बार परिवर्तन जरूर होगा। यह बात बसपा प्रमुख ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस के निकट चिल्ड्रन अकादमी स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद कही।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के मुताबिक इस बार का चुनाव मुद्दों और जनता की समस्याओं को लेकर नहीं लड़ा जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। बसपा प्रमुख ने कहा सारा चुनाव आरोप-प्रत्यारोपों तक ही सीमित नजर आया। पत्रकारों से बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश आनंद को लेकर उठे एक सवाल के जवाब में मायावती ने कहा कि इस विषय पर मैं पहले ही अपने सोशल मीडिया पर संदेश साझा कर चुकी हूं, इसके अलावा मुझे कुछ नहीं कहना है। इससे पहले मायावती ने आमजन से बढ-चढ़ कर वोट डालने की अपील की।


राजधानी स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी में मतदान करके निकलतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

## हमने भी किया मतदान...


प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने परिवार के साथ डाला वोट।


प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने पत्नी व पुत्री के साथ किया मतदान।


मतदान करने के बाद पत्नी के साथ डीजीपी प्रशांत कुमार।


खेल निदेशक आरपी सिंह ने पत्नी डॉ मांडवी सिंह के साथ डाला वोट।


वोट डालने के बाद सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा।


बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।

# 14,984 बूथों पर कराई गई वेबकास्टिंग

## जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग ने किया पर्यवेक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 14,984 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग कराई गई। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियां (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 21,907 मतदाताओं के जरिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। इसके अलावा कुल 32,250 सेवा मतदाताओं को भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 29,005 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग के जरिये 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक व 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3,619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे।



5वें चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### ईवीएम की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों को

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

### 250 मतदान केंद्रों पर खराब हुई ईवीएम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान ईवीएम में खराबी, फर्जी मतदान समेत कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें समय पर निस्तारित कराया गया। ईवीएम खराबी की 250 शिकायतें पाई गईं, जिनका समय पर निस्तारण कराया गया। चुनाव में सभी 28,688 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन क्षेत्रों के मॉक पोल के दौरान कुल 167 बैलेट यूनिट, 268 कंट्रोल यूनिट व 349 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम बजे तक कुल 67 बैलेट यूनिट, 67 कंट्रोल यूनिट व 238 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व में मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट व 11 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे कोई बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट बदले नहीं गये।

# राजधानी में कई राजनीतिक हस्तियों ने किया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ मुख्य सचिव और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने भी परिवार संग किया मताधिकार का प्रयोग**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में तमाम राजनीतिक हस्तियों समेत शासन के बड़े अधिकारियों ने भी अपने-अपने मताधिकार प्रयोग राजधानी के विभिन्न पोलिंग बूथों पर किया। इनमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व सुधांशु त्रिवेदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एमएलए पंकज सिंह के अलावा कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर वोट किया। इनमें कई अकेले वोट डालने आए तो कई परिवार संग निकले।

सोमवार को मताधिकार का प्रयोग करने वाले अधिकारियों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री व सूचना संजय प्रसाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, सूचना निदेशक शिशिर, डीजीपी प्रशांत कुमार शामिल रहे, जिन्होंने अपने-अपने परिवार के साथ मतदान किया।

इसके अलावा एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एएसपी यूपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह, आईएएस ऋतु सुहास, आईएएस धनंजय शुक्ला, एसीएस नितिन रमेश गोकर्ण, आईएएस अनुज झा, आईएएस राजशेखर, उप्र. विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे, आईएएस मनोज कुमार सिंह, विधुत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद इन सभी ने अपने परिवार के साथ में सेल्फी ली और कईयों ने इसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया।

# छह फार्मासिस्टों की मौतों की जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत पर फेडरेशन चिंतित**

**अमृत विचार :** सोमवार को गाजीपुर व बुलंदशहर में एक-एक फार्मासिस्ट की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इसी प्रकार बीते पांच दिनों में स्वास्थ्य विभाग में सेवारत छह फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है। आकस्मिक मौतों पर फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र. ने चिंता व्यक्त करते हुए मौत के कारणों की जांच की मांग की है।

बुलंदशहर मालागढ़ के जिला अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सूरज और गाजीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर में तैनात फार्मेसिस्ट 40 वर्षीय वकार शाहिद की दोपहर एक बजे हार्टअटैक से मृत्यु हो गई है। इसके पहले 15 मई को प्रयागराज में सीएचसी हंडिया में तैनात फार्मासिस्ट प्रमोद यादव की अस्पताल जाते समय हृदयाघात से कार में मौत हो गई थी। उसी दिन कौशांबी मंझनपुर में कार्यरत फार्मेसिस्ट सदाशिव सिंह की भी अस्पताल में हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद 17 मई को सिद्धार्थनगर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फार्मासिस्ट बी. नारायण की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अगले दिन 18 मई को प्रयागराज में ही रामनगर सीएचसी में तैनात फार्मेसिस्ट जय सिंह की अस्पताल में ही हार्ट अटैक पड़ने से मृत्यु हो गई।

> छह फार्मासिस्टों के निधन में केवल एक की मार्ग दुर्घटना से मृत्यु हुई, जबकि अन्य सभी की मृत्यु का कारण अज्ञात है। सभी की उम्र 40 से 52 के मध्य में है। इस प्रकार की आकस्मिक मौतों के कारणों की वजह जानने के लिए शोध होने चाहिए। जारी शोधों को गति प्रदान करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बढ़ावा मिलना चाहिये।
>
> -सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.

## ट्रेन में 5.3 किग्रा अफीम के साथ पकड़ी गई महिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रवर्तन लखनऊ टीम को त्रिवेणी एक्सप्रेस से एक महिला नशा तस्कर को 5 किलो 300 ग्राम अफीम के साथ पकड़ने में सफलता मिली। महिला तस्कर अफीम को लेकर सप्लाई करने बरेली जा रही थी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सहयोग से नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग 53 लाख बताई जा रही है। महिला तस्कर का नाम संगीता देवी है, जो कि रांची झारखंड की मूल रूप से रहने वाली है। महिला तस्कर से अभी अन्य तस्करों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

## बसपा प्रमुख जौनपुर में आज सभा को करेंगी संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती मंगलवार को जौनपुर में प्रत्याशी श्याम सिंह यादव के लिए समर्थन जुटाएंगी। चुनावी सभा में पूर्व घोषित प्रत्याशी धनन्जय सिंह की पत्नी श्रीकला से टिकट वापस लेने की वजह भी जनमानस में उपजे अविश्वास को भी खत्म करने का प्रयास करेंगी।


## वर्ग पहेली-76

**बाएं से दाएं**

3. 1. सुरमा, काजल 2. रसांजन।
4. 1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5. 1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6. 1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9. 1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3. 1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6. 1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8. 1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | | 2 कु | | | |
| | | 3 प | ल | टा | ना | |
| 4 चा | | | बु | | | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | | रु |
| चौ | | | ह | | | पा |
| बं | | 7 झों | ट | | | धि |
| द | | की | | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू-155

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 3 | 4 | |
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 4 | 5 | | | | | 7 | 8 |
| 9 | | | | | | | | 5 |
| | 1 | 7 | | | | | 9 | 6 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | 6 | 9 |
| | 6 | 2 | 3 | | | | | |

### सुडोकू-154 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 2 | 9 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 17 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 05 .46 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज आपको अधीर होने से बचना चाहिए। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपका मन कुछ विचलित सा हो सकता है। यदि नौकरी कर रहे हैं तो व्यापार की इच्छा होगी। आपके सामने व्यवसाय को लेकर अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** — आज पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है, किंतु आप किसी भी तरह के लोन आदि लेने वाली गतिविधि से स्वयं को दूर रखें। व्यवसाय में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज नया कार्य शुरू करने में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपको लोग आश्वासन देंगे, लेकिन आपकी मदद से पीछे हटेंगे। आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके दिमाग में व्यवसाय को लेकर नए-नए विचार आएंगे।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन को समय अवश्य दें। अधिकारियों के बीच अपनी छवि का ध्यान रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिसके परिणाम भविष्य में खराब होंगे जिनके प्रति आप श्रद्धा भाव रखते हैं, वे आपको गलत सलाह दे सकते हैं।

**सिंह** — आज आप कई तरह के उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जिसके बारे में आपके पास कम जानकारी है। आप लोगों के बीच काफी सक्रिय रहेंगे।

**कन्या** — आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। धन की कमी से कुछ काम रुक सकते हैं, जो लोग किराए पर रहते हैं, वे अपने लिए घर खरीदने की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सावधान रहें।

**तुला** — आज नई जॉब के आवेदन के लिए समय उत्तम है। व्यवसाय में आप बदलाव करने को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव काफी ज्यादा बढ़ सकता है। आप लोगों की मदद काफी सोच-समझकर ही करें।

**वृश्चिक** — आज कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। मन पुरानी बातों को लेकर अशांत रहेगा। यदि किसी स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हैं तो आपको कुछ सावधान रहना चाहिए। चिकित्सीय कार्यों में धन खर्च होगा।

**धनु** — आज हृदय रोगियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। किसी सामाजिक सभा में आप सम्मिलित हो सकते हैं। अटका हुआ धन मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए दिन शुभ है। संपत्ति को लेकर विवादों को आप अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मकर** — आज सहकर्मी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। राजनेताओं के लिए दिन शुभ है। प्रेमीजन को विवाह का प्रस्ताव दे सकते हैं। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। आप अपनी गलतियों का मूल्यांकन करें। इससे आप काफी सारी समस्याओं को सुलझा सकेंगे।

**कुंभ** — आज बड़ी आर्थिक गतिविधियों के लिए दिन शुभ नहीं है। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। आपको अपने दस्तावेजों को काफी संभाल कर रखना चाहिए। कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।

**मीन** — आज आपको ऐसे अवसर मिलेंगे जहां आपको दो में से किसी एक को चुनना होगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अपने शुभचिंतकों से विमर्श कर लें। आपको काफी शांत रहना चाहिए। तभी आप परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- शिव शक्ति — सुबह : 11.02
- जुआरी — शाम : 04 .25

&pictures
- मास — सुबह : 08 .13
- हॉलीडे — दोपहर : 02 .01

- वंडर वुमन — सुबह : 11.11
- द इंट्रूडर — रात : 09 .00

Zee Cinema
- सागर — सुबह : 09 .50
- हमारी अधुरी कहानी — रात : 07 .50

Colors Cineplex
- पहेली — सुबह : 11.33
- देवदास — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .01 बजे

## जोक्स ऑफ द डे


प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने की सियासत



| दल | उम्मीदवार | मत मिले |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामा चरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुंवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |



2014 का जनादेश

- भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और सपा से कांग्रेस में आए उज्ज्वल रमण सिंह के बीच छिड़ा है रोचक मुकाबला
- लाल बहादुर शास्त्री, बहुगुणा, जनेश्वर मिश्र, मुरली मनोहर जोशी और अमिताभ बच्चन कर चुके यहां का प्रतिनिधित्व
- बीते चार दशक से यहां जीत दर्ज करने के लिए तरस रही है कांग्रेस, क्या इस बार खत्म हो पाएगा पार्टी का सूखा
- अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेताओं को ही मिलती रही जीत, ब्राह्मण तय करते रहे चुनावी दिशा

**इलाहाबाद संसदीय सीट**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** संगम नगरी इलाहाबाद (प्रयागराज) लोकसभा सीट से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी और दिग्गज समाजवादी जनेश्वर मिश्र जैसे नेता चुनाव लड़कर संसद पहुंचे और आज भी याद किए जाते हैं। इनके अलावा महानायक अमिताभ बच्चन भी इलाहाबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 1984 के चुनाव में यहां जीते थे, तब से कांग्रेस इलाहाबाद में जीत के लिए तरस रही है।

साल 2014 से यह सीट भाजपा के पास है और इस बार पार्टी हैट्रिक लगाने की उम्मीद पाले हैं। इलाहाबाद में अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेता ही जीत हासिल करते रहे हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि यहां ब्राह्मण ही राजनीति की दिशा तय करते हैं। इसी समीकरण के चलते भाजपा ने अपनी सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर राज्य के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने सपा से आए उज्ज्वल रमण सिंह पर दांव लगाया है। उज्ज्वल के पिता रेवती रमण सिंह भी दिग्गज नेताओं में शुमार रहे हैं। वह आठ बार विधायक रहने के साथ इलाहाबाद से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। उज्ज्वल करछना से दो बार विधायक और अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ हजार मतों से चुनाव हार गए थे। उज्ज्वल चुनाव से पहले सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अपना दल कमेरावादी से हंसराज कोल चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बसपा ने रमेश पटेल को मैदान में उतार रखा है।

**2019 लोकसभा जनादेश**

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 55.62 % | 34.89 % | 3.59% |
| 4,94,454 मत | 3,10,179 मत | 31,953 मत |
| रीता बहुगुणा जोशी | राजेंद्र सिंह पटेल | योगेश शुक्ला |

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। बारा और कोरांव विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इन पांच सीटों में से 2002 के चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। केवल करछना सीट सपा के पास है।


उज्ज्वल रमण सिंह – कांग्रेस।


नीरज त्रिपाठी – भाजपा।


रमेश सिंह पटेल – बसपा।

## ...जब वीपी सिंह निर्दलीय लड़कर बने सांसद डॉ. जोशी की जीत से खुला भाजपा का खाता

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव और तीन बार उपचुनाव हुए हैं। 1952 से 1971 तक यहां कांग्रेस का कब्जा रहा है। 1973 में भारतीय क्रांति दल से जीते जनेश्वर मिश्रा ने कांग्रेस के वर्चस्व तोड़ा था।

इसके बाद 1984 में कांग्रेस यहां जीती, जब अमिताभ बच्चन कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। भाजपा का यहां खाता 1996 में मुरली मनोहर जोशी की जीत के साथ खुला।

जोशी ने 1996 से 1999 तक लगातार तीन बार यहां से जीत हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह जीते। लेकिन 2014 की मोदी लहर में यह सीट भाजपा ने फिर वापस छीन ली।

भारतीय जनता पार्टी से उतरे श्याम चरण गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह को करारी शिकस्त दी। 2019 के चुनाव में भाजपा से उतरीं रीता बहुगुणा जोशी ने सपा के राजेंद्र सिंह पटेल हरा दिया था।

### भाजपा के लिए वोट बैंक संभाले रखने की चुनौती

- वोटों की उठापटक के बीच यह चुनाव भाजपा और सपा-कांग्रेस से जुड़े दो सियासी परिवारों की जंग होने के कारण दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने पिछले दो चुनावों में इलाहाबाद में ब्राह्मणों और निषादों के साथ अति पिछड़ी जातियों का गठजोड़ बनाया था। यहां ब्राह्मण और निषाद मतदाता पांच लाख से ज्यादा हैं। भाजपा इस बार भी इनके साथ ही करीब दो लाख पटेल मतदाताओं को भी अपना परंपरागत वोट बैंक मान रही है। लेकिन मेजा से सपा विधायक संदीप पटेल के अलावा ब्राह्मण तथा निषाद बिरादरी के कई नेता कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल के साथ मजबूती से खड़े नजर आ रहे हैं। उधर, बसपा के रमेश पटेल भी इस बार पटेल मतों में सेंधामारी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने अपने वोट बैंक में बिखराव रोकना बड़ी चुनौती है।

### मतदाताओं की चुप्पी बढ़ा रही प्रत्याशियों की चुनौती

- इलाहाबाद में लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में आने के साथ रोचक मोड़ लेता नजर आ रहा है। मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों की चुनौती बढ़ा रही है। यहां ब्राह्मण तथा भूमिहार मतदाताओं की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। लेकिन इस बार अनुसूचित जाति के वोटर भी जीत-हार का फैसला कर सकते हैं, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है। पिछड़ों में अगर निषाद, कुर्मी मतदाताओं की संख्या काफी है और उनके वोटों के लिए भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी में घमासान छिड़ा है।

### पहली बार दलित और कोल मतदाता हुए महत्वपूर्ण

- लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख से अधिक दलित तथा कोल मतदाताओं की इस बार अहमियत काफी बढ़ गई है। अपना दल कमेरावादी के हंसराज कोल सजातीय मतों के साथ अन्य बिरादरी का वोट हासिल करने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो बसपा के रमेश पटेल इन मतों को अपना परंपरागत वोट बैंक मानकर अगड़ा-बनाम पिछड़ा मुद्दे पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में यहां बसपा के कमजोर होने के कारण दलित मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव रहा है।

# जातीय गोलबंदी : सेंधमारी से बचने के लिए घेराबंदी

**फूलपुर संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह


प्रवीण पटेल – भाजपा।


अमरनाथ मौर्य – सपा।


जगन्नाथ पाल – बसपा।

- भाजपा से फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल और सपा के अमरनाथ मौर्य के बीच मुकाबले में बसपा भी कम नहीं
- भाजपा प्रत्याशी बसपा से रह चुके विधायक, जबकि सपा उम्मीदवार बसपा से लड़कर हार चुके विधानसभा चुनाव
- 2014 के चुनाव में पहली बार केशव प्रसाद मौर्य ने खिलाया कमल, लेकिन उपचुनाव में हार गई थी भाजपा
- साल 1977 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार ही यहां से चुनाव जीते

**अमृत विचार।** प्रयागराज से सटी फूलपुर लोकसभा सीट इस समय चर्चा में है। रविवार को यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भीड़ के बेकाबू हो जाने और बैरीकेड तोड़कर मंच तक पहुंचने के कारण भाषण दिए बिना वापस लौटना पड़ा था। फूलपुर में इस बार भाजपा और सपा के बीच कांटे के संघर्ष में बसपा त्रिकोण बनाने की जगह खोज रही है। मजे की बात यह है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी भी पहले बसपा में रह चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पहली बार कमल खिला था। केशव प्रसाद मौर्य चुनाव जीते थे, लेकिन 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो केशव प्रसाद मौर्य योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद हुए उपचुनाव में सपा ने भाजपा को हरा दिया। हालांकि 2019 में भाजपा ने फिर इस सीट पर कब्जा कर लिया।

### पिछड़ा वर्ग में कुर्मी मतदाता तय करते हैं जीत-हार

- फूलपुर में पिछड़े वर्ग के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। खासकर कुर्मी मतदाता यहां जीत-हार तय करते रहे हैं। वर्ष 1977 के बाद हुए चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार यहां चुनाव जीते हैं। अगड़ी जाति से 2009 में कपिल मुनि करवरिया के अलावा 2004 में अतीक अहमद को ही जीत मिली थी। पिछड़ी जाति में भी नौ मर्तबा कुर्मी उम्मीदवार ही फूलपुर से संसद पहुंचे हैं। इस जातीय समीकरण को देखते हुए ही भाजपा ने इस बार यहां अपनी सांसद केशरी पटेल के स्थान पर फूलपुर विधानसभा सीट से 2022 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते अपने विधायक प्रवीण पटेल को उतारा है। प्रवीण पटेल ने पहली बार 2007 में बसपा से झूंसी विधानसभा सीट पर चुनाव जीता था। इसके बाद 2017 और 2022 में उन्होंने भाजपा से फूलपुर सीट पर चुनाव जीता। सपा ने यादव व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का ध्रुवीकरण कराने की नीयत से अमर नाथ मौर्य को मैदान में उतारा है। अमरनाथ विधानसभा चुनाव में इलाहाबाद शहर पश्चिमी से टिकट कटने के बाद भी पूरी निष्ठा से पार्टी से जुड़े रहे। इसी कारण सपा अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में उन्हें मौका दिया। अमरनाथ इससे पहले बसपा से 2002 में शहर पश्चिमी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। वह दो बार जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा की कोशिश चुनाव को कुर्मी बनाम अन्य पिछड़ा वर्ग बनाकर मुस्लिम मतों के सहारे जीत हासिल करने की है। बसपा ने पार्टी के प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है। वह पुराने कार्यकर्ता हैं। कांशीराम जब फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, तो उनके कार्यालय का संचालन जगन्नाथ पाल ही करते थे। यहां बसपा की रणनीति एक लाख जाटव और ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं के साथ गैर कुर्मी पिछड़ा वर्ग के वोटरों को साधने की है। अपना दल कमेरावादी ने महिमा पटेल पर दांव लगाया है।




**55.68%** भाजपा को मिले थे 2019 के चुनाव में वोट

**46.95%** सपा ने पाए थे 2018 के उपचुनाव में वोट

### तीन लाख कुर्मी, दो लाख यादव के अलावा तीन लाख अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता

- फूलपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम व ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख तक है।

### बीते तीन चुनावों में दो बार भाजपा को मिली है इस सीट पर जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा की केशरी देवी पटेल ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,44,701 वोट मिले थे। सपा के पंधारी यादव 3,72,733 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर और कांग्रेस के पंकज पटेल 32,761 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। इससे पहले 2018 के उपचुनाव में सपा के नागेंद्र पटेल 3,42,922 वोट पाकर जीते थे। भाजपा से उतरे वाराणसी के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल को 2,83,462 और निर्दलीय उम्मीदवार अतीक अहमद को 48,094 वोट मिले थे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के केशव प्रसाद मौर्य 5,03,564 पाकर जीते थे। सपा के धर्मराज सिंह पटेल को 1,95,256, बसपा के कपिल मुनि करवरिया को 1,63,710 तथा कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद कैफ को 58,127 मत मिले थे।

### पं. नेहरू और रामपूजन के नाम पर हैट्रिक का रिकार्ड

- पं. जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में फूलपुर लोकसभा सीट को अपनी कर्मभूमि मानकर चुनाव लड़ा और वह लगातार 1952, 1957 और 1962 में यहां से सांसद चुने गए। नेहरू के धुर विरोधी रहे समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने 1962 में फूलपुर सीट पर उन्हें चुनौती दी, लेकिन जीत नहीं सके थे। फूलपुर से अब तक सिर्फ दो ही नेता जवाहरलाल नेहरू और रामपूजन पटेल जीत की हैट्रिक लगा पाए हैं। रामपूजन 1984, 1989 और 1991 में इस सीट से सांसद चुने गए थे। 1964 में नेहरू के निधन के बाद उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित फूलपुर से चुनाव जीतकर सांसद बनी थीं। वह 1967 में भी चुनाव जीती थीं। 1969 में यहां से जनेश्वर मिश्र और 1971 में वीपी सिंह चुनाव जीते थे। 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में यहां से कमला बहुगुणा जीती थीं। 1980 में जनता पार्टी (सेक्युलर) के बीडी सिंह के बाद 1984 में कांग्रेस से फिर 1989 और 1991 में जनता दल से चुनाव लड़कर राम पूजन पटेल जीते। 1996 और 1998 में सपा के जंगबहादुर पटेल, 1999 में सपा से धर्मराज पटेल, 2004 में सपा से अतीक अहमद, 2009 में बसपा से कपिल मुनि करवरिया के बाद 2014 में यहां भाजपा का खाता खुला और केशव प्रसाद मौर्य सांसद चुने गए। हालांकि मौर्य के 2017 में विधान सभा चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने पर 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के नागेन्द्र पटेल ने जीत हासिल की थी।

## छठे चरण में हरियाणा और दिल्ली में सर्वाधिक प्रत्याशी

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में सबसे ज्यादा प्रत्याशी दिल्ली और हरियाणा में किस्मत आजमा रहे हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 223 तो दिल्ली की सात सीटों पर 162 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

छठे चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की 10, दिल्ली की सात, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की चार, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं। आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में आम आदमी पार्टी के सभी पांच उम्मीदवार, आरजेडी के सभी चार उम्मीदवार, सपा के 12 में से नौ उम्मीदवार, भाजपा के 51 में से 28 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के नौ में से चार, बीजद के छह में से दो और कांगेस के 25 में से आठ उम्मीदवार शामिल हैं।


भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली से पार्टी की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के लिए मालवीय नगर में प्रचार करते हुए लोगों से कमल खिलाने की अपील की।

## 44 डिग्री तापमान में मतदान से नहीं लगा फायदे-नुकसान का अनुमान

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** 45 डिग्री तापमान में आसमान से बरसती आग के बीच लोकतंत्र के पर्व में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदाताओं के रुख की थाह लेने में राजनीतिक विश्लेषकों को पसीने छूटते रहे, इसकी वजह यह रही कि बीते चार चरणों में तीन चरण में कम मतदान को लेकर तमाम निहितार्थ निकाले गए थे। लेकिन पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान के आंकड़ों ने हिसाब किताब लगाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं छोड़ा। अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में कमोबेश पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में साल 2019 में 54.08 प्रतिशत मदान हुआ था। इस बार 54.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अंतिम आंकड़े में यह एक फीसदी तक बढ़ सकता है, जिसे बढ़ा हुआ या भारी मतदान नहीं कहा जा सकता। मोहनलाल गंज में 2019 में 62.79 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यहां 62.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो अभी थोड़ा बढ़कर पिछली बार से आधा प्रतिशत तक अधिक रह सकता है। इसी तरह फतेहपुर में 2019 में 56.79 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है। अंतिम आंकड़ें में यहां भी एक प्रतिशत तक ज्यादा मतदान दर्ज किया जा सकता है, जो परिणाम के लिहाज से कोई बड़ा संकेत करता नहीं नजर आ रहा है। गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान होने की खबर है, यहां 2019 में 52.20 प्रतिशत वोट डाले गए थे। अंतिम आंकड़े में इस बार भी मतदान 52 फीसदी रहने का अनुमान है। बांदा में भी मतदान पिछली बार जैसा ही रहा। यहां 2019 के 60.8 के मुकाबले 59.64 प्रतिशत मतदान हुआ जो अभी बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच सकता है। इसी तरह फतेहपुर में भी 2019 के 56.79 के मुकाबले 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है, जो अंतिम आंकड़े में थोड़ा बढ़ने पर भी एक फीसदी से अधिक नहीं होने का अनुमान है।



### बाराबंकी में चार, रायबरेली में दो फीसदी अधिक वोट पड़े

- बाराबंकी में सबसे अधिक करीब चार प्रतिशत वोट अधिक पड़े हैं। यहां पिछली बार 63.61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, इस बार 67.10 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जो अंतिम गणना में थोड़ा बढ़ सकता है। रायबरेली में करीब दो फीसदी अधिक मतदान की खबर है। यहां 2019 में 56.34 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार दर्ज किया गया 58.04 प्रतिशत मतदान अंतिम आंकड़े में थोड़ा और ऊपर जा सकता है।

- अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने डाले वोट

### झांसी में चार, लखनऊ, जालौन व कौशांबी में दो फीसदी कम वोटिंग

- झांसी में 60 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के बावजूद पिछली बार से लगभग चार फीसदी कम वोट पड़े हैं। झांसी में 2019 में 67.68 प्रतिशत वोट पड़े थे, इस बार 63.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। जालौन में दो प्रतिशत कम वोट पड़े हैं। यहां पिछले चुनाव में 58.49 के मुकाबले इस बार 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। कौशांबी में भी करीब दो प्रतिशत मतदान घट गया। यहां 2019 के 54.56 के मुकाबले 52.79 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। हमीरपुर में 2019 की अपेक्षा डेढ़ प्रतिशत कम मतदान का हिसाब लगाया जा रहा है। यहां पिछली बार के 62.32 की अपेक्षा 60.56 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। लखनऊ में पिछली बार से करीब दो प्रतिशत कम वोटिंग हुई। 2019 के 54.78 के मुकाबले यहां 52.23 प्रतिशत मतदान की सूचना है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5900-6000 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13500-13600 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7100-7150 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# मार्च में रियल्टी धारणा सूचकांक में आया सुधार

## नाइट फ्रैंक और नारेडको के अनुसार 6 माह के लिए है सकारात्मक परिदृश्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में धारणा सूचकांक बेहतर होने के साथ अगले छह महीनों को लेकर खासी उम्मीदें लगी हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक और उद्योग निकाय नारेडको की सोमवार को जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आर्थिक वृद्धि और मजबूत संपत्ति की मांग उनकी धारणाओं में सुधार के प्रमुख कारक हैं। रियल एस्टेट धारणा सूचकांक (जनवरी-मार्च) रिपोर्ट आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच कराए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। यह दर्शाती है कि उद्योग के आपूर्ति पक्ष के बीच बाजार के भरोसे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मौजूदा धारणा सूचकांक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 69 था लेकिन मार्च तिमाही में यह सुधरकर 72 हो गया। भविष्य की धारणा का सूचकांक भी बीती तिमाही में बढ़कर 73 हो गया जबकि दिसंबर तिमाही में यह 70 था। सलाहकार फर्म ने कहा-यह सकारात्मक वृद्धि पथ भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में हितधारकों के निरंतर आशावाद और रियल एस्टेट बाजार में स्थायी मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवासीय बाजार का दृष्टिकोण विशेष रूप से आशाजनक है।

### रियल एस्टेट मामलों के प्रभावी दिवाला समाधान के लिए कानूनी सुधार जरूरी

दिवाला कानून के तहत रियल एस्टेट मामलों के समाधान में अधिक दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स ऑफ आईसीएआई (आईआईआईपीआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि परियोजनाओं को पूरा करने और घर खरीदारों को आवंटन पर हरसंभव ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रक्रियात्मक और समन्वय संबंधी मुद्दों को अनुमति नहीं देने का सुझाव भी दिया है। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) कर्ज में फंसी संपत्तियों के समयबद्ध समाधान का प्रावधान करती है। रियल एस्टेट मामलों के समाधानों में सुधार और नियामक रेरा के साथ समन्वय' पर गठित अध्ययन समूह ने आईबीसी और रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम (रेरा) के तहत कानूनी और साथ ही व्यावहारिक पहलुओं में कुछ महत्वपूर्ण कमियों को चिह्नित किया है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि आईबीसी के तहत रियल एस्टेट मामलों को सुलझाने में अधिक प्रभावकारिता के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है।

### रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामले में 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने वित्त वर्ष 2018-19 में रिलायंस कमर्शियल में पेशेवर कदाचार और ऑडिटिंग (अंकेक्षण) खामियों के लिए दो लेखाकारों (ऑडिटर) पर कुल 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने श्रीधर एंड एसोसिएट्स पर दो करोड़ रुपये और अजय वस्तानी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने वस्तानी को किसी भी कंपनी या निकाय के कार्यों और गतिविधियों के वित्तीय विवरणों या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से पांच साल के लिए रोक दिया है। यह आदेश ऐसे समय आया है जब कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एनएफआरए को सूचित किया कि पीडब्ल्यू ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत मंत्रालय को एक रिपोर्ट दायर की थी।

## फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गई और झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा। लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाज़ारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है। फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूज़र अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूज़र कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांज़ैक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई ) और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के ज़रिए दी गई है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 84,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,550 |
| चांदी आभूषण | 82,600। |

## सरकार ने वाहनों की गति मापने वाले उपकरण के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सड़कों पर वाहनों की गति मापने में उपयोग होने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए नियमों के मसौदे पर लोगों से सुझाव मांगे हैं।

मंत्रालय ने इस बारे में एक परिपत्र जारी किया है। नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अंतिम रूप से नियम अधिसूचित होने के बाद स्थापित रडार उपकरणों को एक वर्ष के भीतर सत्यापित करने की जरूरत होगी। लोगों को इस बारे में 11 जून तक सुझाव देने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि फिर से प्रमाणन की जरूरत होने पर मौजूदा स्थापित उपकरणों को भी सत्यापित किया जाना चाहिए। ऐसे रडार उपकरण जो पहले से लगे हैं और जिनका फिर से सत्यापन होना है अथवा अगले वर्ष के भीतर होना है, उन्हें नए नियम लागू होने के एक वर्ष के भीतर सत्यापित किया जाना चाहिए और मुहर लगाई जानी चाहिए। यदि गति माप परिणामों का उपयोग कानूनी कार्यवाही में किया जाना है, नियम के तहत जो भी शर्तें निर्धारित होती हैं, उन्हें रडार उपकरण को पूरा करना होगा।

### उबर को दिल्ली में बस चलाने के लिए मिला लाइसेंस

**नई दिल्ली।** ऐप आधारित ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर को दिल्ली परिवहन विभाग से सरकार की प्रीमियम बस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में बसें संचालित करने के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस प्राप्त हुआ है। एग्रीगेटर से आशय कारोबारी मॉडल से है। यह एक नेटवर्क मॉडल होता है जिसके तहत सेवा प्रदाताओं और सेवा लेने वालों को एक मंच पर जोड़ा जाता है। कंपनी ने कहा कि दिल्ली बस संचालन के लिए लाइसेंस देने वाला पहला राज्य बन गया है। वहीं उबर दिल्ली प्रीमियम बस योजना के तहत पहली एग्रीगेटर बन गई है।

## बिजली की अधिकतम मांग 235 गीगावॉट के करीब पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पारा चढ़ने के साथ एसी और कूलर का बढ़ गया उपयोग



देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली की अधिकतम मांग मई में 235 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग छह मई को दिन में 233 गीगावॉट (एक गीगावॉटबराबर 1,000 मेगावॉट) पर पहुंच गई। एक साल पहले इस दौरान यह 221.42 गीगावॉट थी। मंत्रालय ने महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मई में दिन के दौरान बिजली की मांग 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट तक पहुंच जाएगी। वहीं जून, 2024 में दिन के दौरान इसके 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉटरहने की संभावना है। पिछले सप्ताह, 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 229.57 गीगावॉट तक पहुंच गई, जबकि 15, 16 और 17 मई को यह लगभग 226 गीगावॉट थी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। इसका कारण गर्मी से राहत दिलाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के एक जून को केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून लगभग पूरे देश में फैलते हुए जून के अंत तक दिल्ली पहुंचता है। इससे बिजली की मांग अगले महीने भी अधिक रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल मार्च में अनुमान लगाया था कि अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रहने से अधिक गर्मी और लू वाले दिन होंगे।

# राष्ट्रीय

# दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी भाजपा: मोदी

## भुवनेश्वर में बोले प्रधानमंत्री, 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा

**भुवनेश्वर, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुरी में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी और चार जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार रात एक साक्षात्कार में कहा-पूरे देश के लिए हमारी रणनीति एक समान है। फिर एक बार मोदी सरकार और चार जून को 400 पार। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने एक मिथक पैदा किया है कि भाजपा दक्षिणी राज्यों में कोई ताकत नहीं है या वहां उसकी मौजूदगी नहीं है।

उन्होंने कहा-2019 के चुनाव को देखिए। तब भी दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही थी। एक बार फिर, मैं यह कहता हूं कि इस बार दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा होगी तथा उसके सहयोगियों को और अधिक सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा-हम दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेंगे और पिछली बार से भी अधिक अंतर से जीतेंगे। उन्होंने बताया-हमने पहले ही लोगों की सोच में बदलाव देखा है। हम दक्षिण क्षेत्र में अपनी सीटों की संख्या और मत प्रतिशत में भी बड़ी वृद्धि देखेंगे।

### रोड शो शुरू करते ही मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा माहौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निकल कर लगभग सौ मीटर चलकर मारीचिकोट चौराहे पर अपना रोड शो शुरू करने पहुंचते ही इस तीर्थनगरी में ग्रैंड रोड की हवा मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठी। नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी राज्य इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा तथा री विधायक उम्मीदवार जयंत शारंगी के साथ एक सजे हुए वाहन पर खड़े थे।

### अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला और भाजपा केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी खास नागरिक के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात साक्षात्कार में ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को अल्पसंख्यकों को लेकर अब तक का सबसे स्पष्ट बयान माना जा रहा है।

### मप्र में पति ने डाक से पत्र भेजकर पत्नी को तीन तलाक दिया, मामला दर्ज

**रतलाम (मप्र)।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में अपनी पत्नी को डाक से तीन पत्र भेजकर कथित तौर पर तीन तलाक देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि जोड़े ने नवंबर 2020 में शादी की और इसके तुरंत बाद महिला के ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था।

## देशभर में बदलाव की चल रही है आंधी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान आरंभ होने के बाद सोमवार को कहा कि जनता विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देशभर में बदलाव की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीट पर मतदान हो रहा है। इसमें रायबरेली लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है जहां से राहुल गांधी खुद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी हो गई है और भाजपा को हरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नफरत की राजनीति से ऊब चुका यह देश अब अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा-युवा नौकरी के लिए, किसान एमएसपी और कर्ज से मुक्ति के लिए, महिलाएं आर्थिक निर्भरता और सुरक्षा के लिए तथा मज़दूर वाजिब मेहनताने के लिए और देश में बदलाव लाने के लिए मतदान करने को आगे आया है।

## एक नजर

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से एक की मौत

**पुडुकोट्टई।** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के अथिपल्लम गांव में सोमवार को एक पटाखा फैक्टी में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आग संभवत: वेल्डिंग की चिंगारी के कारण लगी। दुर्घटना में जिस व्यक्ति की मौत हुई उसकी पहचान कार्तिक के रुप में की गई है। एक अन्य कर्मचारी को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन और बचाव सेवा के कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बिहार में गंगा में डूबने से पांच लोगों की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार को पांच युवक गंगा नदी में डूब गये जिनमें से सभी की उम्र 17 से 20 साल के बीच थी। चकिया थाना अध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी के अनुसार घटना सिमरिया घाट पर हुई जहां पास के गांव के निवासी मुंडन समारोह के बाद स्नान के लिए आए थे। इन लोगों के तेज धारा में बह जाने के बाद गोताखोरों की मदद से पांच लोग के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि देश में कार्यरत खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। अर्ध-खुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन के दौरान परिसर से बाहर काम करने और शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज के साथ आत्मसात करने और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए पेश किया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उल्लेख किया कि जेलों और कैदियों से संबंधित मामले में न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे वकील के. परमेश्वर ने कहा है कि केंद्र द्वारा एक आदर्श मसौदा नियमावली तैयार की गई है जिसमें खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम 'खुले सुधारात्मक संस्थान' किया गया है। पीठ ने 17 मई को पारित अपने आदेश में कहा-हम (केंद्रीय) गृह मंत्रालय को आदर्श जेल नियमावली, 2016 और आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के आने के बाद खुले सुधार संस्थानों के संबंध में हाल के घटनाक्रमों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि जयपुर में सांगानेर खुले शिविर का क्षेत्र कम करने का प्रस्ताव है। इसने कहा-हम निर्देश देते हैं कि संबंधित स्थलों पर कार्यरत खुले शिविरों/संस्थानों/जेलों के क्षेत्र में कटौती का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार और प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशानिर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के साथ साझा करें। संबंधित राज्यों में ऐसी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। पीठ ने मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दो जून को आत्मसमर्पण के बाद के लिए किया आवेदन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की सोमवार को मांग की।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष आवेदन दायर कर दो जून को आत्मसमर्पण करने पर केजरीवाल के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की और दावा किया कि उन्हें पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इस बीच, ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल और सह-अभियुक्त, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के खिलाफ मामले में मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने दोनों राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दायर अपने पूरक आरोप पत्रों के समर्थन में यह दलील दीं। न्यायाधीश आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बिंदु पर मंगलवार को भी ईडी की दलीलें सुनना जारी रखेंगी।

## भारत सेवाश्रम संघ पर टिप्पणी करने के लिए संत ने ममता बनर्जी को भेजा नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से मांफी मांगने को भी कहा है। ममता को कानूनी नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा-अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। एक आध्यात्मिक गुरु होने के नाते हम निजी आलोचना से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं। लेकिन उन्होंने (ममता ने) संगठन को अपमानित किया है, जो अस्वीकार्य है।

### यौन उत्पीड़न मामले में रेवन्ना की जमानत मंजूर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने हाई-प्रोफाइल यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका को सोमवार को मंजूरी दे दी।जद-एस नेता को पहले 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट से अंतरिम राहत मिली थी। आज के सत्र में, न्यायाधीश जे. प्रीत ने एसआईटी की ओर से उठायी गई आपत्तियों के बावजूद उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने का फैसला किया। होलेनरसीपुरा टाउन थाने में दर्ज मामले में श्री रेवन्ना और उनके बेटे, हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सहायिका के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

## केजरीवाल के विरूद्ध दीवार लेखन के पीछे भाजपा का हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आप नेता आतिशी ने साजिश रचने का लगाया आरोप



आम आदमी पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में मेट्रो ट्रेन के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध जो दीवार लेखन किया गया है उसके पीछे भाजपा का हाथ है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे पर चर्चा करने और ज्ञापन देने के लिए के लिए ई-मेल भेजकर समय मांगा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस मामले का संज्ञान लिया और इसकी जांच की जा रही है।

आप नेता आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा इस बात से घबरा गई है कि वह दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट हारने वाली है, इसलिए वह अलग-अलग तरह की साजिश रचकर केजरीवाल को निशाना बना रही है। आतिशी ने आरोप लगाया-उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कराया और फिर जब वह तिहाड़ जेल के अंदर बंद थे तो 15 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नहीं दिया गया, जिसके बाद हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब वह जेल से बाहर आ गए तो उन्हें निशाना बनाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन भाजपा की यह साजिश भी सफल न हो सकी क्योंकि वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि आप की राज्यसभा सदस्य पर हमले के आरोप झूठे हैं। उन्होंने दावा किया-अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है।

### केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप: भाजपा

वहीं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पुलिस और निर्वाचन आयोग से मुख्यमंत्री केजरीवाल की सुरक्षा को दोगुनी करने की अपील की है। इसी के साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए उन पर हमला करा सकती है। सचदेवा ने कहा कि आप मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हुए हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-केजरीवाल से मेरा एक ही सवाल है कि वह अपने घर में मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर कब अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांगा है।

